seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ७ दिन
माँ कालरात्रि
यह स्वरूप हमें नकारात्मक चीजों का त्याग करने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 55 ■ अंक : 284 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, शनिवार, 17 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

न्यूज इन ब्रीफ

सोना-चांदी के भाव में तेजी दर्ज हुई

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती और घरेलू मांग बढ़ने से शुक्रवार को भारतीय सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 876 रुपये बढ़कर 1,48,365 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं, चांदी 2,217 रुपये की तेजी के साथ 2,12,877 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची। त्योहारी मांग, निवेशकों की सक्रियता और औद्योगिक मांग से कीमती धातुओं को मजबूती मिल रही है।

ट्रक से चोरी 1.35 करोड़ रुपए बरामद

सिरोही। आबूरोड रीको थाना पुलिस ने ट्रक से भारी मात्रा में नकदी चोरी के मामले का 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 35 लाख रुपये बरामद किए हैं। मामले के अनुसार, फैक्ट्री मैनेजर ने चालक बंटी गहलोत को 2 करोड़ रुपये भुगतान के लिए दिए थे। मावल चेकपोस्ट के पास चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया था। जांच में ट्रक से 52.50 लाख रुपये मिले थे, जबकि शेष राशि गायब थी। फरार चालक की तलाश जारी है।

भ्रामक दावों पर तीन कंपनियों को नोटिस

नई दिल्ली। एफएसएसएआई ने राइस ब्रान तेल से जुड़े भ्रामक स्वास्थ्य दावों के मामले में जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया, बिगबास्केट और फ्लिपकार्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नियामक के अनुसार, उत्पाद के विज्ञापनों में कोलेस्ट्रॉल और हृदय स्वास्थ्य संबंधी ऐसे दावे किए गए, जो नियमों के अनुरूप नहीं थे। एफएसएसएआई ने संबंधित कंपनी की लाइसेंसिंग संबंधी अनियमितताओं पर भी कार्रवाई शुरू की है।

आक्रोश से घिरी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश में आक्रोश का माहौल है और युवा सड़कों पर उतर रहे हैं। पार्टी के संचार प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा है और सत्ता परिवर्तन चुनाव के जरिए होगा। उन्होंने प्रदर्शन से व्यापारियों को हो रहे नुकसान के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि आंदोलन पर इस पर सरकार का गुस्सा बता रहे है कि वह जाने वाली है। जनता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से सवाल पूछ रही है लेकिन जवाब भाजपा दे रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुस्सा क्यों आ रहा है?

डॉक्टर बना आठवीं पास व्यक्ति गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन कराने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जालोर निवासी नानजीराम चौधरी और सीकर निवासी पंकज यादव शामिल हैं। एसओजी के अनुसार, नानजीराम केवल आठवीं पास है। उसने फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों और एमबीबीएस डिग्री के आधार पर आरएमसी में पंजीयन कराया और रानीवाड़ा में 50 बेड का भास्कर अस्पताल संचालित करने लगा। जांच में सामने आया कि उसने कई ऑपरेशन भी किए। जांच में यह भी सामने आया कि नानजीराम पहले अस्पताल में पर्ची काटने का काम करता था। बाद में उसने उसी अस्पताल को खरीदकर उसका नाम बदल दिया और वर्ष 2023 में कथित मिलीभगत से डॉक्टर के रूप में पंजीयन करा लिया।

राजनीति ● पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- भारत में सत्ता परिवर्तन केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही संभव

धर्मेन्द्र प्रधान का राहुल गांधी पर हमला; छात्रों के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश

नई दिल्ली।

भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के नाम पर किए जा रहे प्रदर्शन देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक व्यवस्था को अस्थिर करने की सोची-समझी कोशिश है। धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, व्यवस्था सुधार और छात्रों के कल्याण के नाम पर शुरू किए गए आंदोलनों के पीछे छिपे उद्देश्य को अब देश समझ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि खुले तौर पर 'सत्ता परिवर्तन' की बातें करना और बांग्लादेश से प्रेरणा लेने का उल्लेख करना इस बात का संकेत है कि छात्रों की आड़ में देश में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।



विदेशी ताकतों के सहारे सत्ता का सपना नहीं होगा पूरा

भाजपा नेता ने कहा कि भारत में सत्ता का बदलाव केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनता के जनादेश से ही संभव है। उन्होंने प्रदर्शन में शामिल लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि विदेशी ताकतों के सहारे सत्ता हासिल करने का सपना देखने वाले तत्वों को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रधान ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब चुनावी प्रक्रिया से मनचाहे परिणाम नहीं मिलते, तब संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने इसे कांग्रेस की पुरानी लोकतंत्र विरोधी मानसिकता बताया।

बार-बार करते हैं जनादेश का अपमान

धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि वे बार-बार जनता के जनादेश का अपमान करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी को 'संविधान लेकर चलने वाला लेकिन संविधान विरोधी चेहरा' बताते हुए आरोप लगाया कि वे राजनीतिक स्वार्थ के कारण संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता राहुल गांधी को कई बार नकार चुकी है और लोकतंत्र में अंतिम निर्णय देश की जनता ही करती है। प्रधान ने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए, लेकिन देश की व्यवस्था को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष की सफाई ● पाकिस्तान के साथ खड़े होने की बात कभी सोच भी नहीं सकते

मदन राठौड़ के बयान पर सियासी घमासान, कांग्रेस ने साधा निशाना

जयपुर।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पाकिस्तान से जुड़े कथित बयान को



लेकर राजस्थान की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाती है। वहीं, मदन राठौड़ ने वीडियो को काट-छांटकर गलत संदर्भ में पेश करने का आरोप लगाते हुए सफाई दी है।

ज्ञातव्य है कि उनकी टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस तथा अन्य विरोधी दलों की ओर से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा की जमकर आलोचना की जा रही है।

कांग्रेस ने मांगी भाजपा से सफाई

कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने आरोप लगाया कि राठौड़ के बयान से भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपने प्रदेशाध्यक्ष के बयान से सहमत है या नहीं। उन्होंने राठौड़ से देश से माफी मांगने की मांग भी की। खाचरियावास ने कहा कि भारत ने 1971 के युद्ध में एकजुट होकर पाकिस्तान का मुकाबला किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राष्ट्रवाद की बात करती है, लेकिन उसके नेताओं के बयान अलग तस्वीर पेश करते हैं।

राठौड़ बोले- मेरे भाषण के वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई

मदन राठौड़ ने कहा कि उनकी टिप्पणी केवल क्रिकेट मुकाबले के संदर्भ में थी, लेकिन कुछ लोगों ने वीडियो के अंशों को तोड़-मरोड़कर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ खड़े होने की बात वह न कभी कह सकते हैं और न ही ऐसा सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैलाता है और जब तक वह आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ता, तब तक उसके प्रति कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। उन्होंने अपनी देशभक्ति का हवाला देते हुए कहा कि भारत-पाक युद्धों के दौरान वह सीमा पर जाकर सेना की मदद कर चुके हैं।

क्यों काटे गए नाम? घर-घर जाकर बताएगी भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा अगले सप्ताह से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है। पार्टी का उद्देश्य विपक्ष के दावों को भ्रामक बताते हुए जनता के सामने तथ्य रखना है। प्रस्तावित अभियान के तहत भाजपा के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क कर पार्टी का पक्ष रखने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। अभियान के जरिए चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका से जुड़े मुद्दों पर जनता को जानकारी दी जाएगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी 24 पन्नों का एक विस्तृत दस्तावेज तैयार कर रही है। इसमें कांग्रेस और विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों तथा आरोपों के जवाब शामिल होंगे। यह दस्तावेज पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए जनसंपर्क के दौरान संदर्भ सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

डेरा ब्यास के बाबा जसदीपसिंह आज लालपुरा में देंगे प्रवचन

दो दिवसीय सत्संग में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



राधास्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख हजूर जसदीप सिंह गिल के 17 व 18 अक्टूबर को सूरतगढ़ के नजदीक स्थित डेरा लालपुरा में रूहानी सत्संग फरमाने का कार्यक्रम निर्धारित है। 17 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे सत्संग होगा। सत्संग के उपरांत प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित होगा, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को दर्शन दिए जाएंगे। वहीं, 18 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे हजूर स्वयं रूहानी सत्संग फरमाएंगे।

इस अवसर पर डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदरसिंह जी के भी पधारने की संभावना व्यक्त की गई, लेकिन आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। विभिन्न सेवाओं से जुड़े सेवादार दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, लंगर, कैंटीन तथा साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए सेवादार मेहनत कर रहे हैं।

श्रीगंगानगर शहर के अलावा जिले भर से बसों की सेवा भी है, जिससे अनुयायी पहुंचेंगे। डेरा स्थल पर सुरक्षा, लंगर, कैंटीन, पंडाल, ट्रैफिक और साफ-सफाई सहित प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। है। दो दिवसीय रूहानी सत्संग कार्यक्रम में राजस्थान के अलावा पंजाब क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

सर्पदंश हत्याकांड में पत्नी और प्रेमी को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

मेरठ का चर्चित मामला; जज ने सावित्री-यमराज का उदाहरण देकर कहा-'अधर्म कभी धर्म पर विजय नहीं पा सकता'

मेरठ।

उत्तर प्रदेश के मेरठ के चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में अदालत ने मृतक अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप की पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर ने दोनों को हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष ने मामले में 12 गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्य पेश किए थे। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए कहा कि 'अधर्म कभी धर्म पर विजय नहीं पा सकता।' उन्होंने सावित्री-यमराज के प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में पत्नी पति के प्राणों की रक्षा का प्रतीक रही है, जबकि इस मामले में पत्नी ने ही पति की हत्या की साजिश रची।



प्रेम प्रसंग हत्या की वजह : पुलिस जांच में सामने आया कि रविता और अमरदीप के बीच प्रेम संबंध थे तथा अमित इसका विरोध करता था। दोनों ने 12 अप्रैल 2025 की रात उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और घटना को सर्पदंश साबित करने के लिए बिस्तर पर जिंदा सांप छोड़ दिया। जांच में वारदात से पहले दोनों के बीच 24 घंटे में 51 बार बातचीत होने का भी खुलासा हुआ। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोप-पत्र दाखिल किया, जिसके बाद अदालत ने दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई।

सांप के काटने से मौत का रचा नाटक

13 अप्रैल 2025 को अमित का शव उसके बिस्तर पर मिला था। शव के नीचे जिंदा घोड़ा पछाड़ सांप दबा हुआ था और शरीर पर सांप के काटने के निशान भी थे। शुरूआत में इसे सर्पदंश से हुई मौत माना गया, लेकिन पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि अमित की मौत गला, नाक और मुंह दबाकर दम घोंटने से हुई थी। उसकी हायॉइड हड्डी और थायरॉयड कार्टिलेज भी टूटे मिले।

दवा कंपनियों पर 10 हजार करोड़ रुपए का जुर्माना

नई दिल्ली।

दवाओं की अधिक कीमत वसूलने के मामलों में केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक दवा कंपनियों पर 10,029 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है, लेकिन इसमें से केवल 1,582.4 करोड़ रुपये ही वसूल हो पाए हैं। करीब 84 फीसदी यानी 8,447.4 करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं। कई बड़ी कंपनियों के मामले अदालतों और सरकारी प्रक्रियाओं में लंबित होने के कारण वसूली में देरी हो रही है।

इलाज के दौरान मरीजों को दवाओं की कीमत में भी आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। हाल में उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में जांच के दौरान कई दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमत खरीद मूल्य से कई गुना अधिक पाई गई। उत्तर प्रदेश में कुछ दवाएं खरीद कीमत से 67 गुना तक महंगी बेची गईं, जबकि कर्नाटक में यह अंतर 52 गुना तक मिला।

कांग्रेस अस्थिरता पैदा करना चाहती है : राजनाथ सिंह

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के जरिए देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध



केवल चुनाव आयोग या मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर सरकार को सत्ता से हटाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता परिवर्तन के लिए हिंसा का सहारा लेने वाला बांग्लादेश मॉडल अपनाना चाहती है। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए चुनाव आयोग को अपने प्रभाव में रखने का आरोप भी लगाया।



प्रवासी संवाद ● सस्ती जमीन, बिजली और बेहतर संसाधन निवेश के लिए बड़ी ताकत

राजस्थान में निवेश के अवसरों की भरमार : सीएम

जयपुर।

राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने और प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश में बसे राजस्थानियों से प्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ प्रदेश है। यहां सस्ती जमीन, सस्ती बिजली और बेहतर संसाधन निवेशकों के लिए बड़ी ताकत हैं। होटल, रिजॉर्ट, कृषि, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मसालों की महक अब दुनिया के कई देशों तक पहुंच रही है। जीरा, सौंफ, मेथी, तिलहन और दलहन जैसी कृषि उपज प्रदेश को नई पहचान दिला रही हैं।



समारोह में डिप्टी सीएम बैरवा, सीएम शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी

संस्कृति और विरासत से जुड़ने की अपील

मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से परिवार सहित प्रदेश आने का आग्रह किया, ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत से जुड़ी रह सके। विभिन्न देशों और शहरों से जुड़े प्रवासी प्रतिनिधियों ने राजस्थान में निवेश की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने राजस्थान फाउंडेशन के 11 नए चैप्टर शुरू करने की घोषणा की, जिससे इनकी संख्या 40 से बढ़कर 51 हो जाएगी। उन्होंने शेखावाटी की हवेलियों को प्रदेश की अनमोल विरासत बताते हुए इनके संरक्षण पर जोर दिया। क्षेत्र की 662 हवेलियों को चिह्नित किया गया है। 8 दिसंबर को शेखावाटी हेरिटेज मीट आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया जाएगा।

35 लाख करोड़ के एमओयू में 9 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से प्रदेश और प्रवासी राजस्थानियों के बीच नए अवसर बने हैं। निवेश को लेकर हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से करीब 9 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश बिजली उत्पादन में मजबूत स्थिति में है और अन्य राज्यों को भी बिजली उपलब्ध करा रहा है।

एक लाख से अधिक की खरीदारी पर कैशबैक जीतने का मौका, बढ़ा उत्साह

न्यूलाइट ज्वैलर्स का 'स्पिन एंड विन' ऑफर बना ग्राहकों की पसंद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान न्यूलाइट ज्वैलर्स, 85 जवाहर मार्केट ने त्योहारी और विवाह सीजन को देखते हुए ग्राहकों के लिए विशेष 'स्पिन एंड विन' ऑफर शुरू किया है। इस आकर्षक योजना को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिष्ठान की ओर से ग्राहकों को आभूषण खरीदारी के साथ अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। न्यूलाइट ज्वैलर्स के संचालक एमपी सिंह ने बताया कि इस ऑफर के तहत एक लाख रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को स्पिन व्हील घुमाकर निश्चित कैशबैक जीतने का अवसर दिया जा रहा है। खरीदारी की राशि बढ़ने के साथ ग्राहकों को कैशबैक जीतने के अधिक अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान हमेशा से ग्राहकों को शुद्ध सोने-चांदी के आभूषण के साथ ही आकर्षक नवीनतम डिजाइन और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है। इस विशेष योजना के माध्यम से ग्राहक अपनी पसंद के आभूषण खरीदने के साथ-साथ कैशबैक का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। एमपी सिंह के अनुसार, हाल ही में कई ग्राहकों ने इस योजना का लाभ उठाते हुए आकर्षक कैशबैक जीता है। कुछ ग्राहकों को 80 हजार रुपये तक का कैशबैक भी प्राप्त हुआ है। नवरात्रि, दीपावली और आगामी विवाह सीजन को देखते हुए न्यूलाइट ज्वैलर्स के इस ऑफर को ग्राहकों का अच्छा लाभ मिल रहा है। प्रतिष्ठान में योजना से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि ग्राहक खरीदारी के साथ इस विशेष अवसर का लाभ उठा सकें।

बीडीआईएस के बच्चों ने दिया अच्छाई का सन्देश

रिमोट कंट्रोल से हाइटेक रावण दहन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की रोबोटिक्स टीम ने तकनीक का प्रदर्शन करते हुए करीब 22 फीट ऊंचे रावण का निर्माण किया, जिसका रिमोट कंट्रोल से दहन किया गया। विद्यालय ने दावा किया कि श्रीगंगानगर में पहली बार हाइटेक रावण दहन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में संक्षिप्त रामलीला प्रस्तुत की और डांडिया खेलकर उत्सव का आनंद लिया। शिक्षकों के लिए भी डांडिया महोत्सव आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई का त्याग कर अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सोहन लाल सिहाग, सचिव अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन एवं प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यशाला



श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की इकाई राउमावि मल्टीपर्पज में यूथ लेड एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज और मिशन लाइफ-लाइफस्टाइल फॉर इनवायरमेंट के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में पीपीटी के माध्यम से जागरूक किया। रेखा राम ने स्काउट्स गाइड्स को बताया कि प्लास्टिक की बोतल, थैली और स्ट्रॉ धरती में 500 साल तक नहीं गलते और समुद्री जीवों की मौत का कारण बनते हैं। वीडियो के माध्यम से दिखाया गया कि कैसे एक प्लास्टिक थैली 1000 साल तक मिट्टी को नुकसान पहुंचाती है। इस दौरान स्काउट्स ने भी कपड़े के बैग का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का सुझाव दिया रोवर मनोज और आकाश ने भी संबोधित किया।



सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 3 17 अक्टूबर

सीमा सन्देश

50 का माल, 55 का दाम? हॉर्सपावर के खेल में न फंसें –बिल में असली एचपी लिखवाकर ही खरीदें ट्रैक्टर

सीमा सन्देश संवाददाता # श्रीगंगानगर। ट्रैक्टर की कीमत सबसे ज्यादा उसकी ताकत यानी हॉर्सपावर (एचपी) से तय होती है। हर पांच एचपी पर दाम में हजारों का फर्क आ जाता है। किसानों की शिकायत है कि शोरूम में '45 एचपी कैटेगरी' कहकर ट्रैक्टर बेचा जाता है, जबकि कागजों में उसकी असली ताकत कम निकलती है। खेत में जब ट्रैक्टर भारी औजार नहीं खींच पाता, तब किसान को समझ आता है कि उसने ज्यादा एचपी के पैसे दिए थे।

कागज ही असली सबूत

ट्रैक्टर की असली ताकत की पुष्टि तीन कागजों से होती है

कंपनी का आधिकारिक ब्रोशर या वेबसाइट, बिल, और आरसी। तीनों में मॉडल, वेरिएंट और इंजन का विवरण एक जैसा होना चाहिए। बिल में मॉडल का पूरा नाम, वेरिएंट, एचपी, इंजन नंबर और चेसिस नंबर साफ लिखवाएं। आरसी बनने पर उसका विवरण



बिल से मिलाएं। अगर शोरूम पर बताया गया एचपी कागजों से मेल न खाए, तो सौदा पक्का करने से पहले लिखित में जवाब मांगें। बाद में शिकायत करनी पड़े, तो यही कागज आपका सबसे बड़ा सबूत होंगे।

जरूरत भी देखें

हर खेत को सबसे बड़े ट्रैक्टर की जरूरत नहीं होती। अपनी जमीन, मिट्टी और औजारों के हिसाब से सही एचपी चुनें, ताकि डीजल और किश्त दोनों का बोझ बेवजह न बढ़े।

'कैटेगरी' का भ्रम

कई ट्रैक्टरों के ब्रोशर और शोरूम बोर्ड पर एचपी की एक रेंज लिखी होती है, जैसे '41 से 45 एचपी कैटेगरी'। किसान ऊपरी आंकड़ा याद रखता है और उसी हिसाब से दाम चुकाता है। पर ट्रैक्टर की असली क्षमता कंपनी के तकनीकी विवरण में दर्ज होती है, जो रेंज के निचले हिस्से में भी हो सकती है।

एक और बात समझना जरूरी है: इंजन की ताकत और खेत में औजार चलाने वाली ताकत (पीटीओ एचपी) अलग-अलग होती हैं। रोटावेटर, थ्रेशर या हैरो जैसे औजार पीटीओ से चलते हैं, इसलिए खरीदते समय पीटीओ एचपी भी पूछें।

सतर्कता और सावधानी जरूरी

कृषि जोत के क्षेत्र के अनुसार ही किसान ज्यादा या कम क्षमता का ट्रेक्टर खरीदते हैं। इसमें हालांकि हर ट्रेक्टर पर ट्रेक्टर की क्षमता यानि हॉर्स पॉवर कंपनी की ओर से अंकित होता है। इसलिए भ्रम की स्थिति आमतौर पर नहीं रहती। साथ ही ट्रेक्टर विक्रेता या डीलर भी हॉर्स पावर कम ज्यादा नहीं कर सकते।



ट्रेक्टर की जितनी हॉर्स पॉवर कंपनी की ओर से बिल या दस्तावेजों में लिखी होती है उससे अमूमन कुछ कम ही होती है। उस क्षमता का पता तो केवल ट्रेक्टर का बिजाई या भार की खिंचाई करने के बाद ही चल पाता है। ट्रेक्टर सही हॉर्स पॉवर का है यह जानने के लिए उसकी ट्राई ली जानी चाहिए। ट्रैक्टर की हॉर्स पावर किसान की जरूरत के मुताबिक ही तय होती है। जैसे सामान्य बिजाई के लिए कम हॉर्स पावर के ट्रेक्टर से काम चल जाता है।

-सतपाल, मिस्त्री ट्रेक्टर
श्रीगंगानगर

मॉडल के अनुसार ईंजन की क्षमता

ट्रैक्टर कम्पनी जब ट्रैक्टर और मॉडल का निर्माण करती है, उस



दौरान उसके मॉडल के हिसाब से इंजन की पावर क्षमता यानी हॉर्सपावर का भी चयन कर लिया जाता है। ट्रेक्टर के प्रत्येक मॉडल का उसके ईंजन की क्षमता पर आधारित होता है। इतना ही नहीं जब इसका जिला परिवहन कार्यालय में पंजीयन करवाया जाता है उसमें भी इसके इंजन की पावर सहित अन्य सामान्य जानकारी होती है। आपको कौनसा मॉडल चाहिए यह आपकी जरूरत पर निर्भर करता है। शोरूम या ब्रोकर आपको किसी और हॉर्स पावर का ट्रैक्टर बोल कर उसकी जगह अन्य क्षमता वाला दे, ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि पूरी जानकारी उसके कागजों में अंकित होती है। **- जसकरण सिंह सुन्दरपुरा, प्रो.न्यू विश्वकर्मा ऑटो मोबाइल**

शोरूम पर पूछें ये 4 सवाल

1. 'कैटेगरी' नहीं, इस मॉडल का असली इंजन एचपी कितना है?
2. पीटीओ एचपी कितना है?
3. इंजन की क्षमता (सीसी) और सिलेंडर कितने हैं?
4. क्या बिल में यही एचपी, मॉडल और वेरिएंट लिखा जाएगा?

तीन कागज, एक जैसा विवरण

- कंपनी का ब्रोशर / वेबसाइट
- बिल (टैक्स इनवॉइस)
- आरसी
- तीनों में फर्क दिखे, तो चाबी लेने से पहले रुकें।

जितना एचपी, उतना ही दाम - और वही एचपी बिल में दर्ज हो।

कल · 18 अक्टूबर
"मॉडल बदला, दाम वही"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

दशहरे तक चाण्डक कोठी के पास पैचवर्क पूरा करने का लक्ष्य, दीपावली से पहले चमकेगा गोल बाजार

बाबा रामदेव मंदिर–गणगौर नगर और सुखाड़िया सर्किल से धानमण्डी गेट मार्ग का होगा सीसी निर्माण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहरवासियों के लिए आखिरकार राहत भरी खबर सामने आ गई है। लंबे समय से जर्जर हाल सड़कों और गड्ढों से जूझ रहे शहरवासियों को अब जल्द ही सुगम और सुरक्षित यातायात की सौगात मिलने वाली है। सबसे पहले चाण्डक कोठी के पास लंबे समय से अधूरे पड़े सड़क के करीब 100 मीटर हिस्से का निर्माण किया जा रहा है। इस काम को दशहरे से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद गोल बाजार क्षेत्र सहित शहर के अन्य हिस्सों की सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। नगर परिषद के अनुसार दीपावली से पहले शहर की प्रमुख क्षतिग्रस्त सड़कों का कायाकल्प करने की योजना है। इधर, बाबा रामदेव मंदिर के सामने से गणगौर नगर को जोड़ने वाली सड़क और सुखाड़िया सर्किल से धानमंडी गेट तक जाने वाली सड़क का निर्माण अब डामर की जगह सीसी से होगा। पहले नगर परिषद इन सड़कों को डामर से बनवाने की तैयारी कर रही थी, लेकिन ये सड़कें यूआईटी क्षेत्र में आने के कारण यूआईटी ने सीसी सड़क निर्माण की मंजूरी दे दी है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

सबसे पहले कहां होगा काम

नगर परिषद निर्माण शाखा के अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार शहर की टूटी सड़कों को सुधारने के लिए पेचवर्क का काम औपचारिक तौर पर शुरू कर दिया गया है। समाजसेवी चाण्डक के घर के पास का वह हिस्सा जो पिछले काफी समय से अत्यधिक क्षतिग्रस्त था, उसकी मरम्मत का काम सबसे पहले शुरू किया गया है। चाण्डक कोठी से रमेश चौक तक सड़क का निर्माण पहले ही हो चुका है, लेकिन चाण्डक कोठी से सुखाड़िया सर्किल की ओर आने वाला करीब 100 मीटर का टुकड़ा लंबे समय से अधरझूल में था। इस हिस्से पर काम शुरू हो चुका है और इसे दशहरे तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी मिली है सभापति का पदभार संभालते ही अजय कुमार ने निर्माण शाखा के अधिकारियों को बुलाकर शहर में सबसे पहले इसी सड़क को सही करने के निर्देश दिए थे।

दीपावली से पहले इन इलाकों का होगा कायापलट

कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जान्दू ने बताया कि दशहरे के बाद चरणबद्ध तरीके से शहर के अन्य क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। इसके तहत चाण्डक कोठी रोड के बाद गोल बाजार क्षेत्र की सड़कों को चमकाया जाएगा। इसके अलावा सुखाड़िया सर्किल के चारों ओर का क्षेत्र, रोजिला होटल वाली गली, कोतवाली से सिविल लाइन्स रोड और सभी प्रमुख मार्गों सहित शहर की अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों का दीपावली से पूर्व कायाकल्प कर दिया जाएगा।

यूआईटी ने दी मंजूरी: दो प्रमुख मार्गों पर बनेगी सीसी सड़क

पहले नगरपरिषद की ओर से इन दोनों मार्गों पर डामर की सड़क बनाई जानी थी, लेकिन क्षेत्र यूआईटी (नगर विकास न्यास) के अंतर्गत आने के कारण यूआईटी ने इस पर नया फैसला लिया है। अब इन दोनों महत्वपूर्ण रूटों पर डामर के बजाय टिकाऊ सीसी सड़क बनाई जाएगी, जिसके लिए यूआईटी की ओर से टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। नगरपरिषद के कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जान्दू ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा रामदेव मंदिर के सामने से गणगौर नगर को जोड़ने वाली सड़क और सुखाड़िया सर्किल से धानमण्डी गेट को जोड़ने वाली इन दोनों महत्वपूर्ण रास्तों पर सीसी सड़क का निर्माण होगा, जिससे आवागमन करने वाले हजारों वाहन चालकों को गड्ढों से स्थाई मुक्ति मिलेगी।

सरकार ने भी दिया राहत पैकेज, अटके काम पूरे होंगे

नगरपरिषद से मिली जानकारी अनुसार शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए करीब ढाई करोड़ (2.50 करोड़) रुपए के वर्क ऑर्डर कई महीने पहले ही जारी हो चुके थे, लेकिन किन्हीं कारणों से काम रुका हुआ था। इसे लेकर नगरपरिषद सभापति ने पहले ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी भी दी थी, जिसके बाद ठेकेदारों ने मुलाकात कर कार्य न हो पाने की असल वजह से अवगत कराया था। जानकारी अनुसार अमेरिका-ईरान युद्ध के असर के चलते बिटुमिन (डामर) और अन्य सड़क निर्माण सामग्री के दाम आसमान छूने लगे थे। पूर्व में टेंडर कम दरों पर स्वीकृत हुए थे, लेकिन युद्ध के बाद अचानक सामग्री महंगी होने से ठेकेदार घाटे के डर से काम शुरू नहीं कर पा रहे थे। गुरवार को राज्य सरकार ने पूर्व और वर्तमान दरों के अंतर (डिफरेंस) का भुगतान करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से अब न केवल श्रीगंगानगर बल्कि पूरे प्रदेश में अटके पड़े सड़कों के रख-रखाव और निर्माण कार्यों की राह आसान हो गई है।

श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा का रस्म उठाला कल



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पूर्व मंत्री राधेश्याम गंगानगर रोड स्थित फूडीज कॉर्नर के संचालक निखिल व निपुण अनेजा की दादी तथा स्व. हरबंस लाल अनेजा की पत्नी श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा (92 वर्ष) के देवलोकगमन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए अमृतवाणी पाठ और रस्म उठाला 18 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक मुकेश ऑडिटोरियम श्रीगंगानगर में आयोजित होगा। इनका निवास स्थान 173, गांधीनगर गली नंबर 5 है। श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा राकेश कुमार, रवि, दीपक अनेजा और सविता सेतिया की माताजी थीं। सीमासन्देश परिवार ने श्रीमती कृष्णा देवी अनेजा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में 'फिट यूथ, एडिक्शन फ्री यूथ' कार्यक्रम



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

स्थानीय अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में विकसित भारत-नशा मुक्त अभियान संकल्प कार्यक्रम के तहत 'फिट यूथ, एडिक्शन फ्री यूथ (नशा मुक्त युवा)' विषय पर विभिन्न जागरूकता एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की प्रभारी जया ज्याणी, सुनीता एवं प्रियंका ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने, आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. पिंकी गुप्ता के निर्देशन में योग सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता में छात्राओं ने नशामुक्त समाज और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। प्रतियोगिता में टीना कौरी (बीए सेमेस्टर पंचम) एवं आंचल (बीए सेमेस्टर प्रथम) संयुक्त रूप से प्रथम, जबकि सिमरन, नीशू और पायल (बीए सेमेस्टर प्रथम) द्वितीय रहीं। परिणाम सीताराम, डॉ. संजय भाटी, प्रतिमा टाक एवं जसप्रीत कौर ने घोषित किए। ब्लैक एवं सूमो स्केट प्रतियोगिता में वानिया ने प्रथम तथा अर्शदीप कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सरला सिंगला ने छात्राओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन किरण मिश्रा एवं अलीशा खुसीर्जा ने किया, जबकि पारूल योगी ने कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो जियो टैग के माध्यम से अपलोड की।

आज बिजली बंद रहेगी: सूरतगढ़। आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते दो फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में शनिवार सुबह 8 से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम के सहायक अभियंता वरुण भुवांल के अनुसार सैनी गार्डन फीडर से जुड़े सैनी मोहल्ला, धानका मोहल्लाव जगदम्बा रामलीला क्लब तथा स्टेडियम जीएसएस के नगरपालिका पम्प फीडर से जुड़े एसडीडी कॉलोनी, आशियाना कॉलोनी, वार्ड नं. 4, डिग्री कॉलेज के पीछे का क्षेत्र, चुना रोड पर भी प्रभावित रहेगा।

महाविद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



श्रीगंगानगर। सेठ जी.एल. बिहाणी सनातन धर्म तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पूजा-पाठ एवं हवन के साथ किया गया। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने हवन में आहुतियां देकर सत्र की सफलता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य संजीव ठक्कर ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में प्रसाद वितरण के बाद महाविद्यालय में नए सत्र की गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ हुआ।

बालाराजपुरा: परिवार के जमीनी विवाद में ट्रैक्टर जले

सीमा सन्देश # बालाराजपुरा। गांव में एक परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। यह विवाद इतना बढ़ गया कि बात आगजनी तक पहुंच गई। जमीन का यह विवाद चचेरे भाइयों में चल रहा है। अब इस मामले में टकराव की नौबत आ गई। दो पक्षों में हुए टकराव से कुछ लोगों को चोट भी लगी है। विवाद के बीच ट्रैक्टर्स आग की चपेट में आ गए। बताते हैं कि दो ट्रैक्टर्स को आग लगा दी गई। घटना की सूचना मिलने पर गजसिंहपुर और पदमपुर क्षेत्र से पुलिस भी पहुंची। गजसिंहपुर नगरपालिका से दमकल यहां पहुंची और आग को बुझाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। जानकारी के अनुसार गांव में भादरराम तरड़ के पुत्र चंद्रभान, छोटे भाई कृष्ण और हरपाल का कुछ समय से विवाद चल रहा है।

गांवों में पुलिस जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

चूनावढ़। पंचायत चुनाव 2026 के मद्देनजर शुक्रवार शाम को चूनावढ़ थाना पुलिस ने मुख्य बाजार सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। चुनाव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च में 100 से अधिक पुलिस जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च में ग्रामीण सीओ भूपेंद्र सोनी, थाना प्रभारी सीआई संजय सिंह राठौड़, एएसआई कृष्ण चन्द्र, एएसआई विनोद कुमार सहित पुलिस थाना स्टाफ मौजूद रहा। ततारसर, नेतेवाला, महियांवाली, 8 एलएल, 8 एचएच, दानेरांवाला और 9 एमएल लठावाली सहित थाना क्षेत्र के अन्य गांवों में भी फ्लैग मार्च निकाला गया।



मौसम

अधिकतम 31.2° | न्यूनतम 19.1°

आर्द्रता

सुबह 91% | शाम 60%

विंड स्पीड

8-12KM/h

आज का सूर्यास्त

06:02PM

कल का सूर्योदय

06:38AM

आंशिक बादलवाही

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,47,180

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,36,120

चांदी (प्रति किलो) ₹2,12,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

बठिंडा-श्रीगंगानगर ट्रेन इलेक्ट्रिक इंजन से

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। रेलवे द्वारा रेल परिचालन को अधिक आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बठिंडा-श्रीगंगानगर-बठिंडा रेलसेवा का संचालन अब पूरे मार्ग पर इलेक्ट्रिक इंजन से किया जाएगा। गाड़ी संख्या 14527/14528 बठिंडा-गंगानगर-बठिंडा रेलसेवा 18 अक्टूबर से अपने संपूर्ण मार्ग पर इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी। इलेक्ट्रिक इंजन मिलने से गाड़ी रफ्तार में बढोतरी होगी। इससे यात्रियों को सफर में समय बचेगा और रेलवे को राजस्व का लाभ होगा।

गारमेंट्स प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार गारमेंट एवं टेक्सटाइल सेक्टर में उपभोक्ता हितों के संरक्षण और विधिक माप विज्ञान नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जॉकी स्टोर एवं वन हुसैन स्टोर की जांच में सभी प्रावधानों का संतोषजनक अनुपालन पाया गया तथा कोई अनियमितता नहीं मिली। यह जानकारी विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित चौधरी ने दी।

पूर्व सैनिकों के लिए शिविर 22 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले में भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाओं के लिये पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 22 अक्टूबर को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक नगरपालिका परिसर पीलीबंगा एवं दोपहर 11.30 से 1 बजे तक सिंह सभा गुरूद्वारा सूरतगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बेनीवाल ने बताया कि इच्छुक भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते में जुड़ा हुआ है साथ लेकर आएं।

प्रशिक्षण के लिए डीएवी का अधिग्रहण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के अंतर्गत मतदान दलों के प्रथम प्रायोगिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण देने के लिये डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीगंगानगर का अधिग्रहण किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव के अंतर्गत जिले की समस्त पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्र सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, करणपुर, पदमपुर, सूरतगढ़, रायसिंहनगर, अनूपगढ़, विजयनगर एवं घडसाना के मतदान दलों के प्रथम प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण के लिये डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीगंगानगर के कमरा नम्बर 1 से 10, मेन हॉल, कमरों के सामने का लोन एवं पार्किंग तक 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक के लिए अधिग्रहित किया गया है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पारदर्शिता के लिए घर-घर सत्यापन अभियान शुरू

जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में अपात्रों को हटाने और पात्रों को जोड़ने की कार्रवाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पारदर्शिता करने और अपात्र लाभार्थियों को सूची से हटाने के लिए रसद विभाग की ओर से श्रीकरणपुर व केसरीसिहपुर नगरपालिका क्षेत्र में सघन डोर-टू-डोर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत श्रीकरणपुर वार्ड 3, 4, 8 और केसरीसिंहपुर के वार्ड 7 और 11 खाद्य सुरक्षा से जुडे लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान समझाइस के बाद 17 लोगों के द्वारा स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप आवेदन किया गया।

अभियान में जिला रसद अधिकारी श्रीमती पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में अमित चौधरी प्रवर्तन अधिकारी के द्वारा स्थानीय उचित मूल्य दुकानदारों के साथ घर-घर जाकर सर्वे किया गया। खाद्य विभाग के आदेशानुसार माह अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक शहरी निकायों में विशेष सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सूची से अपात्र परिवारों को हटाना और योजना से वंचित पात्र जरूरतमंद परिवारों को सूची में शामिल करना है।

जिला रसद अधिकारी श्रीमती कविता सिहाग ने बताया कि अपात्र लाभार्थियों की ओर से स्वयं नाम नहीं हटवाने पर नियमानुसार खाद्य सुरक्षा योजना से बाहर करने की कारवाई की जाएगी। जिला रसद अधिकारी ने नागरिकों से सर्वे टीम का सहयोग करने व संपन्न परिवारों से तथा योजना का अनुचित लाभ ले रहे परिवारों से स्वेच्छा से नाम हटवाने की अपील की है ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके।

चुनाव कार्य के लिए कॉलेज अधिग्रहीत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के अंतर्गत चुनाव से संबंधित कार्यों, बैग तैयार करने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर के विज्ञान भवन का अधिग्रहण किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव के अंतर्गत जिले की समस्त पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्र सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, करणपुर, पदमपुर, सूरतगढ़, रायसिंहनगर, अनूपगढ़, विजयनगर एवं घडसाना के मतदान दलों के लिये बैग तैयार करने हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर के विज्ञान भवन का अधिग्रहण किया गया है।

खेल और योग को विद्यार्थी जीवन का हिस्सा बनाएं : कमांडेंट



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। उत्तम स्वास्थ्य ही व्यक्ति का सच्चा धन होता है। स्वस्थ रहने के लिए विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए तथा योग एवं शारीरिक व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह बात बीएसएफ की 48वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेश कुमार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंदुमलकोट में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अनुशासित जीवन अपनाने और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के तहत सीमा से सटे छह गांवों के राजकीय विद्यालयों को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार कंप्यूटर, अलमारी, कुर्सियां, फर्नीचर एवं खेल सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कोठा विद्यालय के विद्यार्थियों ने शारीरिक कला एवं समन्वय का प्रदर्शन करते हुए पिरामिड प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट महेशचंद सेठी, सूबेदार मेजर रविंद्र कुमार सिंह, जी ब्रांच इंस्पेक्टर लोकेन्द्र सिंह सहित जवान उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अमरदीप कौर ने कहा कि बीएसएफ जवानों की सतर्कता के कारण सीमावर्ती क्षेत्र के लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कमांडेंट सुरेश कुमार को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर अखिलेशचंद्र ने किया। इस दौरान ग्रामीण बैंक प्रतिनिधि निशा चौधरी, एएसआई मालचंद, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

पुरानी आबादी में अमृत 2.0 की धीमी रफ्तार; विधायक बिहाणी और सभापति दावड़ा ने देखी जमीनी हकीकत

10 एमएलडी एसटीपी प्लांट और खड्डों व नालों की सफाई के सख्त निर्देश, सीवरेज कार्य से उखड़ी सड़कें होंगी सही

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर शहर के पुरानी आबादी क्षेत्र में आगामी वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में शुक्रवार को विधायक जयदीप बिहानी और नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा ने पुरानी आबादी क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। दौरे की शुरूआत में विधायक जयदीप बिहानी और सभापति अजय दावड़ा ने पुरानी आबादी क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) परिसर पहुंचकर निमार्णाधीन 10 एमएलडी क्षमता के प्लांट का भौतिक निरीक्षण किया। विधायक श्री बिहानी ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से अब तक हुए कार्यों की रिपोर्ट ली। उन्होंने काम की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि 10 एमएलडी प्लांट का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर और उच्च गुणवत्ता के मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी आबादी क्षेत्र में बरसात के वक्त जलभराव से आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खड्डों और नालों की डिसिल्टिंग के निर्देश

जल निकासी व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए विधायक ने नगर परिषद आयुक्त और अधिशासी अभियंता को पुरानी आबादी क्षेत्र के खड्डों और नालों की तुरंत डिसिल्टिंग (गाद निकालने) करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालों की सफाई होना अनिवार्य है ताकि पानी की निकासी में कोई रुकावट न आए। नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा ने निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को हिदायत दी कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। इस दौरान वार्ड पार्षद बंटी वाल्मीकि, नगर परिषद आयुक्त मिल्खराज चुग, कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जांदू, अधिशासी अभियंता मंगत राय सेतिया सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी, निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

75 गुणा 75 में पार्क भी बनाएंगे

एसटीपी बनाने वाली कम्पनी ने जगह तो ले ली परन्तु गड्ढे की डिसिल्टिंग नहीं करवाई। ऐसे में जगह कम होने से नालियां ओवरफ्लो हो रही है। कंपनी को डिसिल्टिंग करने के निर्देश दिए है। इस पर अमल शुरू हो गया है। एसटीपी बनने के बाद जो जगह बचेगी वहा 75×75 में पार्क, चौकीदार के लिए कमरा भी बनाया जाएगा। इसकी डीपीआर के निर्देश दिए हैं। डिसिल्टिंग के बाद पानी ज्यादा एकत्र होगा। इस पानी को मोटर के जरिये आगे भेज दिया जाएगा। जल्द से जल्द काम पुरा करने का प्रयास किया जाएगा। - **अजय कुमार दावड़ा, सभापति**

विधायक बिहाणी व सभापति अजय दावड़ा का अभिनंदन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन द्वारा बृहस्पतिवार को जी ब्लॉक स्थित भगत सिंह पार्क में विधायक जयदीप बिहाणी तथा नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति अजय दावड़ा का स्वागत अभिनंदन किया गया। अवसर पर सफाई कर्मचारी यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल, पार्षद सुशील वर्मा, पार्षद अमन प्रदीप सिंह नन्नी, श्रवण सारसर, दीपक चांवरीया, सुनील भाटिया, आर्यन भारती, अभिषेक घारु, संजय सरवटा, सिकंदर टाक, सिकंदर भाटिया, नीरज वाल्मीकि, पवन सोनी सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे। यूनियन ने विधायक तथा सभापति के समक्ष सफाई कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों सहित कर्मचारियों की अन्य समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उमेश वाल्मीकि तथा अनिल धारीवाल ने विधायक बिहाणी व सभापति दावड़ा को शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त तथा प्रभावी बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों की ओर से नगर परिषद प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया।

पेड़ों की छंटाई के लिए नगर परिषद देगी एक हजार रुपए

मोहल्ला सुधार समिति के पदाधिकारियों की बैठक, दिहाड़ी पर होगा छंटाई का काम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहर के पार्कों की व्यवस्था सुधारने और उन्हें स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद सभापति अजय दावड़ा ने मोहल्ला सुधार समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पार्कों में पेड़ों की छंटाई सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्कों के रखरखाव और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभापति अजय दावड़ा ने बताया कि शहर के प्रत्येक पार्क में पेड़ों की छंटाई के लिए नगर परिषद की ओर से एक हजार रुपये दिए जाएंगे। इस बार छंटाई का कार्य ठेके पर करवाने के बजाय दिहाड़ी के आधार पर करवाया जाएगा, ताकि काम व्यवस्थित तरीके से हो सके। उन्होंने बताया कि बड़े पेड़ों की छंटाई के लिए नगर परिषद की ओर से मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं, 10 फीट तक के छोटे पेड़ों की छंटाई संबंधित मोहल्ला सुधार समिति को अपने स्तर पर करवानी होगी। छंटाई के दौरान निकलने वाली लकड़ियों को समिति अपने पास रख सकती है या फिर श्मशान घाट में दे सकती है। इसकी जिम्मेदारी संबंधित समिति की होगी। उन्होंने मोहल्ला सुधार समितियों से भी पार्कों के रखरखाव में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

बैठक में मौजूद समिति पदाधिकारियों ने नगर परिषद के निर्णयों पर सहमति जताई।

कला मंच की काव्य गोष्ठी कल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गंगानगर कला मंच की मासिक काव्य गोष्ठी 18 अक्टूबर, रविवार को प्रातः 10.30 बजे गगन पथ जवाहरनगर स्थित अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाएगी। महासचिव ऋतु सिंह ने बताया कि अध्यक्षता मंच अध्यक्ष मनीराम सेतिया करेंगे। गोष्ठी में श्रीगंगानगर जिले के साहित्यकार व साहित्य प्रेमी विभिन्न सामाजिक व ज्वलंत मुद्दों पर अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मिठाई की दुकानों से सैम्पल भरे



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्वास्थ्य विभाग की एफएसओ मंजूबाला एवं नित्या शर्मा की टीम ने जस्सा सिंह मार्ग, पदमपुर रोड स्थित महादेव बीकानेर स्वीट होम का निरीक्षण किया और यहां से काजू कतली व बेसन की बर्फी के सैंपल लिए। वहीं, एफएसओ उर्मिला भादू व रेणु चौधरी ने 43 ब्लॉक स्थित हरि राम हलवाई के दुकान से रसगुल्ले एवं मावा बर्फी के सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग की ओर से मिठाई सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

नशे पर निगरानी बढ़ानी होगी : कलक्टर

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टरेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र बालिकाओं तक टीकाकरण का लाभ पहुंचाने तथा अभियान के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, निर्धारित मानकों की पालना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की स्क्रीनिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए जांच कार्य में तेजी लाने तथा पात्र लोगों की समय पर स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और उजाला क्लिनिक सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली एवं प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, संबंधित गतिविधियों की निगरानी रखने तथा आवश्यक सूचियां तैयार कर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

पालतू पशुओं का इस तरह करें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। घरों में कुत्ता, बिल्ली सहित अन्य पालतू पशु पालने वाले नागरिकों के लिए उनका रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य किया गया है।

जिला कलक्टर के निदेर्शानुसार नगर परिषद श्रीगंगानगर ने सभी पालतू पशु पालकों से स्वीकबड्डी.इन वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाने की अपील की है।

नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि पालतू पशुओं का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए नागरिकों को स्वीकबड्डी.इन वेबसाइट पर जाकर गेट स्टार्ट विकल्प चुनना होगा। इसके बाद पेट रजिस्ट्रेशन अप्लाई नाओ पर क्लिक कर जीमेल खाते के जरिए लॉगिन करना होगा। लॉगिन के बाद एड न्यू पेट विकल्प के माध्यम से पालतू पशु को जोड़ना होगा। इसके पश्चात रजिस्र्टड डक्यूमेंट चेकलिस्ट में आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लेकर प्रोटेक्ट ऑफ रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करना होगा।

आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां भरने और निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर अपने पालतू पशुओं का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

आयोजन ● स्वास्थ्य नशा मुक्ति का संदेश देने वाली इस मैराथन में विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार

श्रीगंगानगर स्थापना दिवस पर 25 को होगी गंगानगर मैराथन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीगंगानगर में गंगानगर मैराथन 2026 का आयोजन 25 अक्टूबर को किया जाएगा। फिटनेस, स्वास्थ्य और नशा मुक्ति का संदेश लेकर होने वाली इस मैराथन में शहरवासी, युवा और फिटनेस प्रेमी हिस्सा लेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उत्साहपूर्वक जारी है।

मैराथन का आयोजन फिट गंगानगर सोसायटी एवं माई लिमिटलेस रन क्लब की ओर से किया जा रहा है, जबकि जिला प्रशासन, श्रीगंगानगर का सहयोग रहेगा। आयोजन की थीम नशा मुक्त गंगानगर के लिए दौड़े रखी गई है।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मैराथन का आयोजन पुलिस लाइन, श्रीगंगानगर में होगा। प्रतिभागियों को सुबह 4:45 बजे रिपोर्ट करना होगा। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन सुबह 5:15 बजे, 10 किलोमीटर रन 5:45 बजे और 5 किलोमीटर रन सुबह 6:15 बजे शुरू होगी। इसके बाद सुबह 7 बजे फन रन आयोजित होगी, जिसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। 21 किलोमीटर के लिए 3 घंटे 30 मिनट, 10 किलोमीटर के लिए 1 घंटा 30 मिनट और 5 किलोमीटर के लिए 1 घंटे का कट-ऑफ समय निर्धारित किया गया है।

मैराथन में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। 21 किलोमीटर में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपए रहेगा। 10 किलोमीटर में क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 5,100 रुपए तथा 5 किलोमीटर में 11 हजार, 5,100 और 3,100 रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में कुल 18 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

मैराथन के लिए 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर का रजिस्ट्रेशन शुल्क 299 रुपए है। प्रतिभागियों को टी-शर्ट व मेडल दिए जाएंगे तथा टाइम्ड रेस में आरएफआईडी टाइमिंग की सुविधा रहेगी। बिब एक्सपो 24 अक्टूबर को पुलिस लाइन में दोपहर 2 से रात 9 बजे तक होगा। अभी तक 3 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं और इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण कर सकते हैं।

मैराथन में भाग लेने के लिये विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और श्रीगंगानगर निवासी मानव सुथार ने भी वीडियो संदेश के माध्यम से आमजन से मैराथन गंगानगर में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिये आह्वान किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि 25 अक्टूबर को श्रीगंगानगर में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हों और आयोजन को सफल बनाये।

श्रीगंगानगर में पंचायती राज चुनाव के दौरान रहेगा सूखा दिवस

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के दौरान श्रीगंगानगर जिले में तृतीय एवं चतुर्थ चरण में चुनाव सम्पन्न करवाये जाने हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिये तृतीय चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 1 नवम्बर को सायं 6 बजे से 3 नवम्बर को सायं 6 बजे तक एवं चतुर्थ चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 12 नवम्बर को सायं 6 बजे से 14 नवम्बर को सायं 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा।

इसी प्रकार पंच एवं सरपंच पद के चुनाव के लिए तृतीय चरण में जहां चुनाव सम्पन्न होने है, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 3 नवम्बर को सायं 6 बजे से 5 नवम्बर को मतगणना समाप्ति तक एवं चतुर्थ चरण में जहां चुनाव संपन्न होने हैं, उन क्षेत्रों में तथा ऐसे क्षेत्रों के पांच किलोमीटर परिधीय क्षेत्र में 14 नवंबर 2 को सायं 6 बजे से 16 नवम्बर को मतगणना समाप्ति तक सूखा दिवस रहेगा।

ग्लोबल न्यूज

गूगल के विलो चिप ने किया कमाल, क्वांटम कंप्यूटर की गलतियां 40 गुना हुईं कम



गूगल का दावा है कि उसने अपने विलो चिप में गलतियों को करीब 40 गुना कम करने का तरीका खोजा है। गूगल ने 'मैजिक स्टेट कल्टीवेशन' नाम की तकनीक को अपने विलो चिप पर आजमाया है। यह तरीका गलतियों की जांच करता है और गलत नतीजे देने वाली कोशिशों को हटा देता है। 54 क्यूबिट से किए परीक्षण में 99.99% सटीकता मिली।

एलन मस्क की नई टेस्ला रोडस्टर हवा में उड़ेगी, कोल्ड-गैस थ्रस्टर्स से लैस है यह कार



एलन मस्क ने टेस्ला रोडस्टर पेश की है जो कोल्ड-गैस थ्रस्टर्स की मदद से कुछ देर हवा में उड़/मंडरा सकती है। डेमो में कार पलटते हुए आगे बढ़ती दिखी और एक सेकंड से कम में 0-60 मील/घंटे की रफ्तार पकड़ने का दावा किया गया। थ्रस्ट वर्जन की बुकिंग राशि 2.5 करोड़+ है जबकि रॉकेट वर्जन केवल निमंत्रण पर उपलब्ध है।

जिस बीमारी का इलाज खोजने में रचना श्रॉफ ने लगाया पूरा जीवन, उसी ने ले ली उसकी जान



भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर और कैंसर शोधकर्ता रचना श्रॉफ का 47-वर्ष की उम्र में उसी बीमारी से निधन हो गया, जिसका इलाज खोजने में वह जुटी थीं। अग्नाशय और पित्त नली के कैंसर की विशेषज्ञ रचना ने बीमारी का पता चलने के बाद भी शोध जारी रखा। उन्होंने भविष्य के कैंसर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 13.5 लाख डॉलर से अधिक जुटाए।

2 इंच लंबी पूंछ के साथ मैक्सिको में जन्मी बच्ची, 2 महीने में बढ़कर हुई 5.7 सेंटीमीटर



मैक्सिको में एक बच्ची पूंछ के साथ जन्मी है। बकौल रिपोर्ट्स, जन्म के समय बच्ची बिल्कुल स्वस्थ थी लेकिन जांच में उसकी रीढ़ की हड्डी के पास करीब 2 इंच लंबी पूंछ जैसी संरचना मिली। बच्ची 2-माह की हुई तो पूंछ 2 इंच से बढ़कर करीब 5.7 सेंटीमीटर लंबी हो गई जिसके बाद डॉक्टरों ने री-कंस्ट्रक्शन सर्जरी कर उसे हटाया।

कैंसर का पता चलने पर जीवनभर की बचत खर्च कर घूमने निकली महिला, सिकुड़ा मिला ट्यूमर



चीन की 67-वर्षीय वांग यिंग ने थायरॉइड कैंसर का पता चलने के बाद सर्जरी के बजाय अंटार्कटिका घूमने का फैसला किया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, उन्होंने पेंगुइन की तस्वीरें खींचने के लिए अपनी जीवनभर की बचत लगा दी। लौटने पर जांच में उनका ट्यूमर पहले से छोटा मिला। हालांकि, ट्यूमर सिकुड़ने की वजह यात्रा करना साबित नहीं हुआ।

151.83 किलोमीटर की रफ्तार से शख्स ने दौड़ाई स्केटबोर्ड, बनाया विश्व रिकॉर्ड



स्पेन के स्केटबोर्डर डिएगो पोंसले ने कनाडा में खड़े होकर डाउनहिल स्केटबोर्डिंग 151.83 किलोमीटर प्रति घंटे (94.34 मील प्रति घंटा) की रफ्तार हासिल कर 9 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। दो बार वर्ल्ड चैंपियन रह चुके डिएगो ने 22 सितंबर को कनाडा में यह कारनामा किया। इससे पहले पीट कॉनॉली ने 146.73 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दर्ज की थी।

398 करोड़ में नीलाम हुई नाजियों द्वारा लूटी गई यहूदी पेंटिंग



एम्स्टर्डम में एक यहूदी परिवार से लूटी गई वासिली कैंडिंस्की की पेंटिंग लंदन के 'क्रिस्टीज' में 398-करोड़ में बिकी है। इसका नाम 'दास बंटे लेबेन' (रंगीन जीवन) है। शोधकर्ताओं के अनुसार, ऐसे कई संकेत मिले जिनसे पता चला कि इसे नाजियों ने जब्त किया था। 2023 में जर्मन लोक अभियोजन विभाग ने इसे 'लूटी गई कलाकृति' की कैटेगरी में रखा।



रावण पुतला निर्माण

आगामी दशहरा उत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व को लेकर शहर के कारीगरों व कलाकारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उत्सव को भव्य बनाने के लिए कलाकार दिन-रात मेहनत करके रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। बांस की खपच्चियों, रंग-बिरंगे कागजों और आकर्षक आतिशबाजी का उपयोग कर पुतलों को जीवंत रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष पुतलों की ऊंचाई और वॉटरप्रूफ डिजाइन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों का कहना है कि समय पर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली जाएंगी ताकि दर्शक भव्य दहन का आनंद ले सकें।

कोमल ने 59 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता

वार्ता # लास वेगास। भारत की कोमल ने अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि अमृता पुजारी ने दो 'पिनफॉल' जीत के साथ 72किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई।

कोमल ने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में कजाकिस्तान की विक्टोरिया खुसैनोवा को 7-2 से हराकर इस वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, कनाडा की एला फाइंडिंग के खिलाफ उनका मुकाबला 1-1 से बराबर रहा, जिसके बाद 'क्राइटेरिया' के आधार पर कोमल को विजेता घोषित किया गया। इसके बाद उन्होंने मोल्दोवा की मैडलिना प्रिसाकारी को 8-3 से हराया। सेमीफाइनल में यूक्रेन की अलीना फिलिपोविच ने 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर जीत दर्ज की, जिससे कोमल को ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में खेलना पड़ा।

महाराष्ट्र के सोलापुर की पहलवान अमृता पुजारी, गोल्ड मेडल मुकाबले में यूक्रेन की इरीना जब्लॉत्स्का से भिड़ेंगी। उन्होंने कजाकिस्तान की सबिरजानोवा को 'पिनफॉल' से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की और फिर सेमीफाइनल में चीन की वेनजिन किउ को भी 'पिनफॉल' से हराया।

सबिरजानोवा के खिलाफ भारतीय पहलवान ने 7-1 की बढ़त बना ली थी और अंत में 'पिनफॉल' से मुकाबला जीत लिया।

पांचवें टी20 के लिए भारतीय टीम में बदलाव, लंबे समय बाद गेंदबाज भुवनेश्वर हुए शामिल

भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 क्रिकेट शृंखला का मुकाबला आज

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें टी20 के लिए भारतीय टीम में बदलाव किया है। चयन समिति ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया है। दरअसल, अर्शदीप सिंह चोटिल हैं जिस कारण उनके पांचवें टी20 में खेलने पर संशय है। ऐसे में एहतियातन भुवनेश्वर को टीम में शामिल किया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच बेंगलूरू में शनिवार को पांचवां टी20 मैच खेला जाना है। उन्होंने चार साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी। भुवनेश्वर ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला 22 नवंबर 2022 को खेला था। इन बीते चार वर्षों में कई तेज गेंदबाज टीम इंडिया में आए और धीरे-धीरे भुवनेश्वर का नाम गुमनाम होता चला गया। चयन समिति की बैठक में भी भुवनेश्वर के नाम पर चर्चा होनी बंद हो गई। हालांकि, भुवनेश्वर की कड़ी मेहनत लगातार जारी रही और वह अपने काम में लग रहे। अब न्यूजीलैंड दौरे से पहले भुवनेश्वर को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 के लिए टीम में शामिल किया गया है।



कंधे पर गेंद लगने से चोटिल हुए थे अर्शदीप : अर्शदीप चौथे टी20 मैच के दौरान बल्लेबाजी करते वक्त चोटिल हो गए थे। अर्शदीप के कंधे पर गेंद लगी थी और वह बल्लेबाजी भी जारी नहीं रख सके थे। बुधवार को भारत की पारी के आखिरी ओवर में शमार जोसेफ की एक तेज शॉर्ट-पिच गेंद सीधे अर्शदीप के कंधे पर आ लगी। इस जोरदार प्रहार से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को काफी दर्द हुआ, जिसके बाद फिजियो को तुरंत मैदान पर आकर उनकी स्थिति की जांच करनी पड़ी। बीसीसीआई ने बयान में कहा, अर्शदीप सिंह के कंधे पर चोट लग गई थी। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया गया है।

टी20 टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, मयंक यादव, नमन धीर, भुवनेश्वर कुमार।

भारतीय महिला टीम ने जिम्बाब्वे को से हराया

पहले टी-20 में दीप्ति ने 49 रन बनाए



रायपुर। भारतीय महिला टीम ने पहले टी-20 में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हरा दिया। रायपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 15.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। भारत की जीत की हीरो डेब्यू कर रहीं निकी प्रसाद रहीं। उन्होंने 35 गेंद पर नाबाद 39 रन बनाए। उनके साथ दीप्ति शर्मा ने 37 गेंद पर 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल से निकाला। दीप्ति फिफ्टी से एक रन दूर रह गईं। 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही।

गोदारा गर्ल्स कॉलेज विजेता, डीएवी कॉलेज उप विजेता



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्थानीय चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में एमजीएसयू, बीकानेर की 23वीं अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल (महिला) प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मेजबान महाविद्यालय ने डीएवी कॉलेज, श्रीगंगानगर को 18-17 से हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि डीएवी कॉलेज उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में बीकानेर संभाग के आठ महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आरती को प्रदान किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए खेल भावना, अनुशासन और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। आयोजन सचिव डॉ. रेखा भारद्वाज ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विजेता टीम के प्रशिक्षक राजेश कुमार एवं मीनू वर्मा रहे।

कार्यक्रम में विवि पर्यवेक्षक जितेंद्र सिंह भाटी, खेल विशेषज्ञ जगदीश सिंह शेखावत सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

जगशेर सिंह खंगुरा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता

वार्ता # काहिरा। मिस्र के काहिरा में चल रही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में, जगशेर सिंह खंगुरा ने बॉयज सिंगल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्हें इंडोनेशिया के रादित्या बायु वर्धना से हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम हारने के बाद खंगुरा ने वापसी की और मैच को निर्णायक गेम (डिसाइडर) तक पहुँचाया, लेकिन वर्धना का आक्रामक खेल भारतीय खिलाड़ी पर भारी पड़ा। 49 मिनट तक चले इस मुकाबले में खंगुरा को 6-15, 15-13, 3-15 से हार मिली। इंडिविजुअल चैंपियनशिप में यह भारत का सातवाँ ब्रॉन्ज मेडल है। इसके साथ ही, भारत के कुल पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें एक गोल्ड और पाँच सिल्वर मेडल शामिल हैं।

डीएवी कॉलेज में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ, 150+ मुक्केबाज ले रहे भाग



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। डीएवी कॉलेज में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से आयोजित 22वीं अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग (महिला एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़ जिलों के करीब 40 कॉलेजों के 150 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बॉक्सिंग केवल शारीरिक शक्ति का खेल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मनियंत्रण का प्रतीक है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उद्घाटन अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. सीताराम ताखर सहित समिति सदस्यों ने विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ और गेम्स एक्सपर्ट विजेंद्र रंगा का स्वागत किया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले संपन्न हुए, जबकि पुरुष वर्ग के मुकाबले जारी रहे। महिला एवं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले रविवार सुबह 9 बजे से होंगे। प्रतियोगिता के दौरान कॉलेज स्टाफ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

रोलर स्केटिंग में 2 स्वर्ण, 6 रजत व 1 कांस्य सहित कराटे में भी शानदार प्रदर्शन

परिष्कार स्कूल का राज्य स्तर पर विजय अभियान जारी, छह खिलाड़ियों का नैशनल के लिए चयन

सीमा सन्देश # सादुलशहर

परिष्कार चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर स्कूल के रिकॉर्ड छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

जयपुर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में परिष्कार स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में स्कूल की अर्चना शाक्य ने एक स्वर्ण एवं एक रजत, जबकि परीक्षित बिश्नोई ने एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं गुरनैब सिंह और यश ने एक-एक रजत पदक हासिल किया।



खिलाड़ियों का किया सम्मान

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं से शानदार प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का परिष्कार स्कूल परिसर में स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान गौरव शर्मा, निर्देशक पुनीत शर्मा एवं संरक्षक बनवारी लाल शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक अशोक मदान अवतार केंथ व समस्त स्टॉफ ने विजेता खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा उन्हें आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का श्रेय खेल अध्यापक सोनू ठाकुर के मार्गदर्शन एवं कड़ी मेहनत तथा खिलाड़ियों के जज्बे को दिया।

रिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत एवं एक कांस्य पदक अपने नाम किया। भीलवाड़ा में आयोजित 14 वर्षीय आयु वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में परिष्कार स्कूल के खिलाड़ी अरमानदीप सिंह ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय की पदक तालिका में इजाफा किया।

वहीं सादुलशहर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भी परिष्कार स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 17 एवं 19 वर्षीय आयु वर्ग के 50 किलोग्राम भार वर्ग में लक्ष्य ने रजत पदक प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर परीक्षित बिश्नोई, अर्चना शाक्य, रिया, गुरनैब सिंह, यश और लक्ष्य का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है।

राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में गंगानगर के हरप्रीत सिंह का शानदार प्रदर्शन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। झांसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-एच के तीनों मुकाबले जीतकर पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया और अगले वर्ष के लिए ग्रुप-इ में जगह बनाई। राजस्थान टीम ने बिहार को 3-2, गुजरात को 6-2 और आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया। आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में अंकित रावत और अनुराग सुथार ने दो-दो गोल तथा कुणाल कोंडल ने एक गोल किया। गोलकीपर लवीश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में हॉकी श्रीगंगानगर के खिलाड़ी हरप्रीत सिंह ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्रीगंगानगर पहुंचने पर हॉकी श्रीगंगानगर अध्यक्ष अवतार सिंह सिद्धू, कार्यकारिणी सदस्यों एवं खेल प्रेमियों ने उनका स्वागत किया। हॉकी इंडिया एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य अरुण कुमार सारस्वत, हॉकी राजस्थान अध्यक्ष महिपाल सिंह निम्बाड़ा एवं महासचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने टीम को बधाई दी।

खाजूवाला: युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम में किया जागरूक



सीमा सन्देश # पूगल। पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत स्वीप गतिविधि के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुपरवाइजर शिव बाला चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा चारण, सुखजीत, कंचन, माया, जम्मू व सावित्री ने ग्रामीण महिलाओं एवं युवा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने उपस्थित महिलाओं को तख्तियों के माध्यम से युवा मतदाता संवाद, वोट जरूर दें, स्वीप 2026, पहले मतदान फिर जलपान के नारे लगाकर मतदान का महत्व समझाया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को दोहराया गया और सभी से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

चूरू: लोहिया महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन



शैक्षणिक और विद्यार्थियों के हितों पर हुई चर्चा

सीमा संदेश # चुरू। राजकीय लोहिया महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. मंजू शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मेलन की संयोजक प्रो. डॉ. ट्विंकल शर्मा ने गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक विकास, बेहतर संचालन और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। अभिभावकों ने शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिस पर प्राचार्य ने सकारात्मक पहल और अमल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने महाविद्यालय के सुचारु संचालन के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणु धैतरवाल ने किया। इस दौरान प्रो. डॉ. हेमंत मंगल, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. विनीता पारीक, डॉ. ममता मीणा, डॉ. पूजा कसवां सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

बीकानेर में लगेंगे तीन हजार सफाई कर्मी, हर वार्ड में 100 रोड लाइट

सीमा सन्देश # बीकानेर

नगर निगम के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली साधारण सभा में शहर के विकास को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। महापौर अनिल कल्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए 3 हजार अस्थायी सफाईकर्मी लगाने, प्रत्येक वार्ड में 100 नई रोड लाइट लगाने और दीपावली से पहले सड़कों पर पेचवर्क कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में सफाई व्यवस्था को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। पार्षदों ने खराब सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई। बोर्ड ने तय किया कि लापरवाही करने वाली फर्मों को नोटिस देकर जुमार्ना लगाया जाएगा। संसाधनों की कमी होने पर किराए पर व्यवस्था कर सफाई कार्य सुचारू किया जाएगा। शहर की रोशनी व्यवस्था सुधारने के लिए हर वार्ड में पार्षदों की अनुशंसा पर 100 नई लाइटें लगाई जाएंगी। सीवरेज कार्यों से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित कंपनी को निर्देश दिए गए हैं। दीपावली पर प्रमुख मार्गों, प्रवेश द्वारों और बारियों की सजावट की जाएगी। संकरी गलियों के लिए छोटे अग्निशमन वाहन किराए पर लेने और गंगाशहर में निगम का क्षेत्रीय कार्यालय दोबारा खोलने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। महापौर ने पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर हित में कार्य करने का आह्वान किया।

राजकीय महाविद्यालय में योग एवं आत्मरक्षा दिवस आयोजित

सीमा सन्देश # अनूपगढ़

सेठ बिहारी लाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत–100 दिवसीय संकल्प अभियान' के तहत 'स्वस्थ युवा, नशामुक्त युवा (शक्ति एवं सेवा)' विषय पर योग एवं आत्मरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार और हिंदी सहायक आचार्य डॉ. ज्योति ने किया। ओम योगाश्रम सूरतगढ़ के योग विशेषज्ञ महावीर और राहुल टाक ने विद्यार्थियों को ॐ उच्चारण, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति, ताड़ासन, पादहस्तासन और अर्द्धचक्रासन का अभ्यास करवाया तथा नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि एएसआई सलीम पठान ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कालिका दल की प्रतिनिधि अमनदीप ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते हुए महिला सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस अधिकारी संदीप कुमार ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य मनप्रीत सिंह, सहायक आचार्य नारायणी, राजपाल, डॉ. ओमप्रकाश धामू, डॉ. कुसुमलता, हेमलता, बिद्दूराम, भूपेंद्र, रितेश, रामचंद्र, यज्ञदत्त शर्मा, कुलवीर सिंह सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से की मुलाकात

सादुलशहर। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पुलिस थाना प्रभारी सीआई पृथ्वीपाल सिंह से वार्ता कर दीपावली त्योहार के आगमन पर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इससे पूर्व पदाधिकारियों ने नव नियुक्त सीआई पृथ्वीपाल सिंह राठौड का गुलदस्ता देकर स्वागत भी किया। धान मंडी एवं बाजार के बारे में जानकारी भी दी। व्यापार मंडल की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया, ताकि दशहरा-दीपावली का त्योहार सौहार्दपूर्ण एवं खुशी के वातावरण में बनाया जा सके। पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, उपाध्यक्ष साहिल बाघला एवं कमल गोयल आदि शामिल थे।



हाईटेक रामलीला में सीता की विदाई और वनवास के प्रसंगों ने मोहा मन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



रिद्धि सिद्धि कॉलोनी प्रथम स्थित प्लैटिनम पार्क में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य हाईटेक रामलीला के पांचवें दिन गुरुवार रात रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक शैली के समन्वय से प्रस्तुत लीला ने हजारों श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समिति अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला में तकनीकी प्रभावों के साथ कथा की भावनाओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश शाह, हरीश जसूजा, रवि चमड़िया एवं सुनील गोयल का अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, संरक्षक पवन वधवा, विधि मंत्री गुरमेश धींगड़ा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष निखिल गोयल एवं महिला विंग प्रभारी मल्लिका धींगड़ा ने स्वागत किया। मंचन की शुरूआत सीता विदाई प्रसंग से हुई। इसके बाद श्रीराम के राजतिलक की तैयारी, कैकेयी-मंथरा संवाद, चौदह वर्ष का वनवास, केवट संवाद, राजा दशरथ वियोग, निषादराज-भरत मिलाप और राम-भरत मिलाप जैसे दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। भरत द्वारा श्रीराम की खड़ाऊं सिंहासन पर रखकर राज्य संचालन का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। अंत में रामायण आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

सूरतगढ़ में जगदंबा रामलीला का मंचन, दशरथ मरण और केवट प्रसंग ने मोहा मन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के जगदंबा रामलीला क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में पांचवें दिन पुराने कलाकारों ने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला का शुभारंभ राजेंद्र सोनी, करण सोनी परिवार, पार्षद गुरुदेव मौर्य टीम, संरक्षक सुभाष नरूला, अध्यक्ष महेंद्र नागर, उपाध्यक्ष रोहिताश होटला, कोषाध्यक्ष गोपी राम दगल, सचिव विजय डाबला, निर्देशक सोनू बजाज, नरेश नागर, राजेश बुमरा, सोनू मोगा, विजय सोनी और क्लब सदस्यों ने श्री राम की आरती के साथ किया। मंचन के दौरान दशरथ मरण, केवट द्वारा राम-लक्ष्मण को सरयू नदी पार कराने और भरत मिलाप के दृश्यों ने सभी को भावुक कर दिया। इनमें इंद्र चारण (दशरथ), राकेश (राम), मेघराज सोलंकी (लक्ष्मण), अनिल खरोड़ (सीता), वीरभान डाबला (भरत), साहिल डाबला (शत्रुघ्न) और संजय दगल (केवट) ने जीवंत भूमिकाएं निभाईं। क्लब अध्यक्ष महेंद्र नागर ने बताया कि 20 अक्टूबर को इसी ग्राउंड पर भव्य दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।

शिव धनुष भंग होते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला मैदान



सीमा सन्देश# खाजूवाला। श्री रामलीला समिति खाजूवाला द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के पांचवें दिन भगवान श्रीराम द्वारा भगवान शिव के धनुष का भंग, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद तथा श्रीराम-सीता वरमाला जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया। प्रसंग बेहद रोचक, रोमांचक एवं दर्शनीय रहे। मैदान में उपस्थित रामभक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम द्वारा भगवान शिव के दिव्य धनुष को भंग करने का प्रसंग रहा। राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में देश-विदेश से आए अनेक राजा-महाराजा शिव धनुष को उठाने और प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने सहजता से धनुष उठाकर जैसे ही उसकी प्रत्यंचा चढ़ाई, धनुष भंग हो गया। धनुष टूटने की गूंज के साथ ही रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दृश्य को कलाकारों ने इतनी सुंदरता और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया कि दर्शक भावविभोर हो गए। रामलीला मंचन में लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। भगवान शिव का धनुष टूटने के बाद क्रोधित होकर पहुंचे भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवादों को कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद अदायगी एवं शानदार अभिनय के माध्यम से जीवंत कर दिया। लक्ष्मण के निर्भीक एवं व्यंग्यपूर्ण संवादों और परशुराम के क्रोधपूर्ण व्यक्तित्व ने पूरे प्रसंग को रोचक बना दिया। संवादों के दौरान दर्शक भाव-विभोर होने के साथ ही रोमांचित भी नजर आए। श्री रामलीला समिति द्वारा डॉ. अमरचंद बुनकर, डॉ. अमित पेड़ीवाल, डॉ. रामनिवास सारस्वत, डॉ. धर्मेंद्र एवं मोहित कुमार को सम्मानित किया गया। मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया गया।

आइकॉनिक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आइकॉनिक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। सीबीईओ श्रीविजयनगर के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को आयोजित इस गतिविधि के माध्यम से आमजन और राहगीरों को आगामी चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीगंगानगर के दिशा-निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में छात्राओं ने स्टेट हाईवे-94 (अनूपगढ़-सूरतगढ़ मार्ग) के किनारे आकर्षक एवं संदेशप्रद रंगोली बनाई। सीबीईओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और आदर्श आचार संहिता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली, क्विज, नारा लेखन, मेहंदी एवं रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ, स्थानीय नागरिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उपस्थित लोगों को निष्पक्ष एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। सूरतगढ़ स्थापना दिवस पर राबाउमावि में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से शिक्षा साथी कार्यक्रम के तहत 300 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम शाखाध्यक्ष अंजनी चौधरी के नेतृत्व में हुआ। मंच उपाध्यक्ष आशीष कवातड़ा ने कहा कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। महेंद्र जैन ने विद्यार्थियों से पढ़ाई कर लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य मोहिनी पुरी व अध्यापक प्रमोद मांझू ने सभी का आभार जताया। उप प्रधानाचार्य सर्वजीत कौर, चित्रा बिश्नोई आदि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

जगदीश नायक बने जिला उपाध्यक्ष



गजसिंहपुर। भीम आर्मी ने जगदीश नायक को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्षद के साथ-साथ जगदीश नायक संगठन में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। संगठन नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और मजबूत होगा और पिछड़े व गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती मिलेगी।

श्रीराम-भरत मिलाप ने दृश्य से भावुक हुए दर्शक



सीमा सन्देश# पदमपुर। नगर पालिका प्रांगण में नाटक क्लब की रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की प्रार्थना के बाद मंच पर कलाकारों ने अद्भुत अभिनय से राम-भरत मिलाप के भावुक दृश्य प्रदर्शित ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भरत का किरदार निभा रहे हरजीत बाबा ने अपने प्रभावशाली अभिनय और भावपूर्ण संवादों से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। भाई के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण की प्रस्तुति देखकर कई दर्शकों की आंखें नम हो गई। खराब मौसम और बूंदाबांदी के बावजूद दर्शक पूरे उत्साह के साथ मंचन देखते रहे। भरत मिलाप का दृश्य शुरू होते ही रामलीला मैदान का वातावरण भक्तिमय हो गया। बाबा ने भरत के विरह, भाई के प्रति अगाध प्रेम और भगवान श्रीराम के प्रति प्यार व्यसन का भाव दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र , चिरंजीवी गुप्ता (श्रीराम) काका मदान (लक्ष्मण) हरिश हरवानी (शत्रुघ्न) एवं बबलू अरोड़ा ,रोहित जोशी ,डॉ. मनीष कामरा ,संजय गेरा , सौरभ काला सहित अन्य कलाकारों ने अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया।

चूनावढ़ डाइट में श्रमदान किया, प्रतियोगिताओं का भी आयोजन



चूनावढ़। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में पीएसटीई प्रभाग के तत्वावधान में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो दिवसीय सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य (एसयूपीडब्ल्यू) शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके अलावा रंगोली, मेहंदी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, कविता पाठ, वाद-विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डाइट के सभी प्रभागाध्यक्ष एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

वार्डों में समस्याओं के निराकरण की मांग



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

पार्षद संजीव कुमार थिंद वार्ड नं. 3 ने सेवा सेतु अभियान के तहत अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई को ज्ञापन देकर चित्रकुटी धाम से पदमपुर रोड तक स्पीड ब्रेकर, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नालियों की सफाई की मांग की है। वहीं वार्ड नं. 1 के निवासियों ने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वर्षों से गंदे व बरसाती पानी की निकासी न होने से सड़कों पर पानी भर जाता है और बीमारियों का खतरा बना है। इसके लिए सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि में अस्थाई निकासी की स्वीकृति देने की मांग की गई।

सालासर पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए पहल, रिफ्लेक्टर लगाए



सालासर। सालासर बालाजी जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर युवा शक्ति मंच संस्था ने एक सराहनीय पहल की है। लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए सदस्यों ने पदयात्रियों के बैग, साइकिल और मोटरसाइकिलों पर रेडियम लगाया, ताकि रात के अंधेरे में वे दूर से दिखाई दे सकें। हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु सरदारशहर के रास्ते गुजर रहे हैं। हालिया हादसों से चिंतित संस्था ने अशोक स्तंभ के पास यह सुरक्षा अभियान चलाया। रेडियम लगने से वाहन चालकों को पदयात्रियों की मौजूदगी का समय रहते पता चल सकेगा, जिससे गति नियंत्रित करने और दुर्घटनाएं टालने में मदद मिलेगी। संस्था अध्यक्ष अभिषेक पारीक, मंत्री कमलकांत शर्मा, सचिव रविश सुथार, आयुष बोहरा, हर्षित पारीक और संजय कुमार उपस्थित रहे। संस्था ने आमजन से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में सहयोग की अपील की है।

चूरू में नगरपरिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान, कार्रवाई शुरू



सीमा संदेश # चुरू। शहर के सुभाष चौक क्षेत्र में नगर परिषद प्रशासन ने सड़क तक फैले कच्चे व पक्के अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह की मौजूदगी में टीम ने दुकानों के आगे सामान और निर्माण सामग्री रखकर किए गए अतिक्रमण को हटाया। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है और इसमें व्यापारियों का सहयोग भी मिल रहा है। यह अभियान सुभाष चौक से लेकर गढ़ तक चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में हलचल रही, वहीं अभियान पूरा होने के बाद सड़क पर आवागमन सुगम होने और आमजन को बड़ी राहत मिलने की पूरी उम्मीद है।

रतनगढ़ में सालासर पैदल यात्रियों के लिए भंडारे का शुभारंभ



सीमा संदेश # रतनगढ़। श्री श्याम भक्त सेवा समिति की ओर से सालासर धाम जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए आयोजित 26वें विशाल निशुल्क भंडारे का शुभारंभ शुक्रवार को संत श्री गंगानाथजी महाराज, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां और पूर्व विधायक अशोक पींचा ने किया। समारोह में राकेश टाक, बाबूलाल कन्दोई, कुणाल व्यास, हरिराम गोदारा और नरेंद्र सिंह राजपुरोहित मंचस्थ रहे। पूर्व मंत्री रिणवां ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा व समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। पूर्व विधायक पींचा ने बताया कि श्याम पारीक व उनकी टीम 26 वर्षों से निरंतर सेवा कार्य में जुटी है। इस दौरान पार्षद अमरचंद मीणा, दीनदयाल भाट, विकास पारीक, मुकेश जोशी, विक्रम सैनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह अनुष्ठान क्षेत्र में धार्मिक आस्था और जनसेवा की भावना को मजबूत कर रहा है।

महाप्रज्ञ सभागार का लोकार्पण, छतरसिंह का अभिनन्दन किया



रतनगढ़। पंडितपुर स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल परिसर में नवनिर्मित महाप्रज्ञ सभागार का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर भामाशाह छतरसिंह हीरावत का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिषेक महर्षि ने शिक्षा को विकसित भारत की संकल्पना का मुख्य आधार बताया और छतरसिंह हीरावत व जोधराज बैद को शिक्षा की नींव मजबूत करने वाला करार दिया। हीरावत एवं बैद ने विद्यालयों के विकास में हरसंभव आर्थिक सहयोग का संकल्प दोहराया। सीडीईओ संतोष महर्षि ने भामाशाहों का आभार जताया। इस दौरान मंजू हीरावत ने जीवनशैली पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा, चतुर्भुज गोस्वामी, सीबीईओ संदीप व्यास, रामावतार शर्मा एवं कुलदीप व्यास ने विचार रखे। युवक संघ पंडितपुर व स्कूल परिवार ने भामाशाह का अभिनंदन किया।

शांति पैलेस होटल पर पुलिस दबिश

सीमा संदेश # सरदारशहर। शहर में रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित होटल शांति पैलेस पर पुलिस ने दबिश देकर अवैध गतिविधियों के मामले में बड़ी कार्रवाई की। डीवाईएसपी कुलदीप वालिया के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने मौके से युवतियों सहित वार्ड नंबर 25 निवासी भंवरलाल पुत्र नानूराम माली को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, होटल में बाहर से युवतियां बुलाकर पैसों के बदले अनैतिक गतिविधियां संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के लिए बोगस ग्राहक भेजकर तस्दीक की गई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

वर्ग पहली क्रमांक 7951



बायें से दायें:- 2) टोली; गिरोह, 14) चंपत, 16) धनुष, 18) इराक़ की राजधानी, 21) जुगाड़िया; कुशल, 23) क्षण, 24) एक घटक राज्य, 25) ढोर, 26) संपूर्ण, 28) घूँघट, 30) कठोर; कठिन, 31) अंकुर. (उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

खु	न्ना	स				घा	स	ले	ट
शा		मा	न	स	रो	व	र		प
म	नो	ज		ते			प	टा	का
द		वा		ज	वा	ह	र		ट
	अ	द	ब		स	म	स्त		प
न्या	ज		र	त		स		ब	की
	ग	म	क	ना		फ़	सा	द	
ह	र	क	त		शू	र		ज्ञा	न
र्ष		ड़ी		अ	न्य		शी	ह	र

ऊपर से नीचे:- 1) उत्तरदायी, 2) पतिंगा, 3) खाली, 4) स्वादिष्टता, 5) इरादा, 6) चमकीला, 11) चपटा पर्वत, 24) चुकता; नाज़नख़रा, 25) कहावत, 27) तपस्या, 29) अच्छे-बुरे की पहचान, 31) एक संतकवि, 32) आचरण.

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 17 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं -

1955 - हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री स्मिता पाटिल का जन्म हुआ।

1968 - मेक्सिको ओलंपिक में अमेरिका के दो अश्वेत खिलाड़ियों ने रंगभेद के खिलाफ मौन विरोध व्यक्त किया।

1970 - भारतीय स्पिन गेंदबाजी के धुरंधर अनिल कुंबले का जन्मदिन। कुंबले के नाम एक दुर्लभ रिकार्ड है। वह टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 10 विकेट लेने वाले भारत के पहले और विश्व के दूसरे खिलाड़ी हैं।

1979 - गरीबों और बेसहारों की मसीहा मदर टेरेसा को नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

1994 - 1983 में देश को विश्व कप दिलाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने अपने करियर का अंतिम एक दिवसीय मुकाबला वेस्टइंडीज के खिलाफ फरीदाबाद में खेला।

2003 - चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की।

2004: गुआंतानामो बे जेल में कैदियों को यातना देने का खुलासा।

2007 - आयरिश लेखिका एनी एनराइट को उनके उपन्यास 'द गेदरिंग' के लिए बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।

2009: हिंद महासागर में स्थित मालदीव ने पानी के अंदर दुनिया की पहली कैबिनेट बैठक कर सभी देशों को ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से आगाह करने की कोशिश की।

2018 - प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक अरुण भादुड़ी का निधन।

2020 - जेसिंडा अर्डर्न के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने न्यूजीलैंड के आम चुनाव में भारी बहुमत से फिर से जीत हासिल की।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एनएनएस) रविवार अश्विन सुदी सप्तमद्दी को देशी घी, दूध, पाउडर, बारीक चावल, उड़द, मोठ, तुवर, मूंग, सरसों, राजमा चित्रा, काबुली चना, किशमिश, लौंग, बड़ी इलायची, बादाम गिरी, मेथी, अजवायन, अरंडी, कॉपर, पीतल के भावों में लाभ तथा ज्वार, ढैंचा, ग्वार-ग्वार गम, मसूर, सोयाबीन, नीम तेल, आंवला, लालमिर्च, चिरौंजी, जीरा, पिस्ता, गोला, कलौंजी, अमचूर, महुआ फूल, शक्कर, टिन, निकिल, सोना-चांदी में हानि हो सकती है। भाग्यांक 1-2-4-7 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 12.53 बजे अपराह्नद के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

17 अक्टूबर शनिवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.घ. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल सप्तमी, नक्षत्र-मूल, योग-अतिगण्ड, करण-गर, दिशाशूल-पूर्व, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा धनु राशि में, सूर्य तुला राशि में, बुध और शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी और नए काम की शुरूआत संभव है। करियर, व्यापार व आर्थिक मामलों में लाभ होगा तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृषभ: कार्यों में धैर्य रखें और जोखिमपूर्ण फैसलों से बचें। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें तथा स्वास्थ्य और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।

मिथुन: करियर और व्यापार में प्रगति के अवसर मिलेंगे तथा नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ, भूमि-भवन से जुड़े मामलों और पारिवारिक संबंधों में सकारात्मकता रहेगी।

कर्क : मेहनत और अनुशासन से कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। लेनदेन व निवेश में सावधानी रखें और किसी के बहकावे में आने से बचें।

सिंह: कार्यक्षेत्र में सफलता और आर्थिक लाभ के योग हैं। परिवार में सुख बढ़ेगा तथा प्रेम संबंधों और सामाजिक मेलजोल में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

कन्या: पारिवारिक मामलों में धैर्य और समझदारी से काम लें। करियर व व्यापार में सक्रियता बढ़ेगी और योजनाबद्ध प्रयासों से लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

तुला: आर्थिक योजनाओं में सफलता और नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। करियर-व्यापार में विस्तार होगा तथा नए संपर्कों और शुभ समाचारों से उत्साह बढ़ेगा।

वृश्चिक: परिवार में खुशियां बढ़ेंगी और रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में तेजी, आर्थिक लाभ और धन-संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

धनु: नए प्रयासों में सफलता मिलेगी और करीबियों का सहयोग बढ़ेगा। करियर में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि और आर्थिक हितों को मजबूती मिलने के योग हैं।

मकर: रिश्तों और कार्यक्षेत्र में संतुलन बनाए रखें तथा खर्चों पर नियंत्रण रखें। करियर में दबाव और बाधाएं आ सकती हैं, इसलिए सोच-समझकर निर्णय लें।

कुंभ: कॅरिअर और व्यापार में नए अवसर मिलेंगे तथा आय में वृद्धि के संकेत हैं। लंबित धन प्राप्त हो सकता है और व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

मीन: कॅरिअर और व्यापार में सफलता के साथ मान-सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा तथा अनुभव और बेहतर प्रबंधन से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

लोगों को मानसिक समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया

आयोजन : गीतांजलि हॉस्पिटल में चला मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

जयपुर। गीतांजली हॉस्पिटल, भांकरोटा में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (10 सितंबर) से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) तक माहव्यापी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मनोचिकित्सा विभाग की ओर से प्रोफेसर डॉ. वृंदा पारीक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार कुमावत के नेतृत्व में चले इस अभियान का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना तथा लोगों को समय पर विशेषज्ञ की मदद लेने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान 'बदलती सोचः संवाद की शुरूआत' और 'आइए, बात करें' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को मानसिक समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने और दूसरों की बात संवेदनशीलता से सुनने के लिए प्रेरित किया गया। आत्महत्या रोकथाम पर पॉडकास्ट, एमबीबीएस एवं नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य विषयक व्याख्यान आयोजित किए गए। कॉर्पोरेट समूहों, अस्पताल कर्मचारियों, शिक्षकों, विभागाध्यक्षों एवं मानव संसाधन टीम को मानसिक परेशानी के शुरूआती संकेत पहचानने और जरूरतमंदों को भावनात्मक सहयोग देने का प्रशिक्षण भी दिया गया।



विशेषज्ञ की सलाह बचा सकती है जीवन

अभियान का समापन 10 अक्टूबर को रील मेकिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। वेल-बीइंग वॉल, ग्रेटिट्यूड ट्री और फॉरगिवनेस बिन जैसी गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक सोच और भावनात्मक अभिव्यक्ति का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान ने संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और समय पर संवाद व विशेषज्ञ की सलाह जीवन बचा सकती है।

राजकीय महाविद्यालय में योग एवं आत्म-सुरक्षा दिवस आयोजित

श्रीगंगानगर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में 'नई किरण नशा मुक्ति अभियान' के तहत 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषय पर योग एवं आत्म-सुरक्षा दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मैनपाल ने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के महत्व की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों ने अभ्यास किया। छात्राओं गरिमा एवं रक्षा ने आत्मरक्षा के उपाय बताए। एनएसएस प्रभारी राजेंद्र के निर्देशन में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता तथा स्काउट-गाइड प्रभारी डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक हुआ। प्राचार्य डॉ. बलवंत सिंह चौहान ने नशे से होने वाले नुकसान बताए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. चारुलता वर्मा ने अभियान की जानकारी दी।

बीकानेर : तीन लाख ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल भुगतान से जोड़ने का लक्ष्य

राजस्थान ग्रामीण बैंक, एनपीसीआई भीम और वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग की पहल

बीकानेर। राजस्थान ग्रामीण बैंक (आरजीबी), एनपीसीआई भीम और वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग ने राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत भीम पेमेंट्स ऐप के माध्यम से एक वर्ष में तीन लाख ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल भुगतान से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी शुरूआत उदयपुर से की गई, जहां आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थाओं और 100 से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया, जो अपने दैनिक लेन-देन में भीम ऐप का सफल उपयोग कर रही हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को केवल डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें नियमित रूप से इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके लिए स्थानीय बैंकों के भरोसे, सामुदायिक सहभागिता, प्रत्यक्ष मार्गदर्शन और महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप सेवाओं पर विशेष जोर दिया जाएगा। एनपीसीआई भीम की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिथा नटराज ने कहा कि महिलाओं को डिजिटल भुगतान क्रांति का केवल हिस्सा ही नहीं, बल्कि उसका नेतृत्व भी करना चाहिए। राजस्थान ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकेश भारतीय ने कहा कि बैंक का ग्रामीण समुदायों से मजबूत विश्वास संबंध महिलाओं को डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जोड़ने में सहायक होगा। वहीं, वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग की दक्षिण एशिया प्रमुख कल्पना अजयन ने कहा कि महिलाओं के लिए डिजिटल वित्तीय सेवाओं को अपनाने में भरोसा सबसे महत्वपूर्ण आधार है।



हिमांशु नाथोलिया निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गये

रेसला ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

सीमा संदेश # रतनगढ़।

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) की ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव चुनाव पर्यवेक्षक मदनलाल कुलहरी के सानिध्य में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी राकेश धेतरवाल की देखरेख में हिमांशु नाथोलिया को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष, विजयपाल ऐचरा को मंत्री तथा अमित प्रजापत को सभाध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष रजनीश धुआं, जिला मंत्री भानीराम बरौड़, पूर्व अध्यक्ष विनोद महिया और कोषाध्यक्ष गोविंद भाटी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।



इस मौके पर यह रहे उपस्थित

इस दौरान रिखाराम तालणिया, भंवरलाल, महिपाल महर्षि, विनोद कुमार, मदनलाल, अरविंद महर्षि, हेमराज कुमावत, ईदू खान, बजरंगलाल बिस्सू, जयसिंह बारहठ, नरेंद्र कुलहरी, सांवरमल पारीक, वेदप्रकाश जांगिड़, जयप्रकाश स्वामी, दीनदयाल पारीक, विनोद सैनी व खुशबू शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। निर्वाचन के बाद कार्यकारिणी ने ब्लॉक कार्यालय में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों से मुलाकात की। सीबीईओ संदीप व्यास ने नई कार्यकारिणी का अभिनंदन किया।

लालगढ़ में 25 को काव्य गोष्ठी

श्रीगंगानगर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन साहित्य अकादेमी की 'ग्रामालोक' योजना के तहत 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांव लालगढ़ जाटान स्थित जमींदारा उमावि में राजस्थानी काव्य गोष्ठी आयोजित होगी। अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के राजस्थानी परामर्श मंडल सदस्य डॉ. कृष्णकुमार आशु करेंगे। इसमें सुरेश कनवाड़िया, रमेश कुक्कड़, कृष्णकांत सुथार, मनीष बोधि एवं भारती शर्मा काव्यपाठ करेंगे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और गांवों में क्षेत्रीय भाषाओं की साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8629-8180 (आ. 170 क्विं.), मूंग 8545-6400 (आ. 2231 क्विं.), ग्वार 8215-7750 (आ. 140 क्विं.), नरमा 9185-8851 (आ. 2038 क्विं.), कपास 9051-8900 (आ. 11 क्विं.), गेहूं 2700 (आ. 42 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9160-9261, मूंग 8190-8300, गेहूं 2671, ग्वार 7120-7390, सरसों 8448, **गजसिंहपुर:** सरसों 8281-8470, कपास 8512, मूंग 7300-8546, नरमा 8000-9270, गेहूं 2550-2601, **रायसिंहनगर:** सरसों 8226-8330, गेहूं 2621-2791, मूंग 7500-8760, नरमा 8920-9206, कपास 8800-8850, ग्वार 7576, जौ 2876-2862, **जैतसर:** सरसों 8071-8271, मूंग 8316-8866, ग्वार 8100-8200, नरमा 8700-9148, कपास 8830, गेहूं 2661, धान 3695-3711, **घड़साना:** मूंग 8765-5100, नरमा 9110-8850, सरसों 8602-8241, ग्वार 7760-7235, बाजरी 2460, **अनूपगढ़ :** नरमा 9103-8800, मूंग 8690-7600, ग्वार 8451-7800, सरसों 8425-7800, बाजरी 2550, गेहूं 2735-2631, **बिजयनगर:** मूंग 8510-8200, नरमा 9050-8941, ग्वार 8000-7910, कपास 8705-8416, बाजरी 2575, गेहूं 2575, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2100-2780, सरसों 5500-8430, पीली सरसों 6200-8800, ग्वार 6500-8305, मूंग 5000-8610, नरमा 8000-9181, बाजरी 2000-2550,

किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8876, नरमा व्यापारी 8960, बाजरा 2550, ग्वार 7826, मूंग 8280, धान 2146, **डबली राठान :** नरमा 8858, ग्वार 7737, धान 2148, **हनुमानगढ़ टा :** कपास 9086, नरमा 9160, बाजरा 2471, ग्वार 7726, मूंग 8490, धान 2217, **रावतसर :** कपास 8350, नरमा 8961, गेहूं 2725, बाजरा 2471, ग्वार 8000, मूंग 8200, मोठ 8821, तारामीरा 6881, तिल 13600, अरण्डी 7550, मूंगफली 7100, **नोहर :** गेहूं 2755, ग्वार 7769, चना 7128, मूंग 8500, मोठ 8752, सरसों 7820, अरण्डी 7550, मूंगफली 7500, **भादरा :** गेहूं 2820, बाजरा 2449, ग्वार 7368, मूंग 8100, **संगरिया :** नरमा 8950, बाजरा 2491, ग्वार 7501, चना 6450, मूंग 7740, सरसों 8163, **गोलूवाला :** नरमा 9025, गेहूं 2670, ग्वार 8000, चना 6700, मूंग 8450, सरसों 8134, **पीलीबंगा :** नरमा 9004, गेहूं 2739, बाजरा 2631, ग्वार 8021, मूंग 8619, सरसों 8230, धान 2311

गंगनहर का वरीयताक्रम

17 अक्टूबर 2026, शनिवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
बीबी	448 (6)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रात : 3 बजे
एमके	546 (5)	13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे
एच	853 (4)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
वाई	884 (4)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
जैड	1039 (4)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
डी-भागसर	1057 (4)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	1098 (4)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
पीएस	1258 (3)	15 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
समेजा	1460		
आरबी	1730		
एचएच	1765		
रिडमलसर	1776		
फार्म	1837		
जीजी	2038		
हिरणावाली	2060		
नेतेवाला	2081		
एमएल	2141		
एमएलए	2182		
ईईए	2242		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	2519		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	2532		16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एफ	3035		14 अक्टूबर सायं 6 बजे
करणीजी	3365		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में शुक्रवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1539 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	9067	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	350
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	7163
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

शुक्रवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 16.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66
पानी की आवक - 10950 क्यूसेक, निकासी- 13020 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.09
पानी की आवक- 5393 क्यू., निकासी- 9540 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

सेंसेक्स 414 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,146 के पार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन तेजी देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 148.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,146.15 अंक पर पहुंच गया। आईटी शेयरों में मजबूत खरीदारी बाजार की तेजी का प्रमुख कारण रही। टेक महिंद्रा के शेयर में करीब 8.5 प्रतिशत की तेजी आई, जबकि विप्रो लगभग 6.1 प्रतिशत और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) करीब 5 प्रतिशत चढ़ा। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों और कारोबार को लेकर सकारात्मक उम्मीदों से आईटी क्षेत्र में निवेशकों का भरोसा बढ़ा। पूरे सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 3.1 प्रतिशत और निफ्टी में 2.8 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। आईटी इंडेक्स में साप्ताहिक तेजी 11.7 प्रतिशत रही, जो करीब 18 वर्षों में इसकी सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त बताई गई है। हालांकि, इंडिगो समेत कुछ शेयरों में गिरावट भी रही। बाजार की आगे की दिशा अब प्रमुख बैंकिंग कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर निर्भर करेगी। निवेशकों की नजर जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित आईपीओ पर भी रहेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, तेजी के बावजूद निवेशकों को बाजार में उतार-चढ़ाव और जोखिम को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए।

हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार; पैंतीस पुलिस टीमें तलाश में जुटीं

अतर सिंह भड़ाना हत्याकांड : बच्चों व महिलाओं को छोड़कर पूरा भौंडा गाँव फरार, पुलिस ने प्रताड़ना के आरोपों को गलत बताया

भरतपुर। पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना हत्याकांड के बाद वैर क्षेत्र के भौंडा गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। घटना में संलिप्तता के संदेह और पुलिस कार्रवाई के बीच गांव के अधिकांश पुरुष फरार हैं। फिलहाल गांव में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग ही अधिक संख्या में मौजूद हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है। आईजी डॉ. प्रीति चंद्रा ने बताया कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस ने अभियान का दायरा बढ़ाया है। पहले 25 से 30 टीमें लगाई गई थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब करीब 30 से 35 कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुख्य आरोपी मुकेश फौजी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

गांव में शांति, पुलिस कार्रवाई जारी : आईजी ने बताया कि भौंडा गांव में फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य दोषियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इतनी गंभीर वारदात में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

परेशान करने के आरोपों से इन्कार : पुलिस कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों को परेशान करने के आरोपों को आईजी ने गलत बताया। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार ही कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया को प्रताड़ना नहीं माना जाना चाहिए। महिलाओं से बातचीत के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी और वीडियोग्राफी कराई जा रही है।

अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : आईजी ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बिना पुष्टि के खबरें प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और केवल सत्यापित जानकारी पर भरोसा करें।

कैबिनेट मंत्री रेखा पर पति ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

210 करोड़ की अवैध संपत्ति की जांच की मांग

बरेली।



उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और उनके पति तथा भाजपा नेता पप्पू गिरधारी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का विवाद गहरा गया है। पप्पू गिरधारी ने मंत्री पर भ्रष्टाचार के जरिए 210 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनकी संपत्तियों और विभाग में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। फेसबुक लाइव के दौरान पप्पू गिरधारी ने दावा किया कि रेखा आर्य के विभाग में पिछले दस वर्षों से भ्रष्टाचार हो रहा है और उन्होंने कई बार इस पर आपत्ति भी जताई थी। उन्होंने कहा कि यदि उनके आरोप गलत साबित हों तो उन्हें सजा दी जाए। उन्होंने जल्द ही उत्तराखंड में प्रेस वार्ता कर कथित दस्तावेज सार्वजनिक करने की बात भी कही। गिरधारी ने दावा किया कि उन्होंने करीब 17 वर्षों तक रेखा आर्य के राजनीतिक सफर में सहयोग किया। उन्होंने पूर्व महिला मैनेजर के जरिए कथित वसूली कराने तथा मंत्री की ओर से जारी ऑडियो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार किया गया बताते हुए उसकी प्रामाणिकता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग दोहराई। फिलहाल, दोनों पक्षों के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सूरतगढ़ में कांग्रेस का पंचायती राज चुनाव सम्मेलन आयोजित

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य के टिकट हेतु आवेदन लिये



सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

पंचायती राज चुनाव में जिला परिषद व पंचायत समितियों में जीत हासिल करने की रणनीति के तहत कांग्रेस ने महाराजा सिनेमा में सम्मेलन आयोजित कर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। विधानसभा प्रभारी रामवीर सिंह व विधायक डूंगरराम गेदर की उपस्थिति में हुए सम्मेलन में जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य के टिकट के लिए आवेदन लिए गए। इस दौरान वक्ताओं ने जिला परिषद व सूरतगढ़ व राजियासर पंचायत समितियों में कांग्रेस का बोर्ड बनाने का आह्वान किया गया। विधायक गेदर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि निकाय चुनाव जीतने के लिए पुलिस का सहारा लिया गया। गुंडागर्दी व झूठे मुकदमों के जरिए चुने हुए पार्षदों पर दबाव बनाकर चुनाव जीतना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई देश के लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं को बचाने की है। देश का युवा अपने हक व बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है। जबकि सरकार असहमति की आवाज को देशविरोधी करार देती है। विधानसभा प्रभारी रामवीर सिंह ने कहा कि युवा रोजगार व भविष्य को लेकर चिंतित हैं और किसान परेशान हैं। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सम्मेलन में पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, सिख कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष परमजीत रंधावा, पूर्व प्रधान देवीलाल सहारण, अमित कड़वासरा, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, राजियासर ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी स्वामी, पूर्व प्रधान हरीराम मेघवाल, प्रदेश सचिव गगन वंडिग, कृष्ण गोदारा, बनवारी थोरी, जयप्रकाश गिला, प्रवीण गोयल, बंशीधर छाबड़ा, पार्षद नीरू मुंजाल आदि कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त किए। ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया ने आभार जताया।

दुष्कर्म मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

मुरादाबाद। सिविल लाइंस क्षेत्र से तीन माह पहले लापता किशोरी को पुलिस ने अलीगढ़ से बरामद कर हिस्ट्रीशीटर राजकुमार उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी को अगवा कर बंधक बनाया और दुष्कर्म किया। उसने अश्लील फोटो किशोरी की मां के मोबाइल पर भेजे थे। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी को पकड़ा।

अपहरण से मचा हड़कम्प, जांच में झूठी निकली छात्र की कहानी

दौसा। रामगढ़ पचवारा कस्बे में 10वीं कक्षा के छात्र के अपहरण की कथित कोशिश की सूचना से हड़कंप मच गया। घटना के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर धरना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में मामला फर्जी पाए जाने के बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त कर दिया और बाजार दोबारा खुल गया। लालसोट डीएसपी सत्यनारायण यादव ने बताया कि छात्र ने पुलिस को सूचना दी थी कि स्कूल जाते समय थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया। सूचना फैलने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने दुकानें बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस छात्र को घटनास्थल पर लेकर गई और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन छात्र की मौजूदगी या अपहरण के प्रयास का कोई प्रमाण नहीं मिला। पूछताछ में छात्र के बयानों में भी अंतर सामने आया। डीएसपी के अनुसार, बाद में छात्र ने बताया कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं गया था। उसका होमवर्क अधूरा था और शिक्षकों ने पिता को साथ लेकर आने के लिए कहा था। डर के कारण उसने स्कूल जाने से बचने के लिए अपहरण की झूठी कहानी बना दी।

नशामुक्त युवा अभियान : योग और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। स्थानीय स्व. गुरुशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में 'नशामुक्त युवा अभियान' के तहत योग व आत्मरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। विवेकानंद सभागार में विद्यार्थियों को योगाभ्यास व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। योग प्रशिक्षक डॉ. मनोज कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को योगासन करवाकर नियमित योग को शारीरिक स्वास्थ्य व तनावमुक्त जीवन के लिए उपयोगी बताया और आत्मरक्षा के कौशल सिखाए। मुख्य वक्ता डॉ. उग्रसेन सिहाग ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-''मिनीरत्न''-कम्पनी)
केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)
फोन : 01498-261202, Email-csf.jetsar@indiaseeds.com

संख्याः के.रा.फा/जैत./रसद/Auction/2026-27/ दिनांक : 15.10.2026

ई-निविदा सूचना

केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में जिंसों/अमानक बीजों को NEML के ई-प्लेटफोर्म के माध्यम से ई-निविदा द्वारा दिनांक 30.10.2026 को प्रातः 11.00 बजे ''जहां है जैसा है'' के आधार पर बेचा जाएगा। विस्तृत जानकारी निगम की वेबसाइट www.indiaseeds.com पर तथा NEML की वेबसाईट www.neml.in पर देखी जा सकती है।

-फार्म प्रमुख

कार्यालय नगरपालिका गजसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर
क्रमांक : 936 आपत्ति सूचना दिनांक : 16/10/2026
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है बी-ब्लॉक का आवासीय भूखण्ड सं. 26 का 1/2 भाग पूर्वी साईज 36¼ ×60'' फीट जो कि पालिका रिकॉर्ड श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री भगवान दास निवासी गजसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर के नाम से नामान्तरण दर्ज है। संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 08.04.2010 को हो चुकी है व इनके पति भगवान दास की मृत्यु दिनांक 25.01.2025 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त जारी अध्यक्ष महोदय नगरपालिका गजसिंहपुर द्वारा सदस्य प्रमाण पत्र क्रमांक 01 दिनांक 15.10.2026 के अनुसार इनके निम्न वारिस हैं:- 1.राजेश कुमार (पुत्र), 2.शशी (पुत्री), 3.मंजू (पुत्री), 4. कैलाशचन्द्र (पुत्र), 5.विष्णु गोयल (पुत्र), 6.राहुल गोयल (पुत्र) कुल 06 वारिसान है। इस प्रकार उक्त भूखण्ड में प्रत्येक वारिसान का 1/6 हिस्सा विरासतन हक बनता है। प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र स्व.श्री भगवान दास निवासी गजसिंहपुर ने उक्त भूखण्ड का सभी वारिसान के नाम बराबर-बराबर विरासतन इन्तकाल दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। प्रार्थी श्री राजेश कुमार पुत्र स्व. श्री भगवान दास ने प्रार्थना पत्र पेश कर दस्तावेज अनुसार विरासतन इन्तकाल दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। अतः उपरोक्त नामान्तरण के संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति/हितबद्ध को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर मय सबूत के आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद किसी आपत्ति पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा व नामान्तरण दर्ज करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
- अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गजसिंहपुर

न्यायालय उपतहसीलदार (भू.अ.) 365 हैड, तहसील रावला जिला श्रीगंगानगर
क्रमांकः भू.अ./2026/308 दिनांक : 13/10/2026
सार्वजनिक सूचना
जो कि प्रार्थीगण शिरेन पंजोलिया- मानिक पंजोलिया पुत्रगण श्री संजय पंजोलिया जाति ब्राहमण सा. बौड वार्ड न. 09 जसूर खास तहसील नूरपुर ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि चक 19 के.डी.ए.ए.प. 51/37 मु. न. 23 कि.न. 1 त्ति 25 की कुल 6.325 है.क. दीनाना पुत्र श्री झण्डू भील्ड जाति ब्राह्मण पंजरोल हाल आबाद बौड वार्ड न. 09 जसूर खास तहसील नूरपुर के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है जिसकी वसीयत दिनांक 14.11.2017 को उनके हक में उप पंजीयक घडसाना में पंजीयन करवायी हुई है। वसीयत कर्ता की मृत्यु दिनांक 8.08.2026 को हो चुकी है। इसलिए उक्त भूमि का वसीयत अनुसार इंतकाल प्रार्थी शरेन पंजोलिया-मानिक पंजोलिया पुत्रगण श्री संजय पंजोलिया जाति ब्राहमण सा. बौड वार्ड नं. 09 जसूर खास तहसील नूरपुर के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे। उक्त वसीयत प्रकरण इस न्यायालय में जैरकार है, जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक - 28/10/2026 को मुकर्रर है. अतः किसी भी व्यक्ति को ऐतराज हो तो आगामी तारीख पेशी से पूर्व या सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वयं या जरीए वकील उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी ऐतराज मान्य नहीं होगा। यह नोटिस आज दिनांक - 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर से जारी किया गया। - उपतहसीलदार (भू.अ.) 365 हैड (2 के.एल.डी.)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
क्रमांकः LU2012/SGN/2026-27/101566/9027 लोक सूचना दिनांकः16/10/2026
स्काई हाइट रियलमार्ट प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर अंजनी कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद निवासी मकान न. 06 तिलक नगर श्री गंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिभृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं. /भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 एम.एल. तहसील व जिला श्रीगंगानगर	स्काई हाइट रियलमार्ट प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर अंजनी कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद	चक 4 एम.एल. के मुरब्बा न. 45 के किल्ला संख्या 3/2 में 0.1270 हेक., किल्ला संख्या 4/1 में 0.1900 हेक., किल्ला संख्या 4/2 में 0.0630 हेक., किल्ला संख्या 5/1 में 0.1208 हेक., किल्ला संख्या 6/2 में 0.1208 हेक., किल्ला संख्या 7/1 में 0.1900 हेक., किल्ला संख्या 7/2 में 0.0630 हेक., किल्ला संख्या 8/2 में 0.1260 हेक., किल्ला संख्या 13/4 में 0.0539 हेक., किल्ला संख्या 14/4 में 0.0805 हेक., किल्ला संख्या 14/6 में 0.0268 हेक., किल्ला संख्या 15/4 में 0.0513 हेक. यथाकूल 1.2131 हैक्टेयर	यथाकूल 1.2131 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिभृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिभृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकोन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .....को जारी की गयी। -प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनिरत्न कम्पनी)
केन्द्रीय राज्य फार्म, सरदारगढ़ (राज.)
Website:www.indiaseeds.com फोन- 01509-238027, 238296 ईमेल: directorcsfsrg@gmail.com

क्रमांकः सीएसएफ/सर./विप.11/2026/27 दिनांकः 14.10.2026

ई-नीलामी-सूचना

रा.बी.नि. केन्द्रीय राज्य फार्म सरदारगढ़ में **छानन, अबीज व अवमानक बीजों** को **NeML** के ई-प्लेटफोर्म के माध्यम से **दिनांक 21.10.2026 को सुबह 10:00 बजे से "जेसा है जहां है"** के आधार पर ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी निगम की वेबसाइट **www.indiaseeds.com** पर तथा **NeML** की वेबसाइट **www.neml.in** पर देखी जा सकती है। नीलामीदाता द्वारा **NeML** पर पंजीकरण हेतु **दूरभाष नंबर 7036373102** पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रभारी रसद
कृते फार्म प्रमुख, मोब.नं. 8619039706

रामलीला में भरत मिलाप का दृश्य देख नम हुई दर्शकों की आँखें

राजस्थानी रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का प्रभावी मंचन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। बड़े भाई के प्रति विश्वास, समर्पण व विरह की पीड़ा ने दर्शकों को भावुक कर दिया। राम-भरत मिलाप के मार्मिक दृश्य देखकर कई दर्शकों की आंखें भर आई। मायड़भाषा को समर्पित राजस्थानी रामलीला संस्थान की ओर से ब्राह्मण धर्मशाला स्थित हनुमान चौक पर आयोजित रामलीला की पांचवीं रात को राम-भरत मिलाप, निषादराज संवाद, केवट की ओर से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता को गंगा पार करवाने के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। राजा दशरथ के निधन के बाद भरत के अयोध्या का राज स्वीकार नहीं करने, भगवान श्रीराम की खड़ाऊं सिर पर रखकर लौटने और 14 वर्ष बाद राम के अयोध्या आने के वचन के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम के रूप में आर्य स्वामी, भरत के रूप में संजय बिश्नोई व शत्रुघ्न के रूप में राजकमल के अभिनय को खूब सराहना मिली। मुख्य अतिथि समाजसेवी व्यापार मंडल के सचिव आकाशदीप बंसल व युवा व्यवसायी धन्नाराम स्वामी ने भगवान श्रीराम की आरती की। आकाशदीप बंसल ने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता नहीं मिलने के लिए सरकारों की उदासीनता को जिम्मेदार बताया। धनाराम स्वामी ने कहा कि राजस्थानी रामलीला मातृभाषा के संरक्षण व संवर्धन का संदेश दे रही है। समिति की ओर से अतिथियों का प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सीता दिव्या भाकर, लक्ष्मण प्रदीप जसूजा व केवट की भूमिका देव भारती ने निभाई। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य हंसराज भादू ने आभार जताया।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांकः राजकाज/रे.नं. 25097084 आपत्ति सूचना दिनांकः 16.10.2026
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी एम एस एंटीक एलएलपी जरिये अधिकृत पार्टनर आशा पोकरना पत्नी श्री भजनी मित्तल ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर साईज 25 गुणा 50 फीट उत्तर पश्चिम दिशा में सड़क का कॉर्नर अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। अॅनलाईन 213538 यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर में से दक्षिणी साईज 25 गुणा 25 फीट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.08.1982 द्वारा श्री चुन्नीलाल पुत्र श्री माधोराम से राजेन्द्र प्रसाद जिन्दल पुत्र श्री मेघराज जिन्दल ने क्रय किया। राजेन्द्र प्रसाद जिन्दल पुत्र श्री मेघराज जिन्दल भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर में से उत्तरी साईज 25 गुणा 25 फीट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.08.1982 द्वारा लीलूराम पुत्र श्री कस्तूराराम से राजेन्द्र प्रसाद जिन्दल पुत्र श्री मेघराज जिन्दल ने क्रय किया। राजेन्द्र प्रसाद जिन्दल पुत्र श्री मेघराज जिन्दल ने जरिये उपहार पत्र दिनांक 04.06.2012 द्वारा भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर में से उत्तरी साईज 25 गुणा 50 फीट उत्तर पश्चिम दिशा में सड़क का कॉर्नर श्री बजरंगदास पुत्र श्री मेघराज जी जिन्दल को देता हूँ। श्री बजरंगदास पुत्र श्री मेघराज जी जिन्दल का देहांत दिनांक 21.09.2020 को हो चुका है, वारिस सदस्य प्रमाण पत्र अनुसार वारिसान 1. श्रीमती बिमला देवी पत्नी 2. श्रीमती कामिनी जिन्दल पुत्री,श्रीमती कामिनी जिन्दल पुत्री श्री बजरंग दास आधवान ने जरिये पंजीकृत हक परित्याग पत्र दिनांक 09.09.2026 द्वारा भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर में से उत्तरी साईज 25 गुणा 50 फीट उत्तर पश्चिम दिशा में सड़क का कॉर्नर में से अपना 1/2 भाग श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री बजरंगदास के हक में छोड़ दिया। श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री बजरंगदास ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.09.2026 द्वारा भूखण्ड संख्या 123 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर साईज 25 गुणा 50 फीट उत्तर पश्चिम दिशा में सड़क का कॉर्नर एम एस एंटीक एलएलपी जरिये अधिकृत पार्टनर आश्या पोकरना पत्नी श्री भजनी मित्तल को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांकः राजकाज रेफ नम्बर 24988143 दिनांकः- 11-10-2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्रीमती माया देवी पत्नी श्री कृष्ण कुमार ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 48 गांधी बस्ती, वार्ड संख्या 14/11 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर पैमाइशी 25 गुणा 40 फीट कॉर्नर भाग पूर्व उत्तर की ओर खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकॉर्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 210258 यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार श्री गुरदेव सिंह व दर्शन सिंह सिसरान सरदारा सिंह एवं साहिराम पुत्र श्री किशनराम द्वारा पंजीकृत रजामंदनामा दिनांक 29.09. 1972 को किया गया जिसके अनुसार द्वारा भूखण्ड संख्या 48 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर साईज 2000 फीट श्री गुरदेव सिंह व दर्शन सिंह सिसरान सरदारा सिंह के हिस्से में आया। श्री गुरदेव सिंह व दर्शन सिंह सिसरान सरदारा सिंह द्वारा एक बंटवारा किया गया दस्तावेज में अंकित है पानू बंटवारा के संबंध में दस्तावेज संलग्न है। दर्शन सिंह पिसर सरदारा सिंह का देहांत दिनांक 26.01. 2003 को हो चुका है। संलग्न वारिस प्रमाण पत्र अनुसार वारिसान 1. करतार कौर पत्नी 2. जसपाल कौर पुत्री 3. बीरपाल कौर पुत्री 4. बूटा सिंह पुत्र 5. नवदीप कौर पुत्री 6. गुरसरण कौर पुत्री करतार कौर, बूटा सिंह, जसपाल कौर, बीरपाल कौर, नवदीप कौर, गुरसरण कौर ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.05.2007 द्वारा भूखण्ड संख्या 48 पैमाइशी 25 गुणा 40 फीट कॉर्नर भाग पूर्व उत्तर की ओर खुलता हुआ वाके वार्ड नम्बर 14, तहावर वाटिका के पीछे, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर श्री अजय चुघ पुत्र श्री मुंशी राम को विक्रय कर दिया। जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.10.2012 द्वारा भूखण्ड संख्या 48 गांधी बस्ती, वार्ड संख्या 14/11 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर पैमाइशी 25 गुणा 40 फीट कॉर्नर भाग पूर्व उत्तर की ओर खुलता हुआ श्री अजय चुघ पुत्र श्री मुंशी राम ने श्रीमती माया देवी पत्नी श्री कृष्ण कुमार को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांकः राजकाज रेफ नं. 25063448 दिनांकः- 16-10-2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री प्रदीप कौशिक पुत्र श्री परमानन्द ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 32 जे ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 16.8 गुणा 50 फीट का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन करने हेतु निवेदन किया हैं। यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार श्री प्रदीप कौशिक पुत्र श्री परमानन्द के नाम से भूखण्ड संख्या 32 जे ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 16.8 गुणा 50 फीट का नामांतरण जारीशुदा है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड का साईज 16.8 गुणा 50 फीट है। मोके पर ग्राउण्ड एवं तीन फलोर का निर्माण है। उक्त भूखण्ड के पश्चिम दिशा में 100 फीट और दक्षिण में 20 फीट रोड़ है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ प्रावधानित है जो कि मुख्य मार्ग गउशाला रोड़ पर स्थित है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर
क्रमांक :- लेखा / निविदा / 2026-27 / 620 दिनांक :- 15/10/26
-:: बोली आमंत्रण सूचना ::-
कार्यालय जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर के अन्तर्गत आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये निम्नानुसार सामग्री, कार्य एवं सेवाएं प्रदान करने हेतु इच्छुक केवल जी.एस.टी. पंजीकृत बोलीदाताओं / अधिकृत डीलर / थोक विक्रेता इत्यादि से वार्षिक दर संविदा हेतु दर प्रस्ताव बोली की अंतिम दिनांक 23.10.2026 को निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने के लिए मुहरबन्द खुली / सीमित बोली आरटीपीपी नियम 2013 के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं। बोली के संबंध में विस्तृत विवरण व शर्तें वेब साईट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.	BID No.	PARTICULARS	ESTIMATED COST
UBN-CGN2627SSRC00009	OPEN BID 09/2026-27	PHOTOSTAT WORK	Rs. 900000/-
UBN-CGN2627SSRC00010	LIMITED BID 10/2026-27	PRINTER TONER REFFILLING & REPAIR	Rs. 180000/-
UBN-CGN2627GSRC00011	OPEN BID 11/2026-27	STATIONARY ITEMS SUPPLY	Rs. 600000/-

अति० जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड-प्रथम, जयपुर।
क्रमांकः- 2982-3001 दिनांकः 29/9/2026
निविदा सूचना संख्या- 88-92/2026-27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 22.10.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 23.10.2026 को इस कार्यालय में प्रातः 11.00 बजे खोली जाएगी। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (5) वित्त/सावि लेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईप्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर ई-निविदाओ के प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मूल्य (Tender Fee) बिड सिक्योरिटी (EMD) एवं RISL फीस को ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है। निविदा शुल्क / धरोहर राशि / प्रक

न्यूज इन ब्रीफ

जिला स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रति. कल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला नेटबॉल संघ के तत्वावधान में 18 अक्टूबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदराम की ढाणी के खेल मैदान में जिला स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के मुकाबले होंगे। जिला नेटबॉल संघ अध्यक्ष मनोज पारीक ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के पंजीकृत स्पोर्ट्स क्लबों, विद्यालयों और खेल अकादमियों की टीमें हिस्सा लेंगी। सभी टीमों को समय पर मैदान में पहुंचकर अपनी प्रविष्टि दर्ज करानी होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हनुमानगढ़ जिला टीम के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 23 से 25 अक्टूबर तक पलसाना (सीकर) में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

मकानों से 2.90 लाख की कॉपर तार चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की न्यू सिविल लाइंस कॉलोनी में चोरों ने तीन निमार्णाधीन मकानों से 2.90 लाख रुपए की कॉपर तार चोरी कर ली। न्यू सिविल लाइंस वेलफेयर सोसायटी ने शुक्रवार को पुलिस थाने में परिवाद देकर कार्रवाई की मांग की। सचिव प्रेम सिंह राघव के अनुसार, राजेन्द्र कुमार डाल के मकान से 90 हजार, प्रमोद कुमार अग्रवाल के मकान से डेढ़ लाख और विजय कुमार के मकान से 50 हजार रुपए की तार चोरी हुई। सोसायटी पदाधिकारियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी हुआ सामान बरामद करने की मांग की।

मदान इंटरनेशनल स्कूल बना चैंपियन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। मदान इंटरनेशनल स्कूल के गीतांश कस्वां, अगमजोत सिंह और गुर एकम सिंह ने सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 के अंडर-14 राइफल शूटिंग बालक टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और राजस्थान का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता 11 से 14 अक्टूबर तक तेलंगाना के सिकंदराबाद में आयोजित हुई। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित समारोह में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय स्केटिंग के लिए चयनित लावण्या बारा सहित विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर चयनित 21 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। चेयरमैन सुनील मदान ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण विकसित करते हैं।

अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। माकपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर निजी फाइनेंस कंपनियों की कार्यप्रणाली की जांच करवाने की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि कुछ कंपनियां 28 से 40 प्रतिशत तक ब्याज वसूलने के साथ फाइल चार्ज के नाम पर ऋण राशि काटती हैं। किस्त बकाया होने पर उपभोक्ताओं को धमकाने और अपमानित करने के आरोप भी लगाए गए। माकपा ने कंपनियों के लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच, ऋण शर्तें हिंदी में उपलब्ध करवाने तथा ब्याज दरें प्रदर्शित करने की मांग की। नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर कार्रवाई नहीं होने पर जिलेभर में आंदोलन की चेतावनी दी गई।

पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गांव मक्कासर में शुक्रवार को तीसरे कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। सुखा सिंह पहलवान की ओर से ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न क्षेत्रों के करीब 100 पहलवानों ने भाग लिया। दंगल में विजेता पहलवान को एक लाख रुपए तथा पांच अन्य पहलवानों को 50-50 हजार रुपए के पुरस्कार दिए गए। अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों से जोड़ने पर जोर दिया।

रामलीला का आयोजन

भगवान श्रीराम की लीलाएं परिवार, समाज और जीवन में आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देती है

धू-धू कर जली सोने की लंका, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित नगर परिषद के श्रीरामलीला रंगमंच पर श्रीरामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के दसवें दिन अशोक वाटिका विध्वंस, अक्षय कुमार वध और लंका दहन के प्रसंगों का मंचन किया गया। हनुमान जी की ओर से सोने की लंका जलाने का दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंचन में दिखाया गया कि माता सीता की खोज में हनुमान जी समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं। वहां विभीषण से मुलाकात के बाद उन्हें अशोक वाटिका में माता सीता के होने की जानकारी मिलती है। हनुमान जी



वाटिका में फल खाते हुए पेड़-पौधे उजाड़ देते हैं। रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को उनसे युद्ध करने भेजता है, जिसमें अक्षय कुमार मारा जाता है। इसके बाद मेघनाथ हनुमान जी को ब्रह्मपाश से बांधकर रावण के दरबार में ले आता है। रावण उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है, लेकिन हनुमान जी इसी आग से पूरी लंका जला देते हैं। इस दृश्य पर दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रामलीला के दौरान भारत माता की झांकी की आरती श्री फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने की। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल और सचिव दिनेश तलवाड़िया ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीलाएं परिवार, समाज और जीवन में आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देती हैं।

रिश्ते व पारिवारिक मूल्यों की सीख

इनके प्रसंगों से भाई के कर्तव्य, पिता-पुत्र के रिश्ते और पारिवारिक मूल्यों की सीख मिलती है। रामलीला का मंचन निर्देशक प्रेम पारीक तथा उपनिर्देशक अशोक मिड्ढा और बहादुर सिंह चौहान के सानिध्य में किया जा रहा है। मंच संचालन मंच सचिव प्रहलाद गुप्ता ने किया। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि 20 अक्टूबर को टाउन बाइपास स्थित दशहरा ग्राउंड में दशहरा उत्सव आयोजित होगा। इसके लिए रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के विशाल पुतले तैयार किए जा रहे हैं। रंगीन आतिशबाजी भी उत्सव का आकर्षण रहेगी। इस मौके पर समिति संरक्षक बालकृष्ण गोल्याण, उपाध्यक्ष सज्जन बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, स्टेज व्यवस्था प्रभारी सुंदर बंसल, पवन खदरिया, बालकिशन खदरिया और चंद्ररतन खदरिया सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

---

9 साल, 6 आईजी, 7 एसपी, 8 एसएचओ और 9 टीमें बदलीं

जसाना पवन व्यास मर्डर मिस्ट्री: पिता बोले-अंतिम कॉल में हत्या का रहस्य

जयलाल वर्मा

सीमा सन्देश # चारणवासी। जिले के बहुचर्चित जसाना गांव के पवन व्यास हत्याकांड को नौ साल पूरे हो गए, लेकिन हत्या का रहस्य आज भी अनसुलझा है। 17 अक्टूबर 2017 को धनतेरस के दिन पंचायत घर में ई-मित्र संचालक पवन व्यास की दिनदहाड़े गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। हत्यारे उसका लैपटॉप और मोबाइल भी साथ ले गए थे। मामले में छह आईजी, सात एसपी, आठ एसएचओ और नौ विशेष जांच टीमें बदलने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं।









बेटे के वियोग में मां ने गंवाई जान

इकलौते बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी की उम्मीद लगाए बैठी मां भगवती देवी व्यास का फरवरी 2024 में निधन हो गया। वह सात साल तक पति रामस्वरूप व्यास के साथ बेटे को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती रहीं। बेटे की मौत के सदमे से परिवार ने जसाना गांव भी छोड़ दिया।

नौ साल से सील है वारदात वाला कक्ष

हत्याकांड के बाद से पंचायत घर का संबंधित कक्ष और भवन सील है। देखरेख के अभाव में भवन जर्जर हो रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि घटनास्थल वाले कक्ष को सुरक्षित रखते हुए शेष भवन की मरम्मत और सार-संभाल करवाई जाए।

पिता को न्याय की उम्मीद

पवन के पिता रामस्वरूप व्यास का दावा है कि हत्यारे के साथी और राजदार आज भी आसपास मौजूद हैं, लेकिन भय के कारण कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। उन्होंने जांच एजेंसियों पर सही दिशा में जांच नहीं करने और साक्ष्य मिटाने के आरोप लगाए। उनका कहना है कि वह अंतिम सांस तक बेटे को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

जांच एजेंसियां भी नहीं कर पाई खुलासा

हत्याकांड की जांच तत्कालीन सीआई रणवीर सांई ने शुरू की थी। बाद में मामला सीआईडी और एसओजी तक पहुंचा। 21 दिसंबर 2018 को एसओजी जोधपुर यूनिट ने एसपी रामदेव जलवानियां के नेतृत्व में जांच शुरू की। कुछ संदिग्धों के नारको टेस्ट भी करवाए गए, लेकिन हत्या का खुलासा नहीं हो सका। न्याय की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 2018 के विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया और जयपुर में राजस्थान विधानसभा भवन तक पैदल मार्च निकाला। मामला राजस्थान हाईकोर्ट भी पहुंचा, जहां जांच में शिथिलता पर पुलिस को फटकार लगी। बाद में एएसपी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय विशेष टीम गठित कर साइबर सेल की मदद से साक्ष्य खंगालने का प्रयास किया गया।

माता का जागरण

सीमा सन्देश # चारणवासी। चामुंडा माताजी मंदिर चक जोशियों (जसाना) की ढाणी में बीती रात जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें गायक मुकेश लोहरा चक धोरेवाल ने जागरण की शुरूआत माता जी आरती व भक्तों द्वारा की गई पूजा-अर्चना व जयोत के साथ शुरू किया। जागरण में चलो बुलावा आया है...माता चामुंडा भवानी जगमग जोत जगे, म्हारा जागरा में मैया थारो वास, डेरू बाजे ढोल बाजे माता थारो ध्याण धरू, ऊंचे पर्वत वाली मां थारो मन्दिर अति प्यारो और भगत शरण में आया सहित मन मोहक डेरु की थाप पर प्रस्तुत किए गए लोक भजनोंपर पूरी रात श्रद्धालु झूमे। जागरण में रतनपुरा, जसाना, चारणवासी, मलवाणी, चक 2 आरपीएम, 10-12 केएनएन, 4 आरपीएम, शिवपुरा, पिचकराई, 16-17 केएनएन, 6 आरपीएम सहित दूरदराज के श्रद्धालु पहुंचे।

सेवा सेतु शिविर में 48 को मिले पट्टे

शहरवासियों के आवश्यक कार्य समयबद्ध पूरे होंगें



भादरा। स्थानीय नगर पालिका परिसर में गुरुवार को सेवा सेतु (शहरी सेवा शिविर) योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक संजीव बेनीवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने 48 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। पट्टे मिलने पर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी नजर आई। इस अवसर पर विधायक संजीव बेनीवाल ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को राहत देने और शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को उनके आवास का कानूनी अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेवा सेतु जैसे शिविरों के माध्यम से लोगों के लंबित कार्यों का निस्तारण कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पट्टा मिलने से लाभार्थियों को अपने मकान पर कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

प्रकरण निस्तारण का रहेगा प्रयास

नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि पालिका का उद्देश्य शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ उनके आवश्यक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। पट्टा वितरण से लोगों को राहत मिलेगी और वे अपने आवास से संबंधित कार्यों को सुगमता से करवा सकेंगे। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिषेक नैण ने बताया कि सेवा सेतु योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पट्टे जारी किए जा रहे हैं।शिविर के माध्यम से आमजन को नगर पालिका से संबंधित सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करने का प्रयास किया गया है। पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि पट्टा मिलने से लाभार्थियों को राहत मिली है, तथा लंबे समय से अपने आवास के दस्तावेजों की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को लाभ मिला है। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष दयानंद खोखेवाला, बलवंत सैनी, सुरेंद्र सारड़ीवाल, अकबर खान, पुरुषोत्तम खत्री, पार्षद प्रतिनिधि हर्ष नाहटा सहित नगर पालिका के कार्मिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक : पीलीबंगा में पंचायती राज चुनावों को लेकर भाजपा ने कसी कमर

सीमा सन्देश # पीलीबंगा/18 एसपीडी। आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी बिसात बिछाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पीलीबंगा में भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव रणनीति, बूथ प्रबंधन और पार्टी की तैयारियों को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने एकजुट होकर कार्यकताओं को ऐतिहासिक जीत का संकल्प दिलाया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी दिनेश दाभाई और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू के नेतृत्व में आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।

योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा



वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पंचायती राज चुनाव सीधे तौर पर ग्रामीण विकास और जन-जन से जुड़े हैं, ऐसे में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, पंचायत समिति चुनाव प्रभारी भंवर सिंह जांगिड़, जिला पंचायत समिति चुनाव संयोजक कुलवंत चहल, जिला उपाध्यक्ष दलीप बैनीवाल, मंडल अध्यक्ष नथू राम बगड़िया, सीताराम बिश्नोई तथा पूर्व चेयरमैन रणवीर डेलू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी नेताओं ने आपसी समन्वय और मजबूत बूथ प्रबंधन के साथ चुनावी मैदान में उतरने का आह्वान किया।

चेक अनादरण के दोषी को 2 साल कारावास, 2 लाख का जुर्माना

सीमा सन्देश# रावतसर। न्यायिक मजिस्ट्रेट विधिका आर्य ने चेक अनादरण के एक प्रकरण में न्यायालय ने आरोपित को दोषी मानेते हुए 2 वर्ष कारावास एवं 2 लाख रुपए प्रतिकर राशि से दंडित किया है। परिवादी महावीर कुम्हार निवासी रावतसर ने अधिवक्ता एम.एल. शर्मा के जरिए न्यायालय में परिवाद पेश कर बताया कि सुभाष पुत्र लालचंद कुम्हार निवासी रावतसर ने उससे 1 लाख 71 हजार रुपए उधार लिए थे। इसकी अदायगी बाबत चेक दिया। जिसके भुगतान के लिए बैंक में लगाया तो खाते में भुगतान योग्य पर्याप्त निधि नहीं होने के कारण अनादरित हो गया। इस पर परिवादी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। न्यायालय में मौखिक साक्ष्य के साथ 6 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त सुभाष को दोषसिद्ध करार देते हुए 2 साल के कारावास एवमं 2 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। परिवादी की पैरवी एडवोकेट एम.एल. शर्मा ने की।



नशामुक्त भारत से ही बनेगा खुशहाल भारत

हनुमानगढ़। जिला औषधि नियंत्रक एवं जिला केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को टाउन स्थित श्री सनातन धर्म महावीर दल धर्मशाला में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीसी अजय कुमार ने कहा कि नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ पारिवारिक व सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवाओं को शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है। थाना प्रभारी लखवीर सिंह ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने तथा जिला औषधि नियंत्रक चंद्रकांत शर्मा ने दवाओं के जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया।

नवोदय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

सीमा सन्देश # पल्लू। जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2027-28 के दौरान कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली समानांतर चयन परीक्षा-2027 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी निर्धारित लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वहीं, कक्षा 11वीं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन जाकर आवेदन कर सकते हैं।

23 से 25 अक्टूबर तक आवेदन में सुधार का अवसर: पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में त्रुटियों को सुधारने का अवसर भी दिया जाएगा। इसके लिए 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन करेक्शन विंडो खोली जाएगी। इस अवधि में अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में लिंग (लड़का/लड़की), श्रेणी (सामान्य, ओबीसी, एससी एवं एसटी), क्षेत्र (ग्रामीण/शहरी) तथा विकलांगता संबंधी विवरणों में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन पूरा कर लें तथा आवेदन में भरी गई जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करें। करेक्शन विंडो के दौरान निर्धारित विवरणों में आवश्यक सुधार कर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित औपचारिकताएं समय पर पूरी कर सकते हैं।

माता के दर्शनों के लिए लग रहा भक्तों का तांता, माता के जयकारे गूंज रहे, विशेष पूजा अर्चना हो रही

नवरात्र विशेष : नोहर में आस्था का केंद्र बना ज्वाला माता मंदिर

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर में काका डेयरी के पास राज मंदिर के पीछे स्थित करीब 150 वर्ष प्राचीन ज्वाला माता मंदिर नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के अवसर पर माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। करीब डेढ़ शताब्दी से चली आ रही धार्मिक परंपरा के चलते मंदिर का क्षेत्र के धार्मिक जीवन में विशेष महत्व है। मंदिर के पुजारी मुरारी महर्षि ने बताया कि उनके परिवार की चार पीढ़ियां माता की पूजा-अर्चना की परंपरा निभाती आ रही हैं। उनके पड़दादा, दादा और पिता के बाद अब वे स्वयं मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। परिवार की पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा मंदिर की धार्मिक विरासत और लोगों की अटूट श्रद्धा को दर्शाती है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि ज्वाला माता के दरबार में सच्चे मन से प्रार्थना करने से मन को शांति मिलती है और कठिन परिस्थितियों में हौसला मिलता है। श्रद्धालु माता के सामने शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हैं। कई भक्त अपनी



मनोकामनाएं लेकर मंदिर पहुंचते हैं और माता के दर्शन कर आध्यात्मिक संबल प्राप्त करते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहता है। माता के जयकारों, पूजा-अर्चना और श्रद्धालुओं की आवाजाही से मंदिर में रौनक रहती है। स्थानीय लोगों के लिए यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही धार्मिक परंपरा, पारिवारिक संस्कार और सामुदायिक आस्था का प्रतीक भी है। करीब 150 वर्षों से कायम पूजा परंपरा ने ज्वाला माता मंदिर को नोहर की धार्मिक विरासत में विशिष्ट पहचान दिलाई है।

सोने की लंका जलाकर तोड़ा रावण का अहंकार



नोहर। श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित बाड़ीवाली रामलीला में गुरूवार रात्रि लंका दहन के दृश्य का मंचन किया गया। रामलीला में सम्पाति से हनुमान जी व वानर सेना की भेंट, जामवंत द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्ति याद दिलाने, माता सीता की खोज में हनुमान जी के समुद्र पार कर लंका में अशोक वाटिका पहुंचने, माता सीता को श्रीराम की निशानी (मुद्रिका) देने, भूख लगने पर अशोक वाटिका के फल खाने और अशोक वाटिका को तहस-नहस करने, हनुमान जी द्वारा अक्षय कुमार का वध करने के बाद मेघनाद द्वारा नागपाश में बांधकर रावण के दरबार में पेश करने सहित रावण के आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने और उसके बाद पूरी सोने की लंका जलाकर रावण के अहंकार को तोड़? के दृश्य का बड़े ही बेहतरीन तरीके से मंचन किया गया। रामलीला में राम की भूमिका किशन चाचाण, सीता कपिल सोनी, लक्ष्मण प्रेम मित्रुका, हनुमान किशोरी लाल पारीक, सुग्रीव रोहिताश सैनी, जामवंत दीपक, रावण नारायण छिम्पा, मंदोदरी प्रिंस, मेघनाथ प्रताप सोनी, सम्पाति शिवम भोजक, विभीषण निर्मल व्यास सहित अंगद की भूमिका आदित्य मित्रुका ने निभाई।

बैंक ऑफ इंडिया ने ग्रामीणों को साइबर ठगी के प्रति किया जागरूक



सीमा सन्देश # 18 एसपीडी। गांव बड़ोपल स्थित बैंक ऑफ इंडिया की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पंचायत भवन में जागरूकता सभा आयोजित की गई। इसमें ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा में शाखा प्रबंधक हरीश कुमार तथा बैंक अधिकारी रोहन काठपाल और राकेश ने ग्रामीणों को यूपीआई, फर्जी ई-मेल, फोन कॉल और ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने म्यूल बैंक खाते खुलवाने के जोखिम और इसके कानूनी परिणामों से अवगत कराते हुए बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में सतर्कता, ईमानदारी, पारदर्शिता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान बैंक अधिकारियों और ग्रामीणों ने रिश्वत न लेने-देने तथा ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ भी ली। सभा में गांव के गणमान्य नागरिकों सहित महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

दिव्यांगों को दिलवाए मेडिकल प्रमाण-पत्र

18 एसपीडी। जनकल्याण सेवा समिति के प्रयासों से जिला चिकित्सालय में 18 दिव्यांगों को जांच के बाद मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी किए गए। समिति अध्यक्ष हरबंस लाल सहारण ने बताया कि उप नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार जांगिड़ की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड ने प्रक्रिया पूरी की। इनमें मंदबुद्धि श्रेणी के 11 दिव्यांगों को आईक्यू टेस्ट के लिए बीकानेर स्थित पीबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉ. निरूपा जैन ने जांच की। सहारण ने बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों के आवागमन हेतु वाहन की आवश्यकता है, जिसके लिए उन्होंने सहयोग की अपील की। यात्रा व ईंधन खर्च में नायब तहसीलदार दरिया सिंह सहित शिक्षकों ने आर्थिक सहयोग दिया।

नारी सम्मान का संदेश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नवरात्र के मौके पर सशक्त नारी संस्थान की ओर से खुंजा स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कंजक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मित्ताली अग्रवाल के नेतृत्व में संस्थान सदस्यों ने 121 कंजकों का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया और उपहार स्वरूप प्रसाद व अन्य सामग्री भेंट की। कार्यक्रम में बालिकाओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए, चुनरी ओढ़ाई गई और हाथों में मेहंदी लगाकर सम्मान किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मित्ताली अग्रवाल ने कहा कि कंजक पूजन धार्मिक आस्था के साथ बालिकाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश भी देता है। बालिकाएं समाज की नींव हैं और उनका सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। संस्थान पदाधिकारियों ने बच्चों को संस्कारों के साथ समानता का भाव रखने की सीख भी दी। बालकों को समझाया गया कि समाज में बेटियों और बेटों को समान अवसर व सम्मान मिलना चाहिए।

आस्था व श्रद्धा — सालासर बालाजी के पैदल यात्रियों की सेवा को बताया पुण्य कार्य, श्रद्धालुओं के लिए जुटाई गई व्यापक सुविधाएं

पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया भंडारे का शुभारंभ

सीमा सन्देश # भादरा। सालासर बालाजी के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और धार्मिक आस्था के संगम के बीच गुरुवार देर सांय श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति, श्रीगंगानगर की भादरा शाखा की ओर से 21वें विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रिबन काटकर भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि सालासर बालाजी के दर्शन के लिए पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य और सौभाग्य का कार्य है। पैदल यात्रियों की थकान दूर कर उन्हें भोजन, विश्राम और चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सच्ची मानव सेवा है। धार्मिक आयोजनों की सार्थकता तभी है, जब उनके माध्यम से जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं को राहत मिले। उन्होंने समिति की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि लगातार 21वें वर्ष भंडारे का आयोजन करना श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक सहयोग का प्रेरणादायी उदाहरण है।



सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रहे

गोयल ने कहा कि धार्मिक परंपराएं समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और सेवा के संस्कारों को मजबूत बनाती हैं। सालासर बालाजी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था उन्हें लंबी पदयात्रा के लिए प्रेरित करती है, वहीं रास्ते में सेवादारों द्वारा की जाने वाली सेवा उनकी यात्रा को सुगम बनाती है। ऐसे सेवा कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सराहनीय है। समिति के सदस्यों के साथ भादरा के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं का सहयोग इस सेवा अभियान को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है। श्रद्धा, समर्पण और मानव सेवा की भावना से आयोजित यह भंडारा सालासर बालाजी के पैदल यात्रियों के लिए राहत का केंद्र बनने के साथ ही सामाजिक सद्भाव और धार्मिक आस्था का संदेश भी दे रहा है।

जांच में शामिल होने के निर्देश, गैंगस्टर से धमकी दिलवाने का आरोप

हाईकोर्ट ने विधायक बंसल की गिरफ्तारी पर लगाई रोक, 56 दिन बाद फिर सुनवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने हनुमानगढ़ के विधायक गणेशराज बंसल को एक आपराधिक मामले में राहत देते हुए पुलिस को उन्हें गिरफ्तार नहीं करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की एकलपीठ ने 16 अक्टूबर 2026 को यह आदेश पारित किया। अदालत ने गणेशराज बंसल को जांच में शामिल होने के निर्देश भी दिए हैं। हाईकोर्ट में गणेशराज बंसल की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धारा 528 के तहत याचिका दायर कर हनुमानगढ़ जंक्शन थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 669/2026 को निरस्त करने की मांग की गई थी। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (इठर), 2023 की धारा 351(3), 61(2) और 111(2)() के तहत दर्ज है।

दस माह की देरी से एफआईआर दर्ज कराने का दिया तर्क

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में दलील दी गई कि परिवादी रिछपाल सिंह खारड़ा ने आरोप लगाया है कि हैनी बॉक्सर ने 3 जनवरी 2026 को फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप के अनुसार, यह धमकी गणेशराज बंसल की ओर से दी गई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि कथित धमकी की घटना के लगभग दस माह बाद 7 अक्टूबर 2026 को एफआईआर दर्ज कराई गई। साथ ही, एफआईआर में गणेशराज बंसल द्वारा सीधे धमकी देने का आरोप नहीं होने की बात भी अदालत के समक्ष रखी गई। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है तथा इससे पहले दर्ज कुछ अन्य एफआईआर में भी गणेशराज बंसल को राहत मिल चुकी है।



परिवादी पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का दिया हवाला

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता तथा परिवादी के अधिवक्ता ने याचिका का विरोध किया। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और परिवादी के बयान दर्ज होना अभी बाकी है। परिवादी पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के नीहरिका इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में दिए गए निर्णय का भी हवाला दिया।

अदालत ने जांच में शामिल होने के दिए निर्देश

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद हाईकोर्ट ने मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करते हुए गणेशराज बंसल को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। अदालत ने निर्देश दिया कि गणेशराज बंसल जांच में शामिल हों, लेकिन हाईकोर्ट के आगे के आदेश के बिना एफआईआर संख्या 669/2026 के संबंध में उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। अदालत ने मामले को आठ सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने इस आदेश में एफआईआर को निरस्त नहीं किया है, बल्कि गणेशराज बंसल को जांच में शामिल होने की शर्त के साथ गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है।

सीता हरण और जटायु मरण के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर स्वामी विवेकानंद रंगमंच सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला के नौवें दिन पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, जटायु मरण, कबंध राक्षस के उद्धार और माता शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान देने के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय और भावपूर्ण संवादों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान रावण की ओर से माता सीता के हरण और उनकी रक्षा के लिए जटायु के संघर्ष एवं बलिदान का मार्मिक दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम की ओर से कबंध राक्षस का उद्धार करने और माता शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान देने के प्रसंगों ने दर्शकों को भक्तिभाव से भर दिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष मोहन चंगोई मुख्य अतिथि रहे। पशुपति जीव रक्षक गौ मित्र संस्था के पदाधिकारी भगवती गर्ग और विजय जांगिड़ सहित अन्य सदस्य तथा एकता मंच के पदाधिकारी सपरिवार मौजूद रहे। राम की भूमिका रोहित शर्मा, लक्ष्मण की मानव तिवारी, माता सीता की साहिल सारवान, रावण की भरत, जटायु की विशु और कबंध राक्षस की भूमिका प्रमोद ने निभाई।

आत्मरक्षा और आपातकाल से निपटने के गुर सिखाए



सीमा सन्देश # बरवाली। नजदीकी गांव फेफाना के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भोपाल से आए प्रशिक्षक पुनीत चतुर्वेदी ने बालिकाओं को आत्मरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय खुद को मजबूत रखें और आसपास के वातावरण को समझते हुए सूझबूझ से काम लें। चतुर्वेदी ने गैस चूल्हे में आग लगने, बारिश, तूफान, भूकंप और पानी में गिरने जैसी परिस्थितियों में बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों और कार्य करने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नल ओपी सुमरा ने सेना में ड्यूटी के दौरान के अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य प्रियंका ने अतिथियों का विद्यालय में स्वागत किया। कार्यक्रम में एसडीएमसी कमेटी के सदस्य धर्मेंद्र सुथार सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम



सीमा सन्देश # बरवाली। गोगामेड़ी के महंत रूपनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अधिकार मित्र महावीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा, पौष्टिक भोजन, भोजन के अधिकार, खाद्य पदार्थों की बबार्दी रोकने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को भोजन के महत्व और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों से भोजन का सम्मान करने और समाज में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी रामकिशन सहारण सहित अन्य स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

किसानों को मिलेंगी आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी

श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में आज होगा हनी प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार, 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भारत सरकार के राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक हनी प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल होंगे, जबकि अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव करेंगे। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण क्षेत्र से जुड़े गणमान्य अतिथि, मधुमक्खी पालक, प्रगतिशील किसान और कृषि विद्यार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय में स्थापित इस इकाई का उद्देश्य मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन, वैज्ञानिक प्रसंस्करण और विपणन की आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से क्षेत्र के मधुमक्खी पालकों और किसानों को शहद के प्रसंस्करण एवं विपणन की नवीन तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही, किसान पारंपरिक खेती के साथ मधुमक्खी पालन को अपनाकर अपनी आय बढ़ाने के अवसरों से भी परिचित हो सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह पहल मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने और शहद उत्पादन से जुड़े कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्र के किसानों को कृषि आधारित नए विकल्पों की जानकारी मिलने के साथ मधुमक्खी पालन एवं शहद प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



छह दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के गांधीनगर क्षेत्र से 69 वर्षीय बुजुर्ग के लापता होने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग 9 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे बिना बताए घर से कहीं चले गए। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इस पर उनकी पत्नी ने जंक्शन पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश की। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में लक्ष्मी देवी (60) पत्नी रमेश कुमार धानका निवासी शंकर किरयाना स्टोर के पास, वार्ड नंबर 16, गांधीनगर, जंक्शन ने बताया कि उनके पति रमेश कुमार (69) पुत्र हरी सिंह 9 अक्टूबर की रात घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश करने के बावजूद उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। रिपोर्ट के अनुसार, रमेश कुमार ने घर से निकलते समय ग्रे रंग का कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था। उनके ओढ़ने पर पीले और हरे फूलों वाली चादर थी तथा पैरों में काले रंग की चप्पल पहनी हुई थी।

नोहर : 20 बीघा भूमि को जैव विविधता युक्त वन बनाने का लक्ष्य



सीमा सन्देश # नोहर। श्रीमती नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से प्रकृति क्लब का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत महाविद्यालय परिसर में खेल मैदान की ओर स्थित करीब 20 बीघा भूमि को जैव विविधता युक्त वन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सरोज कुमारी ने क्लब की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का संकट गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बनाएं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल, जल संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से क्लब की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रकृति क्लब के माध्यम से टिकाऊ वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण, औषधीय एवं फलदार पौधों का विकास, वर्षा जल संचयन, स्थानीय वनस्पतियों का संवर्धन तथा पक्षियों और परागणकताओं के संरक्षण पर कार्य किया जाएगा।

चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हनुमानगढ़। संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी, जंक्शन के कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के छात्र देवकरण सिंह ने सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। देवकरण ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही उनका चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। देवकरण की इस सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए विद्यालय परिवार ने आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एलबी सुब्बा, नरेंद्र, शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक लक्ष्मी सहित स्टाफ सदस्यों ने देवकरण सिंह को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि देवकरण आगामी एसजीएफआई राष्ट्रीय खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित करेंगे।



20 को होगा 101 कन्याओं का पूजन

हनुमानगढ़। नवरात्रि के पावन मौके पर टाउन की बरकत कॉलोनी में किले के पास स्थित फाटक गौशाला में 20 अक्टूबर को 101 कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू होगा। फाटक गौशाला के अध्यक्ष मुरलीधर अग्रवाल ने बताया कि समारोह में 101 कन्याओं का विधिवत तिलक लगाकर पूजन किया जाएगा और उन्हें प्रसाद अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालु कन्याओं का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है।

स्व. सतीश कुमार पचीसिया की पुण्य स्मृति पर व्हील चेयर भेंट

सीमा सन्देश # नोहर। स्थानीय राजकीय उप जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को सेवा और परोपकार की मिसाल पेश की गई। स्व. सतीश कुमार पचीसिया की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी पचीसिया द्वारा चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा के लिए एक व्हील चेयर भेंट की गई। व्हील चेयर भेंट की गई। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रभारी डॉ. हंसराज शर्मा, डॉ. बीएल कुमावत, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. जेपी सुथार, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा सहित चिकित्सालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर पचीसिया परिवार से राजमोहन पचीसिया, मधुसूदन पचीसिया, बिशंबर पचीसिया, अशोक कुमार पचीसिया, श्रीमती सरला देवी पचीसिया, सरोज पचीसिया सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। मिशन 100 बेड के संरक्षक हनुमान प्रसाद व्यास भी इस दौरान मौजूद रहे। पचीसिया परिवार ने बताया कि इस पुनीत कार्य की प्रेरणा उन्हें मिशन 100 बेड से मिली है, जो लगातार चिकित्सालय में सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी दौरान समाजसेवी राजमोहन पचीसिया ने एक और सराहनीय पहल करते हुए राजकीय चिकित्सालय परिसर में 125 छायादार पौधे लगाने की घोषणा की।

21 को निकलेगी विशाल शोभायात्रा, 22 को भजन संध्या और 23 अक्टूबर को होगा विशाल भंडारा

श्रद्धा व उत्साह से मनाया जाएगा श्री श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव

सीमा सन्देश # नोहर। शहर में जोहड़े के पास स्थित श्री श्याम मंदिर का 28वां वार्षिक महोत्सव 21 से 23 अक्टूबर तक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान विशाल शोभायात्रा, भजन संध्या, सजीव झांकियों, बाबा के अलौकिक श्रृंगार और विशाल भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्री श्याम सेवा समिति की ओर से आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समिति के अनुसार, महोत्सव के पहले दिन 21 अक्टूबर, बुधवार को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में सुसज्जित श्री श्याम रथ, शहनाई वादन, पुष्प एवं इत्र वर्षा और रंग-बिरंगी लहराती 401 पताकाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ध्वजा उठाने वाले 401 भक्तों में से 41 भक्तों का चयन ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा, जिन्हें बाबा की कृपा के प्रसाद स्वरूप विशेष भेंट दी जाएगी। इसके लिए ध्वजा टोकन मंदिर में पुजारी की ओर से वितरित किए जा रहे हैं। महोत्सव के अंतिम दिन 23 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह 10 बजे से प्रभु इच्छा तक पारीक धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों में समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। वार्षिक महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं और समिति सदस्यों में खासा उत्साह है। श्री श्याम सेवा समिति, नोहर ने सभी श्रद्धालुओं से 21 से 23 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



बाबा का होगा आलौकिक श्रृंगार

महोत्सव के दूसरे दिन 22 अक्टूबर, गुरुवार को रात्रि 8:30 बजे से श्री श्याम मंदिर के सामने विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। इसमें जयपुर के भजन गायक अविनाश शर्मा बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं, दिल्ली के बंटी सोनिया तिलकधारी ग्रुप की ओर से सुंदर एवं सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस अवसर पर बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा इत्र और पुष्प वर्षा के साथ भक्तिमय माहौल बनेगा।

फैशन शो में छात्राओं ने बिखेरा हुनर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन में अबोहर मार्ग स्थित श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को नव प्रवेशित छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों, फैशन शो और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मकता से तैयार आकर्षक परिधानों के साथ रैंप वॉक किया। इसके अलावा हिंदी, पंजाबी और राजस्थानी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में पवनदीप कौर को मिस फ्रेशर, अमृत को स्टार ऑफ द डे और सरोज को मिस ब्यूटी के खिताब से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में प्रिंसिपल दिव्या शर्मा, हेमलता जैन, नवजोत कौर और मोनिका चावला शामिल रहीं। संस्था निदेशक आनंद जैन ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

रेलवे में नियुक्ति पर गोशाला को 51 हजार रुपए का सहयोग



टोपरियां। गांव देईदास की श्रीराधा कृष्ण गोशाला में सहाबराम नाई के पुत्र प्रहलाद ने अपने पुत्र शिवशंकर की रेलवे में तकनीशियन पद पर नियुक्ति होने की खुशी में गोसेवार्थ 51 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया। गोशाला सदस्य रामजीलाल कड़वासरा ने कहा कि गोसेवा से बढ़कर जीवन में कोई दूसरा परमार्थ कार्य नहीं है। इस पुनीत कार्य के लिए रामकुमार नाई ने परिवार को प्रेरित किया। इस अवसर पर गोशाला अध्यक्ष ओमप्रकाश लखलाण, कोषाध्यक्ष रामजीलाल कड़वासरा, सचिव देवीलाल घिंटाला, त्रिलोकचंद ईसराम, हरदत्त, बलराम न्यौल, श्रवण बराला, हरदेवाराम, ओमप्रकाश, रावतसिंह राजपूत, दलीप नेहरा, जगलाल, सुनील, लक्ष्य सेन, अमित, पवन, मनीराम, हरलाल शर्मा सहित अनेक गोभक्त मौजूद रहे।

रामलीला में सीता हरण के दृश्य का प्रभावशाली मंचन किया

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब, गजसिंहपुर की ओर से आयोजित रामलीला में सीता हरण प्रसंग का प्रभावशाली मंचन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र प्रकाश शर्मा, समाजसेवी नरेश कुमार काठपाल तथा प्रधानाचार्य गुरचरण सिंह मोमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रामलीला के दौरान शूर्पणखा खर-दूषण के साथ भगवान श्रीराम के पास पहुंचती है, जिसके बाद युद्ध का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया। सीता की भूमिका रणवीर, भगवान श्रीराम की भूमिका बालकिशन गिरधर, लक्ष्मण की भूमिका दिनेश शर्मा, रावण की भूमिका तिलक शर्मा, साधु वेशधारी रावण की भूमिका शिवचरण तथा खर-दूषण की भूमिकाएं ललित काठपाल एवं छगन व्यास ने निभाई।

जिला परिषद चुनाव की आहट, जोन-24 में संभावित उम्मीदवारों को लेकर चचार्एं तेज

गजसिंहपुर। श्रीगंगानगर जिला परिषद चुनावों को लेकर अभी भले ही औपचारिक तस्वीर साफ नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। जोन नंबर 24 में संभावित



उम्मीदवारों, उनकी दावेदारी और गांवों का प्रतिनिधित्व करने वाले उपयुक्त चेहरे को लेकर चचार्ओं का दौर शुरू हो गया है। भाजपा की ओर से संभावित दावेदारों में चरणजीत सिंह शेरगिल का नाम भी प्रमुखता से चर्चा में है। क्षेत्र में चुनावी सुगबुगाहट के बीच विभिन्न संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क के जरिए ग्रामीणों की नब्ज टटोल रहे हैं। वहीं, गांवों में ऐसे प्रतिनिधि को लेकर भी चर्चा हो रही है, जो स्थानीय समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर उन्हें उचित मंच तक पहुंचा सके और ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप काम कर सके। उडसर, किकरवाली, 7 पीएस, झोटांवाली, 3 एमके, 16 पीएस, मुकलावा, गंगूवाला, 10 टीके, 28 एमएलबी और 66 आरबी सहित जोन के विभिन्न गांवों में चुनावी संभावनाओं को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है। भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों में भी संभावित प्रत्याशियों को लेकर चचार्एं जारी हैं। हालांकि, टिकट को लेकर अंतिम निर्णय संबंधित राजनीतिक दलों को ही करना है। फिलहाल चुनाव की औपचारिक घोषणा और प्रत्याशियों के नाम सामने आने का इंतजार है। मानक थालोड माकपा से जोन नम्बर 24 से भी मैदान में हैं। आने वाले दिनों में राजनीतिक गतिविधियों के और तेज होने की संभावना है। ऐसे में जोन-24 में यह देखना दिलचस्प होगा कि राजनीतिक दल किसे मौका देते हैं और ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिनिधित्व की तस्वीर किस रूप में सामने आती है।

मैराथन को कामयाब करने के लिए बांटे जा रहे हैं निमंत्रण पत्र



सीमा सन्देश # सादुलशहर

क्षेत्र को नशा मुक्त एवं फिटनेस के उद्देश्य को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से रविवार को सुबह सात बजे दौडेगा सादुलशहर हम बनेंगे सारथी अंतर्गत मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा, सेवानिवृत एसएचओ पीडी शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि मैराथन दौड भगत सिंह चौक से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई अंबेडकर चौक पहुंचेगी। यहां मैराथन दौड का समापन होगा। इसे कामयाब करने के लिए शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, राजकीय उप जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी कालूराम डेवाल, डॉ. मनोज सोमानी, सेवानिवृत पुलिस अधिकारी सुभाष सांवरिया, पूर्व लेखा अधिकारी भंवर सिंह सिन्हा, मुस्कान सोसायटी के सचिव नवीन बिश्नोई, मूर्ति देवी बीएड कॉलेज के निदेशक नोहित गर्ग, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, संरक्षक रतनलाल गोयल सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों आदि को निमंत्रण पत्र दिए गए।

श्रीकरणपुर: गांव 40 एफ के स्कूल में बाल मेले का आयोजन



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 40 एफ में बाल मेले का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों और शाला विकास समिति के अध्यक्ष सहित विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा। शिक्षकों ने अभिभावकों और छात्रों के साथ मिलाकर काम किया। ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता, आपसी सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है। मेले के अंत में आए हुए अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के इस प्रयास को सराहा।

कॉलेज में महिला कांस्टेबल ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त युवा अभियान के पंचम सप्ताह में 'फिट यूथ - एडिक्शन फ्री यूथ' थीम पर नशा मुक्ति जागरूकता, योग एवं आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन एनएसएस प्रभारी सुश्री विकास राव एवं नई किरण नशा मुक्ति इकाई प्रभारी मेनका चौधरी ने किया।

मुख्य अतिथि अंजुल मुंजाल ने नशा मुक्ति पर व्याख्यान देते हुए युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। आरती मुंजाल ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। पुलिस महिला कांस्टेबल पार्वती ने आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

ग्रामीणों में रोष, कहा-प्रभावी समाधान ना हुआ तो पंचायत कार्यालय में डालेंगे यह कचरा

लालगढ़ : 20 दिन से नालियों का कचरा नहीं उठाया

सीमा सन्देश # लालगढ़





नालियों की सफाई के बाद निकाला गया कचरा पिछले 15 से 20 दिनों से उठने का इंतजार कर रहा है। हालात यह हैं कि कचरा सड़कों और गलियों के किनारे पड़ा है। कचरा सूखकर वापस नालियों में जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सफाई के बाद कचरा उठाया ही नहीं जाना है, तो सफाई करवाने का आखिर क्या औचित्य है? ग्रामीणों ने सफाई ठेकेदार और संबंधित फर्म की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए टेंडर निरस्त करने तथा फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कचरा नहीं उठाया गया तो वे एकत्रित होकर कचरा ग्राम पंचायत कार्यालय में डालकर आएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कार्य नियमित रूप से होना चाहिए। स्कूल संचालक दिनेश गर्ग ने बताया कि पिछले 12 दिनों से सफाई कर्मचारियों को कचरा नहीं उठाने की समस्या से अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी समाधान नहीं हुआ। स्कूल की गली तथा वार्ड संख्या 5, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 सहित अन्य वार्डों में नालियों की सफाई के बाद कचरा नहीं उठाया गया।

विधायक को भी अवगत कराया, नोटिस की तैयारी : ग्राम विकास अधिकारी विवेक कुमार कथूरिया ने बताया कि ठेकेदार को फोन के माध्यम से सफाई कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में विधायक को भी अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को नोटिस दिया जाएगा। यदि अगले दिन तक सफाई कार्य शुरू नहीं होता है तो संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। सुरेंद्र नायक लालगढ़िया, महावीर महेरड़ा, रामकुमार महेड़ा, शंकरलाल धूलिया, मनीष धूलिया, सोहनलाल चारण, छोटूराम महेड़ा, बृजलाल फौजी, शारदा देवी, सुमन जिनागल, माया मेघवाल सहित अन्य ग्रामीणों ने रोष जाहिर किया।

ओवरलोड ट्रकों से टूटी पाइप, वाटरवर्क्स की डिग्गियों में पहुंचा दूषित पानी

सीमा सन्देश # दौलतपुरा



समीपवर्ती ग्राम पंचायत संगतपुरा में स्थित वाटर वर्क्स की पेयजल पाइपलाइन ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन से रिसाव होने के चलते बारिश का गंदा पानी वाटर वर्क्स की डिग्गियों में पहुंच गया। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार, वाटर वर्क्स के पास खाली जमीन पर निर्माण सामग्री रखी हुई है। यहां नहर निर्माण कार्य चलने के कारण ठेकेदार द्वारा ओवरलोड ट्रकों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान जमीन में धंसने से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें रिसाव शुरू हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने ठेकेदार से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करवाने की बात कही तो उसने मरम्मत करवाने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक पाइपलाइन दोबारा नहीं डाली गई है। जिस स्थान पर पाइपलाइन टूटी है, वहां खाला बनाकर पानी को दूसरी तरफ पाइप के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

सार्वजनिक पार्क की करवाई साफ-सफाई, चारदीवारी पर किया कलर

सादुलशहर। नगरपालिका द्वारा वार्ड नंबर 25 जनरल मार्केट स्थित सार्वजनिक पार्क की साफ-सफाई करने के साथ-साथ चारदीवारी पर कलर करवाया गया। प्रवेश द्वारों पर रंग-रोगन करवाकर सौंदर्यकरण किया गया। वार्डवासी नवीन गोयल, अनिल गोयल, गौरव सोनी, रमन कुमार, वासुदेव अग्रवाल, विनोद वर्मा आदि ने बताया कि साफ-सफाई एवं रंग-रोगन करने से जहां जनरल मार्केट का सौंदर्यकरण हुआ है, वहीं मक्खी, मच्छरों एवं बदबू आदि से भी काफी राहत मिली है। वार्डवासियों ने इसके लिए



वार्ड पार्षद सुनीता चौधरी, पूर्व पार्षद स्वरूप चौधरी एवं चेयरमैन मनीषा खीचड का आभार जताया है।

सूरतगढ़ : रामलीला में सीता स्वयंवर का भव्य आयोजन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

श्री हनुमान खेजड़ी मंदिर रोड स्थित श्री बालाजी रामलीला क्लब के मंच पर सीता स्वयंवर, भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग और राम-सीता विवाह सहित कई धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डूंगरराम गेदर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, विनय सचदेवा, डॉ. ओम साबनिया, विनोद स्वामी, गजेंद्र सिंह राठौड़, श्याम अरोड़ा और नंदलाल उपाध्याय सहित अतिथियों ने भगवान श्रीराम की आरती कर किया। मंचन में विभिन्न राजाओं द्वारा शिव धनुष उठाने के प्रयास और अंत में भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग करने का दृश्य दर्शकों को खूब पसंद आया। इसके बाद राम-सीता विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया गया। रामलीला क्लब अध्यक्ष राजू डोडा, कोषाध्यक्ष कालू बिश्नोई और सचिव आलोक मिश्रा ने अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। मंच संचालन नरेश तावणिया ने किया।

16.31 ग्राम हीरोइन के साथ सोमा रानी गिरफ्तार

सीमा सन्देश # घड़साना। मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए घड़साना पुलिस ने थानाधिकारी आलोक सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए धक्का बस्ती निवासी सोमा रानी पुत्री लाल सिंह को 16.31 ग्राम हीरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से मादक पदार्थों के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में साइबर डेस्क के कांस्टेबल राजेश मीणा की विशेष भूमिका रही।

वार्ड नंबर दो में चलाया विशेष सफाई अभियान

सीमा सन्देश # सादुलशहर



दशहरा-दीपावली त्योहार के आगमन को देखते हुए नगरपालिका द्वारा साफ-सफाई एवं रोशनी आदि की सराहनीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। यही नहीं शुक्रवार को एक सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र शर्मा ने नगरपालिका चेयरमैन श्रीमती मनीषा खीचड, पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड को अवगत करवाया कि वार्ड नंबर दो खीचडान बास के समीप स्थित जोहड पायतन की भूमि पर कूडा-कचरा, गंदगी आदि एकत्रित हुई पडी है। त्योहार के आगमन को देखते हुए प्राथमिकता से साफ-सफाई करवाई जाए। इस पर चेयरमैन श्रीमती मनीषा खीचड ने तुरंत एक्शन लिया। पालिका की टीम एवं जेसीबी सहित साफ-सफाई करने के साधन भेजे। सफाई अभियान शुरू करवाया गया। काफी हद तक सफाई भी संपन्न करवाई गई। पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड ने बताया कि साफ-सफाई एवं रोशनी की माकूल व्यवस्था शीघ्र देखने को मिलेगी। सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र शर्मा, अभिषेक चौधरी, वेद पूनिया, डॉ. पूर्ण सिंह आदि ने नगरपालिका का आभार जताते हुए खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

ग्रामीणों ने नहर में फंसी नीलगाय की जान बचाई

सीमा सन्देश # मानकसर। इंदिरा गांधी नहर में फंसी नीलगाय को बचाने के लिए 3 एमसी के ग्रामीणों ने साहस और मानवता की मिसाल पेश की। सरदारपुर लाडाना के पास 270 आरडी पर नहर में फंसी नीलगाय को बचाने के लिए गामी खान और रजाक खान ने अपनी जान की परवाह किए बिना नहर में छलांग लगा दी। दोनों ग्रामीणों ने तैरकर नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला। नीलगाय के नहर में फंसे होने की सूचना राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 3 एमसी की शिक्षिका अमनदीप कौर व ज्योति सैनी



ने इन दोनों ग्रामीणों को दी। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान में सहयोग किया। यूसुफ खान, जगा सिंह, मोहम्मद शबान, मुस्ताक अली, मन्नत, शिवरतन बिश्नोई, राकेश बिश्नोई, डॉ. राजू और डॉ. प्रेम सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

सरसों फसल की बिजाई शुरू

सीमा सन्देश # कीकरवाली। क्षेत्र के गांवों में नवरात्र पर्व शुरू होने के साथ ही किसानों ने अपने खेतों में सरसों की फसल बिजाई शुरू कर दी है। ग्रामीण यह समय फसलों की बिजाई के लिए उपयुक्त मानते हैं। किसान सेवा केन्द्र पर कृषि पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह ने सरसों की उन्नत किस्मों के बारे में किसानों को बताया। साथ ही हरा चारा एवं सब्जियों में जैसे मूली, गाजर अन्य किस्मों की बिजाई के लिए भी समय अनुकूल बताया गया।

आक्रोश आरोपी कार्मिक को निलंबित कर अन्यत्र भिजवाने की मांग

बार संघ का एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना जारी

सीमा सन्देश # सादुलशहर



बार संघ सदस्यों का एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने जहां धरना दिया, वहीं रिश्वत मांगने के आरोपी कार्मिक के खिलाफ नारेबाजी भी की तथा कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक रिश्वत मांगने के आरोपी कार्मिक को सस्पेंड कर अन्यत्र नहीं भेजा जाता सांकेतिक धरना एवं उपखंड कार्यालय के कार्यो का स्थगन जारी रहेगा। बार संघ अपने निर्णय पर अडिग है। पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा एवं रविंद्र मोदी ने फिर से आरोप दोहराया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी भी दी कि अगर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अन्य संस्थाओं का सहयोग लेकर स्वेच्छा से बाजार बंद तक करवाया जा सकता है। बार संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र डाल ने कहा कि उक्त बाबू वही है जिसने नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर वोटर लिस्ट में नाम जुडवाने, कटवाने, अन्यत्र स्थानांतरित करने में वोटर्स को काफी परेशान किया। कुछ वोटर्स के नाम तो अंतिम मतदाता सूची में भी नहीं मिले।

सूचना पाकर सीओ ग्रामीण भूपेंद्र सोनी, तहसीलदार नितिन पुरोहित बार संघ के सांकेतिक धरना स्थल पहुंचे। अधिवक्ताओं ने विचार-विमर्श किया।

धरने में ये थे शामिल: धरना देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, मेजर सिंह,लक्ष्मीनारायण सहगल, करणी सिंह राठौड, महेंद्र शर्मा, संत कुमार वर्मा, थावरदास सेठी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड, सहायक अभिषेक सहारण आदि शामिल हैं।

न्यूज इन ब्रीफ

श्रीकरणपुर: चार घंटे विद्युत आपूर्ति बंद

श्रीकरणपुर। शनिवार 17 अक्टूबर को सुबह 11 केवी नग्गी फीडर पर अति-आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इस कारण प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक रड़ेवाला रोड, वार्ड संख्या 8, 9, 10, 11, 12 व 13, टेलीफोन एक्सचेंज एरिया में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अवतार सिंह द्वारा दी गई। यह समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

जागरूकता मोबाइल वाहन रवाना

सीमा सन्देश # पदमपुर। तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अजय बिश्नोई ने मोबाइल वाहन को ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता का संचार करने के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। एसीजेएम अजय बिश्नोई ने कहा कि मोबाइल वेन के जरिये आम लोगों को विधिक जानकारी प्रदान करने के साथ उन्हे उनके अधिकारों से अवगत करवाया जाएगा। बार संघ अध्यक्ष रामकिशन बिश्नोई एवं नरेश जाखड़, अधिवक्ता बलविंद्र थिंद, मनहर पटियाल, जगतपाल, भरत जोशी, शंकार लाल, तथा कर्मचारीगण दीपक कालड़ा, देवीलाल, सुरजा राम, ,बलजीत कुमारी उपस्थित रहे।

जीण माता जागरण कल

कीकरवाली। गांव 58 आर बी स्थित जीण माता मंदिर में सेवा समिति एवं ग्रामीणों की ओर से 18 अक्टूबर को माता का वार्षिक जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें माता के भजनों की प्रस्तुति के लिए लोक कलाकारों की टीम मोकलसर से आएगी। जागरण को देखते मुख्य गुवाड़ की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भी होगा।

जागरण कल

15 ईईए। गांव 14 ईईए स्थित माता रानी के मंदिर में रविवार को जागरण होगा। बाबा बालकिशन ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी जागरण करवाया जा रहा है। भजन मंडली आएगी और झांकियां सजाई जाएंगी। लंगर का वितरण किया जाएगा।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ मैं असलम खां पुत्र अल्फू दीन, निवासी नेठराना, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान, शपथपूर्वक घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम असलम खां पुत्र अल्फू दीन से बदलकर असलम खां पुत्र अल्फू दीन (ASALAM KHAA S/O ALPHU DIN) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाऊँगा।

■ मैंने अपने पुत्र का नाम SHRIYANSH JINDAL से बदल कर SHREEYANSH JINDAL रख लिया है भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावेगा। राकेश जिंदल पुत्र श्री सत्य पाल जिंदल निवासी - वार्ड न-10, नजदीक पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पदमपुर जिला श्रीगंगानगर

■ मैं Ganga Singh Kanyal पिताजी न. 3016075K NK Dinesh Singh Kanyal, निवासी Gobrardi, Pithoragarh (UK)-252552, अपना नाम Ganga Singh Kanyal से Ganga Singh करवाना चाहता हूं। शपथपत्र-CS303538 दिनांक-16/10/2026 बीकानेर कोर्ट

■ मैंने अपना नाम रामेश्वरी देवी (RAMESHWARI DEVI) से बदलकर रामेश्वरी (RAMESHWARI) रख लिया। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जावे। - रामेश्वरी पत्नी भजन लाल उम्र 32 वर्ष निवासी चक 11 ए.एस., तहसील श्रीविजयनगर, जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान

■ मैं No.JC248939X RIS Gulam Basha Shaik, निवासी 1-35 Main Road, Peda Kandukur, Mittameedipalle, Ardhaveedu, Prakasam (AP)-523336, अपने पुत्र का नाम Md Javid Hussain से Shaik Md Javid Hussain करवाना चाहता हूं। शपथपत्र-CS322609 दिनांक-27/08/2026 बीकानेर कोर्ट

■ I, hitherto known as SUKHVEER KAUR W/O Jagsir Singh R/O Sikhon Ka Mohalla ,Ward No.03 , VPO - Ramsara Narayan Teh. & Distt Hanumangarh, Rajasthan 335512 have changed my name and shall hereafter be known as VEER PAL KAUR

■ I, Anish Agarwal, S/o Pawan Agarwal & Ruchy Agarwal, R/o 69-G Block, Sri Ganganagar, Rajasthan, declares that surname spelling of myself Anish Agarwal, my-father Pawan Agarwal & my-mother Ruchy Agarwal has been corrected from "AGGARWAL" to "AGARWAL". All concerned may note the corrected spelling in all records for future purposes.

■ I, Ishika Agarwal, D/o Pawan Agarwal & Ruchy Agarwal, R/o 69-G Block, Sri Ganganagar, Rajasthan, declares that surname spelling of myself Ishika Agarwal, my-father Pawan Agarwal & my-mother Ruchy Agarwal has been corrected from "AGGARWAL" to "AGARWAL". All concerned may note the corrected spelling in all records for future purposes.

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✸ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✸ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✸ नोहर : 94624-01666 ✸ संगरिया : 94146-29987 ✸ पल्लू : 96670-03883 ✸ सरदारशहर : 80786-99231 ✸ टिब्बी : 94137-33600 ✸ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✸ करणपुर : 94144-34202 ✸ रायसिंहनगर : 7878125846 ✸ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✸ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✸ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✸ जैतसर : 78910-35061 ✸ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✸ मानकसर : 99503-13776 ✸ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✸ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✸ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✸ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✸ कालूवाला : 9680496829 ✸ थालड़का : 78913-40002 ✸ गोलूवाला : 98281-32337 ✸ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✸ खाजूवाला : 96804-96829 ✸ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

बच्चों को माता-पिता के विवाद की सजा क्यों मिले

सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी ने वैवाहिक विवादों के बीच बच्चों की स्थिति को लेकर समाज के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। एक ट्रांसफर याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला ने कहा कि माता-पिता के निजी विवादों के कारण मासूम भाई-बहनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने उस स्थिति पर चिंता जताई, जिसमें एक बच्चा मां के साथ और दूसरा पिता के साथ रह रहा था। न्यायालय ने इसे बेहद पीड़ादायक बताते हुए कहा कि बच्चों का मानसिक और भावनात्मक विकास साथ रहने से बेहतर होता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी केवल एक मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की उस वास्तविकता को सामने लाती है, जहां वैवाहिक विवादों का सबसे गहरा असर बच्चों के जीवन पर पड़ता है। पति-पत्नी के बीच मतभेद होना एक निजी विषय हो सकता है, लेकिन जब इसका प्रभाव बच्चों के भावनात्मक संसार पर पड़ता है तो यह पूरे परिवार की समस्या बन जाती है।

यह सच है कि कई मामलों में माता या पिता, जिसके पास बच्चा रहता है, वह उसकी अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और सभी आवश्यक सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हैं। आर्थिक और भौतिक जरूरतें पूरी हो सकती हैं, लेकिन बच्चे के मन में माता-पिता दोनों के स्नेह, साथ और संरक्षण की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। कोई भी सुविधा उस भावनात्मक कमी को पूरी तरह दूर नहीं कर सकती, जो माता-पिता में से किसी एक की अनुपस्थिति से पैदा होती है। भाई-बहनों का अलग होना भी बच्चों के मन पर गहरा असर डालता है। बचपन की यादें, भावनाएं और अनुभव साझा करने वाला साथी जब दूर हो जाता है तो बच्चे के भीतर अकेलेपन की भावना जन्म ले सकती है। कई बार वे अपनी भावनाओं को व्यक्त भी नहीं कर पाते और भीतर ही भीतर तनाव झेलते रहते हैं।

बढ़ते तलाक और पारिवारिक विवादों या अन्य परिस्थितियों ने आधुनिक समाज के सामने यह नई चुनौती खड़ी कर दी है। न्यायालयों के सामने भी ऐसी परिस्थितियां कठिन होती हैं। यदि दो बच्चों को अलग-अलग अभिभावकों के पास रखा जाता है तो बच्चों के भावनात्मक हित प्रभावित होते हैं और यदि दोनों को किसी एक अभिभावक को सौंपा जाता है तो न्यायिक संतुलन का प्रश्न खड़ा हो जाता है। ऐसे मामलों में केवल कानून पर्याप्त समाधान नहीं दे सकता। आवश्यकता है कि परिवार और समाज बच्चों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यदि परिस्थितियां ऐसी हों कि बच्चे अलग-अलग रह रहे हों तो भी उनके बीच नियमित संवाद, मुलाकात और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने के प्रयास होने चाहिए। बच्चों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि माता-पिता के विवाद ने उनसे उनका अपना परिवार छीन लिया है।

वैवाहिक संबंधों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन बच्चों को उसका माध्यम या शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए। माता-पिता का रिश्ता भले बदल जाए, लेकिन बच्चों के प्रति उनकी जिम्मेदारी और स्नेह कभी कम नहीं होना चाहिए। इस संवेदनशील विषय को केवल कानूनी नजरिए से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी देखने की जरूरत है। बच्चों का भविष्य किसी भी विवाद से अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समाज को कानून की किताब के साथ-साथ जीवन की किताब से भी सीख लेने की आवश्यकता है। परिवार टूटने की स्थिति में भी बच्चों के मन और रिश्तों को टूटने से बचाना ही वास्तविक संवेदनशीलता है।

कन्या पूजन के दिन बनाएं स्वादिष्ट हलवा

टेसिपी: सूजी भूनने से लेकर चाशनी तक



नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन किया जाता है। इस दिन घरों में हलवा पूड़ी और काले चने बनाए जाते हैं। माता रानी को सूजी के हलवा का भोग लगाया जाता है। बच्चों को भी हलवा का स्वाद सबसे ज्यादा पसंद आता है। हालांकि इसके लिए हलवा अच्छा बना होना चाहिए। कई बार लोगों का सूजी का हलवा चिपचिपा सा बनता है और कई बार सूखा हुआ, जिससे स्वाद भी बदल जाता है। परफेक्ट सूजी का हलवा बनाने के लिए पानी, चीनी और सूजी की सही मात्रा होना जरूरी है। हम आपको पूरा नाप और सूजी का एकदम दानेदार टेस्टी हलवा बनाने की रेसिपी बता रहे हैं। आप इस बार सूजी का हलवा बनाने के लिए इस रेसिपी को फॉलो करें।

सूजी का हलवा बनाने के लिए सामग्री : सूजी- 250 ग्राम या 1 कप या कटोरी, चीनी- 250 ग्राम, सूजी और चीनी बराबर, घी- 150 ग्राम, पानी- 750 ग्राम यानि सूजी का तीन गुना

सूजी का हलवा बनाने की रेसिपी : हलवा के लिए सूजी को किसी पैन या कड़ाही में डालकर थोड़ा गर्म होने दें। अब इसमें देसी घी डालकर हलवा को अच्छी तरह से भून लें। सूजी भुनने के बाद रंग गोल्डन ब्राउन हो जाएगा और अलग सी खुशबू आने लगेगी। सूजी को लगातार 8-10 मिनट के लिए भूनना है। दूसरी ओर गैस पर एक पैन में चीनी और पानी डालकर चाशनी बना लें। चीनी के पानी में घुलने तक ही इसे पकाना है। हलवा के लिए आपको तार वाली चाशनी नहीं बनानी है। फ्लेवर के लिए चाशनी में इलाइची पाउडर और थोड़े केसर के धागे डाल दें। अब तैयार की गई चाशनी को भुनी हुई सूजी में आधा डाल दें और सूजी को मिक्स करते हुए चलाएं। धीरे-धीरे पूरी चाशनी को सूजी में डालकर मिलाएं और चलाते हुए हलवा को पकाएं। आपको जितना गाढ़ा हलवा खाना है उसे उतना ही पकाएं। गैस बंद कर दें और ऊपर से बारीक कटे मेवा डालकर सूजी का गर्मागरम हलवा सर्व करें। इस तरह से बना हलवा एकदम परफेक्ट बनेगी और स्वाद भी बेहतरीन आएगा। ऊपर से घी डालकर सर्व करें।

उपवास रखने से शरीर में होते हैं ये बदलाव

वजन कम करने से लेकर मानसिक शांति तक

इन दिनों शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। इस दौरान भक्त मां दुर्गा की आराधना करते हैं और कई भक्त पूरे नौ दिनों तक व्रत भी रखते हैं। इससे उन्हें न सिर्फ मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है, बल्कि कई तरह के शारीरिक लाभ भी मिलते हैं। कुछ लोग हल्का-फुल्का फलाहार लेकर व्रत रखते हैं, वहीं कुछ लोग निर्जला या फलाहार के बिना भी उपवास करते हैं। कई लोगों को ऐसा लगता है कि व्रत रखने से शरीर कमजोर हो जाता है, हालांकि सही तरीके से किया गया उपवास शरीर में कई तरह के सकारात्मक और स्वास्थ्यवर्धक बदलाव लाता है।

1. डाइजेस्टिव सिस्टम को मिलता है आराम

हमारा पाचन तंत्र लगातार भोजन को पचाने में लगा रहता है। व्रत के दौरान भारी भोजन का सेवन न होने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है, जिससे गैस, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। इससे पाचन क्रिया पहले से बेहतर और सुचारू होती है।

2. शरीर होता है डिटॉक्स

व्रत के दौरान हल्का और सात्विक आहार लेने से शरीर प्राकृतिक रूप से खुद को साफ करने की प्रक्रिया शुरू कर देता है। इससे शरीर में जमा हानिकारक टॉक्सिन्स (विषाक्त पदार्थ) बाहर निकल जाते हैं।

3. वजन घटाने में मददगार

व्रत में तली-भुनी चीजों से परहेज कर संतुलित फलाहार लिया जाए, तो वजन घटाने में मददगार साबित होता है। कम कैलोरी इनटेक और ओवरईटिंग से बचाव के कारण शरीर में जमा अतिरिक्त फैट तेजी से बर्न होता है।

4. ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

अनहेल्दी और जंक फूड से दूरी बनाने तथा उपवास रखने से इंसुलिन संवेदनशीलता बेहतर होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है और डायबिटीज का खतरा कम होता है।

5. मजबूत इम्यून सिस्टम

उपवास के समय शरीर अपनी पुरानी और क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत करता है तथा नई व स्वस्थ कोशिकाओं का निर्माण तेजी से होता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) मजबूत होती है।

नवरात्रि आउटफुट

गरबा नाइट में लहंगा छोड़ पहनें साड़ी

नवरात्रि का त्योहार आते ही गरबा और डांडिया नाइट की तैयारियां जोरों पर शुरू हो जाती हैं। इस बार अगर आप भीड़ से अलग और सबसे आकर्षक दिखना चाहती हैं, तो अपनी पसंदीदा साड़ी को गरबा लुक में स्टाइल कर सकती हैं। सही ड्रेपिंग, आकर्षक ज्वेलरी और एक्सेसरीज के साथ साड़ी को बेहद खूबसूरत गुजराती फ्यूजन लुक दिया जा सकता है।

गुजराती स्टाइल ड्रेपिंग

साड़ी को गुजराती अंदाज में ड्रेप करना बेहतरीन विकल्प है। पल्लू को आगे की तरफ सीधा रखा जाता है, जिससे बॉर्डर-कढ़ाई उभरकर सामने आती है। लाल, पीला, नारंगी, रानी गुलाबी या हरा जैसे ब्राइट फेस्टिव कलर्स गरबा नाइट के माहौल में बेहद खिलते हैं।

मिरर वर्क ब्लाउज

साड़ी को गरबा ट्विस्ट देने के लिए ब्लाउज का चयन खास होना चाहिए। मिरर वर्क, कच्छी कढ़ाई, कौड़ी वर्क या पटोला प्रिंट वाला हैवी ब्लाउज साधारण साड़ी को भी एकदम फेस्टिव और ग्लैमरस बना देता है।

आक्सीडाइज्ड ज्वेलरी और मेकअप: गरबा लुक बिना

आक्सीडाइज्ड ज्वेलरी के अधूरा रहता है। साड़ी के साथ बड़े झुमके, चोकर, कड़े और नथ पहनें। मेकअप में विंड आईलाइनर, हल्का शिमर, बोल्ड लिपस्टिक और माथे पर छोटी सी बिंदी पारंपरिक निखार जोड़ती है।

कमरबंध या ट्रेडिशनल बेल्ट

साड़ी को मॉडर्न टच देने के लिए कमर पर आक्सीडाइज्ड या एम्ब्रॉयडरी वाली बेल्ट जरूर पहनें। यह न सिर्फ आपके लुक को स्टाइलिश बनाती है, बल्कि डांस करते समय पल्लू को अपनी जगह पर टिकाए रखती है।

फुटवियर और हेयरस्टाइल

डांडिया और गरबा में घंटों थिरकना पड़ता है, इसलिए हील्स की जगह आरामदायक ट्रेडिशनल जूतियां या मोजड़ी पहनें। बालों में गजरे के साथ मैसी बन या फ्रेंच ब्रेड बनाएं। इस नवरात्रि लहंगे की जगह साड़ी को इस अंदाज में स्टाइल करें, हर कोई आपके अनोखे फैशन सेंस की तारीफ करेगा।

त्रिजटा : लंका में सीता के लिए मां सा वात्सल्य और विश्वास

नवरात्र श्रृंखला - 8

श्री राम की कथा में अनेक सुन्दर मोड़ हैं, जो हमें आश्चर्य से भर देते हैं। इसी क्रम में आज हम लंका की ओर मुड़ेंगे। ऋषि विश्रवा और राक्षसी कैकसी का पुत्र, विश्व विजेता रावण. पिता की तरह परम ज्ञानी, तेजस्वी और शिवभक्त था. परन्तु उनमें मातृ आनुवांशिकी ज्यादा प्रभावी थी. वह अति क्रूर, दंभी, और अत्याचारी था. छोटे भाई-बहन कुंभकर्ण और शूर्पणखा भी इसी स्वभाव के थे. परन्तु सबसे छोटे विभीषण में पिता के लक्षण ज्यादा प्रभावी थे। बल, माया उनमें भी थी, लेकिन वे भगवान् के भक्त, धैर्यवान, और सदाचारी थे। विभीषण के घर केवल ज्ञान, और धर्म के आचार-विचार हुआ करते। असुरों के साथ रह कर भी, रात दिन, विष्णु नाम-जप उनका प्रिय कर्म थे। उनकी पत्नी शारमा भी पूरी तरह से पति की अनुगामिनी थीं। रावण की लंका अत्याचार के सागर की तरह थी और विभीषण उसमें किसी छोटे से शांत द्वीप की तरह, बिल्कुल अलग जान पड़ते। अब आचरण का परिणाम कहें या कुछ और। विभीषण के यहां एक विचित्र कन्या ने जन्म लिया। यह कन्या भयंकर कुरूप थी, और उसकी तीन जटाएं थीं। सब भयभीत थे और फिर एक भविष्यवाणी हुई- 'डरिये नहीं विभीषण! यह कन्या आपकी ही तरह नारायण भक्ति से पूर्ण होगी। इसकी यह तीन जटाएं, भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य से निकली हैं। यह पूर्व जन्म में अप्सरा सुलेखा थीं. अपने प्रेमी चित्रसेन के साथ इंद्रसभा में नृत्य करती थीं। चित्रसेन के साथ ही एक बार, पृथ्वी पर भ्रमण के लिए आईं, और खेल-ठिठोली में



ऋषि दुर्वासा की तपस्या भंग कर डाली। क्रोध में दुर्वासा ने इसे कुरूप राक्षसी हो कर, पृथ्वी पर जन्म लेने का श्राप दे दिया, जब सुलेखा ने क्षमा याचना की, तब दुर्वासा ने इसे श्री विष्णु-भक्ति का वरदान भी दिया। अब असुर कन्या हो कर भी भक्ति का गुण तो आपके ही घर में संभव था। इसलिए यह त्रिजटा, आपकी बिटिया होकर जन्मी हैं. संसार इसे भविष्य में आदर की दृष्टि से देखेगा। भविष्यवाणी मौन हुई, और विभीषण का डर जाता रहा।

माता-पिता की ही तरह त्रिजटा भी राम भक्त थीं। राम नाम, उन्हें पिता से मिली पैतृक संपत्ति थी। त्रिजटा, बड़ी हो रही थीं। उनकी तीनों जटाओं ने पूरी प्रबलता से अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया था. भक्ति जटा, उन्हें लगातार नामजप, और धर्म कार्य में लगाए रखती। ज्ञान जटा के प्रभाव से वे मनोविज्ञान की महा-ज्ञाता और कथाकार थी। उन पर त्रिलोक के सारे रहस्य उजागर थे और वैराग्य जटा के प्रभाव से उनका मन संसार में न लगता। वे जानती थीं, कि नारायण का सातवां अवतार हो चुका है।

उधर बड़े पिता जी रावण ने, साक्षात् आदिशक्ति को अशोक वाटिका में रख छोड़ा था। त्रिजटा की तीनों जटाएं एक साथ सक्रिय हुईं। त्रिजटा ने रावण से अशोक वाटिका और सीता की रखवाली करने का अधिकार मांग लिया। रावण को इस भ्रातृजा से वैसे भी अत्यधिक प्रेम था। घर की बच्ची, स्वयं इतना बड़ा दायित्व संभालना चाहती है। रावण ने खुशी से यह काम त्रिजटा को सौंप दिया। वैसे एक छोटा कारण और भी था। रावण से विभीषण की भक्ति ही सहन नहीं होती, ऊपर से त्रिजटा भी उसी राह पर जाती दिख रही थी। रावण ने सोचा पिता से अलग होकर, भक्ति भूल जाएगी और त्रिजटा, अशोक वाटिका आ गई। एक कोने में, अशोक वृक्ष तले सीता बैठी हैं। त्रिलोक सुन्दरी सीता, दिव्य सीता,



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय
(मुम्बई)

और प्रखर सतीत्व के तेज से जगमग सीता। लेकिन उसी भव्य काया में एक और सीता भी थी, जैसे पुष्प की पंखुरी को किसी ने नोंच फेंका हो, ऐसी कुम्हलाई, पति वियोग में तड़पती, और अधीर सीता. त्रिजटा, उन आदिशक्ति को पहचानती हैं. मन ही मन सोचती- "यह सौभाग्य करोड़ो जन्मों में भी नहीं मिलता. आदिशक्ति सामने बैठी हैं. उनके चरण पखारूं, या षोडशोपचार पूजन ही कर लूं. उनका नाम जप करूं या माता को कोई भोग अर्पण करूं. हे माता, आप ही बताएं, मैं अभागी किस प्रकार आपकी सेवा से अपने जन्म सुफल बनाऊं।

पर अगले ही क्षण सीता का मुख निहारा, और न जाने कहां से सरल वात्सल्य उमड़ आया. बहुत कोमल शब्दों में त्रिजटा ने पुकारा - 'पुत्री, क्यों चिंता करती हो. इस घोर निराशा से बाहर आओ बिटिया. देखना, तुम्हारे राम, शीघ्र ही तुम्हें यहां से मुक्त कर के ले जायेंगे।'

शब्द थे, या किसी प्यासे को मिला शीतल जल, सीता अगले ही क्षण, त्रिजटा की गोद में सर रख कर बिलख उठीं. अपनी मां सुनैना- चंद्रभागा का स्वर, कौशल्या का स्पर्श, कैकेयी-सुमित्रा सा स्नेह, त्रिजटा में सब एक साथ प्रगट थे. जो स्वयं जगत् जननी हैं, वे आज इस गोद में अपनी माता को खोज रही हैं. कोई भी कष्ट हो या सुख, मां को पुकारना ही हर जीव की पहली प्रतिक्रिया होती है. संसार के सबसे शुद्ध सम्बन्ध का यही एकमात्र प्रमाण है. मां का स्पर्श ही सबसे बड़ी सांत्वना है. और इस गोद जैसी शांति, किसी ठौर नहीं।

'हम सबसे बलशाली हैं', यह असुर मनोविज्ञान था. भय ही इसकी कार थी. अत: त्रिजटा ने कथा गढ़ी- 'मैंने स्वप्न में, राम सेना द्वारा, लंका का विनाश देखा है.' इधर वे राम की कीर्ति और यशगाथा, सीता के सामने कहतीं, और उधर राक्षसियां भयभीत होती रहतीं. जो राक्षसियां सीता को पहले भय दिखातीं थीं, वे अब खुद सीता के चरणों में नतमस्तक थीं. कोमल स्वरों में सीता को सांत्वना देना ही त्रिजटा को सबसे प्रिय लगता. सीता भी अपनी इस माता की छाया में शांति पातीं. त्रिजटा मनोविज्ञान के सूत्र दोनों तरफ चला रही थीं. वे मन ही मन भगवान् से विनय करतीं - हे नाथ, मैं बल, बुद्धि और क्रिया से हीन हूँ. हे दयानिधि, आप सीता के प्रति मेरे इस प्रयास को ही आराधना मान कर स्वीकार कीजिए।

किसी दुखी मन का त्रास कम कर लेना तो, वैसे भी ईश्वर की परम सेवा है. त्रिजटा की यह प्रार्थना, भगवत चरणों में स्वीकार हुई. और उन असुर कन्या त्रिजटा का नाम देवियों की तरह आदर से लिया जाता है. स्वरूप कोई भी हो, यदि भाव शुद्ध है, तो भक्ति अवश्य स्वीकार होती है. भक्ति के ऐसे अनूठे स्वरूप हमारे मन में भी स्थायी हों. इसी के साथ- जय सियाराम.... **क्रमश:**

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

चुनाव सुधार और न्याय के नारे की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की मजबूत नींव पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है। षड्यंत्रों के अंधड़ देश के लोकतंत्र को हिला नहीं सकते। - **योगी आदित्यनाथ**

न्यूज इन ब्रीफ

निर्यातक से 2.66 करोड़ की ठगी

कानपुर। जाजमऊ निवासी सेफ्टी शूज व घोड़े की जीन निर्यातक मो. अहमद लारी से निवेश पर अधिक लाभांश का लालच देकर 2.66 करोड़ रुपये ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। साइबर ठगों ने रकम को 18 राज्यों के 89 बैंक खातों में ट्रांसफर किया था। मामले में चकेरी निवासी अखिल सिंह चौहान और सफीपुर निवासी सतेंद्र यादव उर्फ टोनी को गिरफ्तार किया गया है।

3.48 लाख की साइबर ठगी

तरनतारन। साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 3.48 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। बैंक कर्मचारी बनकर आरोपी ने कार्ड एक्टिवेशन के नाम पर उससे जानकारी हासिल कर मोबाइल तक अनधिकृत पहुंच बना ली। इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन खरीदारी कर ली।

विमान हादसे में छह की मौत

मैडिसन। अमेरिका के विस्कॉन्सिन में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 13 वर्षीय बच्चे और उसकी मां समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे से पहले पायलट ने तूफान के दौरान विमान के पंखों पर बर्फ जमने की सूचना दी थी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) मामले की जांच कर रहा है।

करंट से दो मासूम बच्चों की मौत

जैसलमेर। पोकरण क्षेत्र के मंगोलाई गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक आपस में मौसेरे भाई-बहन थे और ननिहाल आए हुए थे। शुक्रवार सुबह दोनों घर के बाहर खेल रहे थे, तभी पानी की मोटर के कटे बिजली तार से करंट लग गया।

गांजे की अवैध खेती पकड़ी

सिरोही। रोहिड़ा थाना पुलिस ने वालोरिया गांव की पगारा फली में गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई कर 2,950.84 किलोग्राम वजन के गांजे के हरे पौधे जब्त किए और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मक्का और सौंफ की फसल की आड़ में अलग-अलग खेतों में गांजे की खेती की जा रही थी।

520 किलो पनीर नष्ट करवाया

जयपुर। खाद्य सुरक्षा आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्रीय दल ने राजापार्क स्थित एक डेयरी के दो प्रतिष्ठानों तथा विवेकानंद कॉलोनी स्थित गोदाम का निरीक्षण किया और 520 किलो पनीर मौके पर नष्ट करवाया गया।

प्रियंका भादू को पीएचडी की उपाधि

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर के शारीरिक शिक्षा विभाग की शोधार्थी प्रियंका भादू ने अपनी पीएचडी की डिग्री सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। उन्होंने अपना यह शोध कार्य डॉ. अनुराग बिशु (सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग, टांटिया विश्वविद्यालय) के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न किया है। 'स्कूल के बच्चों में मेटाबोलिक या मोटापा प्रबंधन में योग का महत्व' विषय पर शोध किया है। 16 अक्टूबर 2026 को पीएचडी शोध प्रक्रिया पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों, सहपाठियों और परिजनों ने प्रियंका भादू को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. अनुराग बिशु ने शोधार्थी प्रियंका भादू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बड़ा संकट ● इस वर्ष मानसूनी वर्षा दीर्घकालिक औसत से लगभग 13 प्रतिशत कम दर्ज की गई, जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चिन्ता, उत्पादन पर असर

मौसम की अनिश्चितता और किसानों के सामने खेती को सुरक्षित बनाने की चुनौती

नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 तक दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई पूरे देश से हो चुकी है। इस वर्ष मानसूनी वर्षा दीर्घकालिक औसत से लगभग 13 प्रतिशत कम दर्ज की गई। वहीं, दक्षिण भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून की शुरूआत हो चुकी है, जो तमिलनाडु और आसपास के क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय कृषि का भविष्य अब केवल मानसून की मेहरबानी पर निर्भर नहीं रह सकता। कभी बारिश की भारी कमी से खेत सूख जाते हैं, तो कभी कुछ ही घंटों की मूसलाधार बारिश या ओलावृष्टि खड़ी फसलों को तबाह कर देती है। समस्या केवल पानी की कुल मात्रा की नहीं, बल्कि फसल चक्र के दौरान सही समय पर जल की उपलब्धता और उसके वितरण की है। बुआई के वक्त नमी की कमी, वृद्धि के दौरान लंबा सूखा या कटाई के समय बेमौसम बारिश उत्पादन को सीधे चोट पहुंचाती है।

जलवायु परिवर्तन, गिरता भूजल स्तर और कमजोर जल निकासी व्यवस्था इस संकट को और गंभीर बना रहे हैं।



अब गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलों की बुआई का समय है। कम वर्षा वाले क्षेत्रों में किसानों के सामने मिट्टी की नमी बनाए रखने और अतिरिक्त सिंचाई लागत (डीजल व बिजली खर्च) वहन करने की बड़ी चुनौती है। इसका सबसे बड़ा आघात देश के लगभग 86 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है, जिनके पास सीमित पूंजी होती है। एक मौसम की मार से उनकी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है और वे कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। इसके साथ ही, उत्पादन घटने से खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है।

इस संकट से निपटने के लिए बहुआयामी और दीर्घकालिक रणनीति अपनानी होगी।

सटीक जल प्रबंधन: वर्षा जल संचयन, खेत-तालाब और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा दिया जाए। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई से पानी की बर्बादी रोकी जाए।

फसल विविधीकरण: कम पानी वाली फसलों–जैसे मोटे अनाज (बाजरा, ज्वार), दलहन और तिलहन–को प्रोत्साहित किया जाए और इनके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, बाजार व भंडारण की ठोस व्यवस्था बने।

प्रभावी बीमा व मुआवजा: फसल क्षति का पारदर्शी, तकनीक-आधारित व त्वरित आंकलन हो, ताकि किसान को समय पर राहत मिले।

सटीक मौसम पूर्वानुमान: स्थानीय भाषा में समय पर मौसम चेतावनियां सीधे किसानों के मोबाइल और पंचायतों तक पहुंचें।

मौसम को नियंत्रित करना संभव नहीं है, लेकिन बेहतर प्रबंधन, जलवायु-अनुकूल बीजों और मजबूत नीतियों से किसान को नुकसान से उबारना और खेती को सुरक्षित बनाना पूरी तरह मुमकिन है।

नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विद्यार्थियों को किया संबोधित

पशुपालन अर्थव्यवस्था की रीढ़, युवाओं को शोध और नवाचार से जुड़ने का आह्वान

सीमा सन्देश # बीकानेर

राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पशुपालन देश और प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) के नवम दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि पशुपालन खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ग्रामीण समुदायों को सतत आजीविका उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी करीब 14.51 प्रतिशत है, जो उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है। उन्होंने विद्यार्थियों से पशु चिकित्सा विज्ञान को सेवा, संवेदना और कर्तव्य का संकल्प मानते हुए समाज एवं पशुपालकों के हित में कार्य करने का आह्वान किया।



नए छात्रावास और प्रकाशनों का लोकार्पण

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में 2.55 करोड़ रुपये की लागत से बने कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया। साथ ही राजुवास अवलोकन पुस्तिका, वार्षिक प्रतिवेदन, न्यूजलेटर और वर्चुअल टूर का विमोचन किया। दीक्षांत अतिथि डॉ. नवीन कुमार ने विद्यार्थियों से पशु चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और शोध गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

पशुपालन में शोध और तकनीक के विस्तार पर जोर: राज्यपाल ने कहा कि स्वदेशी गौवंश संरक्षण, नस्ल सुधार, चारा प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के उपयोग से पशुपालन क्षेत्र को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को शोध कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित नहीं रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा से विवेक, नैतिकता और जिम्मेदारी का विकास होना चाहिए।

623 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

दीक्षांत समारोह में कुल 623 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 451 विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान स्नातक, 11 को डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातक, 141 को स्नातकोत्तर और 20 को विद्यावाचस्पति की उपाधि मिली। समारोह में 2 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 36 स्वर्ण पदक, 2 रजत और 2 कांस्य पदक प्रदान किए गए। कुलाधिपति स्वर्ण पदक यदुवीर सिंह और संतोष मीना को प्रदान किया गया। स्नातकोत्तर में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में एकता यादव, पूनम सैनी, गरिमा बागोड़, भारती यादव, चारू रोत, सत्यम प्रकाश, शिवानी पुरोहित, नवीन कुमार, अर्चना फौजदार, साक्षी राठौड़, पूजा सकरवाल, अजय कुमार, यामिनी कल्ला, सक्षम मंडावत, विक्रम जाट, मुस्कान टाक, निर्मला, ममता, मितुल त्रिपाठी, कीर्ति पूर्वा, ईशान आसोपा, तनु शर्मा, शिप्रा, सुमित्रा खिचेर और अर्जुन सिंह भदौरिया शामिल रहे। विद्यावाचस्पति में पल्लबी दास, विपिन चंद्रा, कुसुमलता झाझरिया, रोहिताश कुमार, कविता जैदिया, देवेंद्र सिंह और मोहन लाल शर्मा को स्वर्ण पदक मिला।

साइबर ठगी के पीड़ितों को बड़ी राहत

अब सीधे बैंक खाते में लौटेगी ठगी की रकम

जयपुर। साइबर ठगी के पीड़ितों के लिए राजस्थान पुलिस ने बड़ी राहत दी है। अब कई मामलों में अदालत के चक्कर लगाए बिना ही ठगी की राशि सीधे पीड़ित के बैंक खाते में वापस मिल सकेगी। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आर4सी) ने मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) लागू किया है। एडीजी साइबर क्राइम वी.के. सिंह ने बताया कि एमआरएम के माध्यम से अब तक 8,016 आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए 5.67 करोड़ रुपये की धनवापसी के लिए बैंकों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य धनवापसी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है।

एमआरएम, गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के अंतर्गत विकसित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से साइबर ठगी के मामलों में फ्रीज या होल्ड की गई राशि वापस पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

धनवापसी की तीन श्रेणियां : 50 हजार रुपये तक (एक खाते में): एफआईआर या अदालत के आदेश की आवश्यकता नहीं। पुलिस रिपोर्ट और इंडेम्निटी बॉण्ड के आधार पर राशि लौटाई जाएगी।

कुल राशि 50 हजार रुपये से अधिक, लेकिन किसी एक खाते में 50 हजार से कम: केवल पुलिस रिपोर्ट पर्याप्त होगी।

किसी एक खाते में 50 हजार रुपये से अधिक: एफआईआर दर्ज कराना अनिवार्य होगा, इसके बाद एमआरएम के जरिए प्रक्रिया पूरी होगी।

ऐसे होगी धनवापसी : 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद संदिग्ध खाते की राशि होल्ड कर दी जाती है। पीड़ित एमआरएम पोर्टल पर आवेदन करता है, जिसके बाद पुलिस शिकायत, बैंक ट्रेल और फ्रीज राशि का सत्यापन करती है।

जांच पूरी होने पर पुलिस धनवापसी की अनुशंसा करती है और बैंक राशि सीधे पीड़ित के खाते में स्थानांतरित कर देता है।

सेल्समैन 1.83 करोड़ के सोने के जेवर लेकर गायब

अंबाला में गिरफ्तार होने की जानकारी, ज्वैलरी फर्म के डायरेक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

ज्वैलरी की मार्केटिंग के लिए नौकरी पर रखे गए सेल्समैन पर करीब 1.83 करोड़ रुपए कीमत के 1264.83 ग्राम सोने के जेवरात हड़पने का आरोप लगा है।

जंक्शन निवासी व टाउन स्थित मैसर्स हिसारिया आर्ट पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आदित्य हिसारिया की शिकायत पर टाउन थाना पुलिस ने आरोपी रितेश चंडोक निवासी अंबाला (हरियाणा) के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में आदित्य हिसारिया (47) पुत्र राजकुमार हिसारिया निवासी दुकान नंबर 220, न्यू धानमंडी, जंक्शन ने बताया कि उनकी फर्म मैसर्स हिसारिया आर्ट पैलेस प्राइवेट लिमिटेड, टाउन सोने के जेवरात का निर्माण और थोक बिक्री करती है।

ज्वैलर्स से ऑर्डर लेने के लिए कंपनी सेल्समैन को जेवरात के सैंपल सूची और वजन सहित देती है। ऑर्डर मिलने पर संबंधित ज्वैलर्स को तैयार जेवरात भेजे जाते हैं। इसी काम के लिए रितेश चंडोक पुत्र सुकरण चंडोक निवासी 23 लक्ष्मी विहार, जांडली, अंबाला, हरियाणा को 1 जनवरी 2026 से 20 हजार रुपए मासिक वेतन और टीए-डीए पर पंजाब व हरियाणा में सेल्स का काम करने के लिए नियुक्त किया गया था। शिकायत के अनुसार, रितेश पहले कई बार सैंपल जेवरात लेकर गया और वापस जमा करवाता रहा। इससे कंपनी का उस पर विश्वास बन गया।

आरोप है कि 7 अगस्त 2026 को उसने अलग-अलग स्थानों पर ज्वैलर्स से ऑर्डर लेने जाने की बात कहकर 1264.83 ग्राम सोने के जेवरात लिए। इनकी कीमत करीब 1 करोड़ 83 लाख 13 हजार 107 रुपए बताई गई है। जेवरात प्राप्त करते समय उसने वजन और गिनती के साथ तैयार सूची तथा जीएसटी डिलीवरी चालान पर हस्ताक्षर भी किए। आदित्य हिसारिया के मुताबिक, कई दिन तक रितेश के वापस नहीं लौटने पर उससे फोन पर संपर्क किया गया। उसने जल्द लौटने की बात कही, लेकिन 17 अगस्त के बाद फोन उठाना बंद कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बाद में उसे जानकारी मिली कि रितेश अंबाला और अन्य स्थानों पर भी सोने से संबंधित ठगी के मामलों में शामिल रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बलदेव नगर थाना पुलिस, अंबाला ने उसे सोने की लूट से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है और वह अभिरक्षा में है। टाउन थाना पुलिस ने परिवाद के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक ज्योति को सौंपी गई है।

करंट लगने से युवक की मौत: निगम पर केस दर्ज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

संगरिया क्षेत्र के गांव नाथवाना में कृषि भूमि पर करंट लगने से 18 वर्षीय युवक की मौत के मामले में अदालत के आदेश पर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और सहायक अभियंता (ग्रामीण) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मृतक के पिता कलवंत सिंह निवासी 3 डीएलपी (नाथवाना) द्वारा पेश परिवाद के अनुसार, 11 जुलाई 2026 की शाम उनका इकलौता पुत्र हरमन सिंह खेत में सिंचाई करने गया था। पानी की डिग्गी के पास लगे विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर के ढीले तारों से करंट लगने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि थाने और पुलिस अधीक्षक स्तर पर सुनवाई न होने के बाद उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ी।

अदालत के इस्तगासे पर संगरिया पुलिस ने निगम के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर एएसआई महेंद्र सिंह को जांच सौंपी है।

बिजली तार चोर गैंग पकड़ी

कोटा। ग्रामीण पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाली गैंग का खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1.2 क्विंटल बिजली के तार और एक कार बरामद की है। आरोपी 33 व 11 केवी विद्युत तार चोरी कर कोटा व बारां जिलों में वारदात करते थे। पुलिस के अनुसार गैंग अब तक 100 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है।

पंचायत चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत से उतरेगी, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मिलेगा टिकट : अभिमन्यु

भाजपा सरकार पर लगाए जनविरोधी नीतियों और महंगाई के आरोप





सीमा सन्देश # टिब्बी। पंचायती राज चुनावों की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर शुक्रवार को टिब्बी के अग्रवाल पैलेस में कांग्रेस का पंचायत चुनाव संगठन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, संगरिया विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रवीण जैन, अशोक कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर, टिब्बी नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, टिब्बी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरनेक सिंह और संगरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर गोदारा सहित अनेक पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की रणनीति तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। विधायक अभिमन्यु पूनिया ने भाजपा सरकार को जनहित के मुद्दों पर विफल बताते हुए कहा कि चुनाव महंगाई, पट्टा वितरण, आवासीय अधिकार, मनरेगा तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर लड़े जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि संगरिया-टिब्बी क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में विकास की अनदेखी हुई है और भाजपा ने मनरेगा को कमजोर किया है। विधानसभा प्रभारी प्रवीण जैन ने कहा कि पंचायत चुनावों में पार्टी के निष्ठावान, समर्पित और मजबूत कार्यकताओं को ही टिकट दिया जाएगा। टिकट वितरण में विधायक, ब्लॉक अध्यक्षों और स्थानीय संगठन से विचार-विमर्श के बाद प्रदेश कांग्रेस अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि टिकट के दावेदारों की लंबी कतार कार्यकर्ताओं के उत्साह को दशार्ती है। जैन ने हालिया निकाय चुनावों में टिब्बी व संगरिया में मिली सफलता का उल्लेख करते हुए वर्ष 2028 के विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस की वापसी का विश्वास जताया। कार्यक्रम के दौरान 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' पोस्टर का विमोचन भी किया गया। नेताओं ने संगठनात्मक एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने का संकल्प लिया।

आम चुनाव-2026 ● रिटर्निंग अधिकारियों को समझाईं नामांकन प्रक्रिया की बारीकियां

पंचायतराज चुनाव को लेकर प्रशिक्षण का नया नवाचार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव पहुंचे।

उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। प्रशिक्षण





में पंचायत स्तर के रिटर्निंग अधिकारियों को अभ्यर्थियों से नामांकन पत्र प्राप्त करने, नामांकन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों की पालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के बारे में जानकारी दी गई। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने पीपीटी प्रस्तुतियों और व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से नामांकन, संवीक्षा, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों को समझाया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर चैन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, जगदीश सिंह सुथार, रमेश धानक सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे।

राजस्थान में पहली बार हनुमानगढ़ जिले का नवाचार : पंचायत चुनाव-2026 के दौरान हनुमानगढ़ जिले में कार्मिकों के प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष नवाचार किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त प्रत्येक कार्मिक के लिए प्रशिक्षण वीडियो तैयार किया गया है। ड्यूटी आदेश जारी होने के साथ ही संबंधित कार्मिक को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाता है, जिसके माध्यम से वह प्रशिक्षण वीडियो देख सकता है और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दे सकता है। इस व्यवस्था से कार्मिकों को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण में शामिल होने से पहले ही निर्वाचन प्रक्रिया और अपने दायित्वों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिल जाती है। यह नवाचार राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले में इस बार किया गया है, जिसके तहत ड्यूटी लगने के साथ ही कार्मिकों तक प्रशिक्षण सामग्री पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सरदारशहर में 875 ग्राम अवैध अफीम जब्त

तस्कर गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ

सीमा सन्देश # सरदारशहर (चूरू)। सरदारशहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 875 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की कीमत करीब 4.50 लाख रुपये आंकी गई है।

थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान इमरान (32) पुत्र लियाकत खान, निवासी जस्सासर, जिला चूरू के रूप में हुई।



तलाशी के दौरान उसके बैग से 875 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और तस्करी के इस नेटवर्क, सप्लायरों तथा अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में गहन पूछताछ शुरू कर दी है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528